लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्ष: 15 | अंक: 39 | मूल्य: ₹ 3.00/- | पेज : 12 | सोमवार | 20 नवंबर, 2023






छठ महापर्व की शुभकामनाएं

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के तारानगर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया

# भाजपा की सरकार बनने पर बढ़ेगा विकास का स्कोर, राज्य को मिलेगी जीत: पीएम मोदी

## रिश्वत लेकर मैच फिक्स किया, राजस्थान में जादूगर ने ईश्वर का नाम लेना मुश्किल किया

- कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को रन आउट करते रहे: मोदी
- लाल डायरी का पन्ना खुलता है, गहलोत जी का फ्यूज उड़ जाता है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चूरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ल्ड कप फाइनल वाले दिन चुनावी सभा में क्रिकेट मूड में दिखे। उन्होंने राजस्थान में चूरू के तारानगर और झुंझुनूं में कहा कि कांग्रेस वाले एक-दूसरे को रनआउट करने में लगे हैं। जो बचे हैं, वे महिलाओं और अन्य मुद्दों पर गलत बयान देकर हिट विकेट हुए जा रहे हैं। बाकी जो हैं, वे पैसे लेकर, रिश्वत लेकर मैच फिक्सिंग कर लेते हैं। पीएम ने कहा कि जब इनकी टीम ही इतनी खराब है, तो ये क्या रन बनाएंगे और आपका क्या काम करेंगे। हमें हर पोलिंग बूथ पर पांच से सात सेंचुरी लगानी हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राज में इस भूमि पर ईश्वर का नाम लेना भी मुश्किल हो गया है। एक तरफ भाजपा है, जो करतारपुर साहब कॉरिडोर बनवाती है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस अपने राज में यहां शोभा यात्रा तक निकलने नहीं देती है। वह देवी-देवताओं की शोभा यात्रा पर रोक लगाती है, लेकिन आतंकी संगठन पीएफआई की रैली को बढ़ावा देती है। राजस्थान में जादूगर की सरकार है तो वह छूमंतर करता रहता है। मोदी ने सड़क हादसे में मृत 6 पुलिसकर्मियों को भी श्रद्धांजलि दी, ये पुलिसकर्मी झुंझुनूं में मोदी की सभा में ड्यूटी के लिए जा रहे थे।



### क्या उपराष्ट्रपति अपने रिश्तेदारों से मिलने नहीं आ सकते?

शेखावाटी के लोग उद्यमी हैं। कांग्रेस को इनसे भी चिढ़ है। हमने झुंझुनूं के लाल जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति बनाया। कांग्रेस को यह भी नहीं सुहाया। गहलोत जी को उनके राजस्थान आने से भी चिढ़ होती है। क्या कोई अपने घर-रिश्तेदारों से मिलने नहीं आएगा? शेखावाटी में जन्मे लोगों ने कितने ही उद्योगों की स्थापना की है। शेखावाटी के लोगों में परोपकार का स्वभाव है। इसी परंपरा को भारत आगे बढ़ा रहा है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार फैलाया है। भाजपा सरकार आएगी तो सभी भ्रष्टाचारियों को आउट कर देंगे और बीजेपी विकास का स्कोर तेजी से बनाएगी। जीत राजस्थान की होगी, जीत किसान, महिलाओं, युवाओं के भविष्य की होगी। आज भारत हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। चंद्रयान चांद पर पहुंचा। कोरोना का देसी टीका बनाया। कांग्रेस और विकास एक-दूसरे के दुश्मन हैं, इसलिए विकास चाहिए तो कांग्रेस को जितना दूर रखें, उतना अच्छा है। राजस्थान भी इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा। लाल डायरी के पन्ने धीरे-धीरे, आहिस्ता-आहिस्ता खुल रहे हैं। इधर पन्ने खुलते हैं, उधर गहलोत जी का फ्यूज उड़ जाता है। गहलोत जी की जादूगरी लाल डायरी में दिखने लगी है।

### पूरी दिल्ली एक मंत्री से डरती है

कांग्रेस की मानसिकता देखिए, एक मंत्री बेटियों पर अत्याचार को यह कहकर सरेआम जायज ठहराता है कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। यह माता-बहनों और राजस्थान के पुरुषों का अपमान है। कांग्रेस के मंत्री बेशर्मी के साथ यह बात करते हैं। मर्द कभी यह पाप नहीं करते, वे बेटियों के चरित्र की रक्षा के लिए अपना सर कटवा देते हैं। मर्दों का अपमान करने वाली, माताओं का अपमान करने वाली कांग्रेस सरकार को जाना चाहिए। कायदे से तो मंत्री को उसी दिन मंत्रिमंडल से बाहर कर देना चाहिए था, लेकिन उसका मंत्री पद भी सुरक्षित रहा और बेशर्मी के साथ चुनाव का टिकट दे दिया गया। इसका मतलब है दिल्ली वालों की कुछ ऐसी खबर उसके पास है कि पूरी दिल्ली उससे डरती है और वह अपने इशारों पर नचाता रहता है। वह टिकट भी लेकर आ गया और चुनाव लड़ रहा है।

### कांग्रेस के पेपर लीक माफियाओं ने युवाओं का भविष्य बेचा

कांग्रेस के पेपर लीक माफियाओं ने युवाओं का भविष्य बेच दिया। बाजार में भविष्य बेचने वाली कांग्रेस को सजा जरूर दीजिए। कांग्रेस ने किसानों तक को नहीं छोड़ा। रूस-युक्रेन युद्ध के कारण खाद की कीमत कई गुना बढ़ गई, लेकिन भारत के किसानों को हमने खाद की कमी नहीं आने दी। पूरी दुनिया में यूरिया की एक बोरी 3 हजार रुपए में बिकती है, वही यूरिया हम हिंदुस्तान में किसानों को 300 रुपए से भी कम कीमत में दे रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने इसमें भी आपको लूट लिया। यहां फर्टिलाइजर में घोटाला किया और किसान यूरिया के दाने-दाने को तरसते रहे। भाजपा ने किसान सम्मान निधि को डबल करने का संकल्प लिया है। 3 दिसंबर को सरकार बनते ही किसानों के खाते में हर साल 12 हजार रुपए जमा होंगे। यहां कोचिंग सेंटर पर छापा पड़ता है तो उसके तार कहां जुड़ते हैं? जादूगर के करीबी मंत्री के रिश्तेदार अफसर बन गए, लेकिन आपके बच्चे छन-छनकर बाहर हो गए। ये कैसा जादू है? आप लोग आश्वस्त रहिए, भाजपा सरकार बनते ही हर पेपर लीक और हर जादू की जांच होकर रहेगी।

### पेट्रोल-डीजल के रेट की समीक्षा करेंगे

हरियाणा में 97 रुपए लीटर और चूरू में 109 रुपए लीटर पेट्रोल के दाम हैं। केंद्र की सरकार ने पूरे देश में कीमतें कम करने की कोशिश की है, लेकिन राजस्थान में कांग्रेस 12 रुपए लीटर ज्यादा वसूल रही है। यह पैसा किस नेता की तिजोरी में जा रहा है। भाजपा सरकार आएगी तो पेट्रोल-डीजल के रेट की समीक्षा करेंगे।

### वीरों की भूमि को कांग्रेस ने छला

इस भूमि के कण-कण में भक्ति का रस है तो शक्ति का सामंजस्य भी है। यहां की मिट्टी में साहस के बीज हैं तो शौर्य यहां के पानी की तासीर है। इस भूमि को कांग्रेस ने नजर लगा दी। इस भूमि की संतान देश को सुरक्षित रखने में बहुत बड़ी भूमिका निभाती है। ऐसे वीरों को कांग्रेस ने छलने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# 'इंडिया' से अलग हो रही समाजवादी पार्टी की डगर

## लोकसभा चुनाव से 6 महीने पहले ही एकजुट होने के बजाय बिखरता हुआ दिखाई दे रहा गठबंधन

- 'इंडिया' गठबंधन द्वारा बहिष्कार किए गए 14 न्यूज एंकर को अब समाजवादी पार्टी ने मानने से इनकार करते हुए सभी न्यूज़ चैनलों पर सभी न्यूज़ एंकर के साथ अपने प्रवक्ताओं को भेजने का फैसला लिया है
- आशंका जताई जा रही है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सपा और कांग्रेस के बीच अनबन अब 'इंडिया' गठबंधन में तकरार की वजह बन रही है



जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए विपक्ष का बनाया हुआ 'इंडिया' गठबंधन लोकसभा चुनाव से 6 महीने पहले ही एकजुट होने के बजाय बिखरता हुआ दिखाई दे रहा है। 'इंडिया' गठबंधन द्वारा पिछले दिनों लिए गए निर्णय को अब समाजवादी पार्टी ने नहीं मानने का फैसला किया है। 'इंडिया' गठबंधन द्वारा बहिष्कार किए गए 14 न्यूज एंकर को अब समाजवादी पार्टी ने मानने से इनकार करते हुए सभी न्यूज़ चैनलों पर सभी न्यूज़ एंकर के साथ अपने प्रवक्ताओं को भेजने का फैसला लिया है। जिससे समाजवादी पार्टी का पक्ष हर वक्त न्यूज़ चैनलों पर आ सके। जिसे लेकर आशंका जताई जा रही है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सपा और कांग्रेस के बीच अनबन अब 'इंडिया' गठबंधन में तकरार की वजह बन रही है।

### समन्वय समिति की एक बैठक में लिया था फैसला

पिछले दिनों विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन के संबंध में बनी समन्वय समिति ने 14 टीवी न्यूज़ एंकरों के बहिष्कार का निर्णय लिया था। समन्वय समिति की एक बैठक में 13 सितंबर को यह फैसला लिया गया था। इस निर्णय के बाद अखिलेश यादव ने कहा उन खबर नवीसों से रहना खबरदार, जो बन बैठे हैं हुक्मरानों के वफादार। इसके बाद और इंडिया गठबंधन के समन्वय समिति की बैठक के निर्णय से साफ हो गया था कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के फैसले का स्वागत करती है और जिन न्यूज एंकरों के कार्यक्रम में नहीं जाने की बात समन्वय समिति ने तय की थी उसको समाजवादी पार्टी भी मानेगी।

### क्यों अलग किया रास्ता

समाजवादी पार्टी ने अपना पुराना निर्णय और इंडिया गठबंधन का निर्णय अब पलट दिया है। अब समाजवादी पार्टी सभी न्यूज़ चैनलों पर सभी न्यूज़ एंकरों के साथ अपना पक्ष रखने के लिए जाएगी। समाजवादी पार्टी ने अपना निर्णय पलटते हुए कहा कि उनका किसी भी चैनल के किसी भी एंकर से कोई विवाद नहीं है और हम सभी जगह अपना पक्ष मजबूती से रखेंगे। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश में सीट शेयरिंग पर सहमति न बन पाने के बाद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने 50 से अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए इसके बाद से अलग-अलग मंचों पर वाद विवाद भी हुआ। इसी को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने अपना रास्ता अलग कर लिया है।

# रिटायर्ड आईएएस ने राम मंदिर को दान की अपनी पूरी जिंदगी की कमाई, रामलला को सौंपा पांच करोड़

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा...। भगवान विष्णु की आरती की इन्हीं पंक्तियों से प्रेरित होकर केंद्र सरकार में गृह सचिव रहे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एस. लक्ष्मी नारायणन जीवनभर की कमाई प्रभु राम के चरणों में अर्पित करने जा रहे हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वह मूर्ति के सामने पांच करोड़ से तैयार 151 किलो की रामचरित मानस स्थापित करवाएंगे। 10,902 पदों वाले इस महाकाव्य का प्रत्येक पन्ना तांबे का होगा। पन्ने को 24 कैरेट सोने में डुबोया जाएगा। फिर स्वर्ण जड़ित अक्षर लिखे जाएंगे। इसमें 140 किलो तांबा और पांच से सात किलो सोना लगेगा।

सजावट के लिए अन्य धातुओं का इस्तेमाल होगा। इस पुस्तक के लिए नारायणन ने अपनी सभी संपत्तियों को बेचने व बैंक खातों को खाली करने का फैसला किया है। मानस को रामलला के चरणों के पास रखा जाएगा। बीते दिनों पत्नी के साथ अयोध्या आए नारायणन ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से इसकी अनुमति हासिल की।

### ईश्वर ने जो दिया उसे वापस कर रहा हूं

ईश्वर ने मुझे जीवनपर्यंत बहुत कुछ दिया। प्रमुख पदों पर रहा। मेरा जीवन अच्छा चला। रिटायरमेंट के बाद भी खूब पैसा मिल रहा है। दाल-रोटी खाने वाला इन्सान हूं। पेंशन ही खर्च नहीं होती। ईश्वर का दिया हुआ उन्हें वापस कर रहा हूं। दान के नाम पर धन की लूट-खसोट से बेहतर है कि प्रभु के चरणों में उनकी पुस्तक अर्पित कर दूं।

–एस. लक्ष्मी नारायणन
पूर्व केंद्रीय गृह सचिव

### सेंगोल बनाने वाली कंपनी ही बनाएगी स्वर्ण जड़ित रामचरित मानस

सेवानिवृत्त केंद्रीय गृह सचिव एस. लक्ष्मीनारायणन ने रामचरित मानस पुस्तक की जिस तरह की परिकल्पना की है, उसे देश की जानी मानी कंपनी वुम्मिदी बंगारू ज्वैलर्स तैयार करेगी। इसी ज्वैलरी कंपनी ने नए संसद भवन में स्थापित सेंगोल (राजदंड) को तैयार किया है। कंपनी ने स्वर्ण जड़ित रामचरित मानस का डिजाइन तैयार कर कर दिया है। इसे बनाने में तीन महीने लगेंगे।

### मां की मन्नत से मिला लक्ष्मीनारायण नाम

एस. लक्ष्मीनारायणन ने बताया कि मां लक्ष्मी की मन्नत की वजह से ही उनका यह नाम पड़ा है। गर्भवती होने के समय मां ने दिल्ली के बिरला मंदिर यानी लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रार्थना की थी कि बेटा हुआ तो लक्ष्मीनारायण नाम रखेंगी। उनकी मन्नत पूरी हुई तो मेरा नाम लक्ष्मीनारायणन रख दिया। उनके घर के सभी सदस्यों की ईश्वर में अगाध आस्था है। संयोग से पत्नी भी सरस्वती सरीखी मिलीं।

# पत्नी और साले ने की इंस्पेक्टर की हत्या

## कई महिलाओं से अफेयर की वजह से परेशान रहती थी बहन, इसलिए मारी गोली

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के कृष्णानगर इलाके में हुई इंस्पेक्टर सतीश कुमार की हत्या उनकी पत्नी और साले ने की थी। पुलिस ने इंस्पेक्टर की पत्नी भावना सिंह और साले देवेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने कहा कि इंस्पेक्टर सतीश सिंह के कई महिलाओं से संबंध थे। इसके चलते पत्नी भावना सिंह से उनका लगातार झगड़ा होता था। बहन को परेशान देखकर भाई देवेंद्र वर्मा ने इंस्पेक्टर की हत्या की साजिश रची। इस साजिश में इंस्पेक्टर की पत्नी भावना भी शामिल थी। मामले में पुलिस ने पिस्टल भी बरामद की है। कृष्णानगर की मानस नगर कालोनी में सतीश कुमार सिंह की दीपावली की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह पत्नी और बेटी के साथ रात में कार से राजाजीपुरम से लौटे थे। उनके गाड़ी से उतरते ही हमलावर ने उन पर गोलियां दाग दी थीं। पुलिस पत्नी की बताई बातों पर जांच कर रही थी। इसी बीच पुलिस को घर के पीछे रहने वाले उनके भाई अजीत के घर में लगे सीसीटीबी की रिकॉर्डिंग मिली।

### लोकेशन ट्रैक करने के लिए गाड़ी में लगाया जीपीएस

वारदात वाली रात आरोपी ने इंस्पेक्टर सतीश की लोकेशन को ट्रैक करने के लिए इंस्पेक्टर की क्रेटा कार में जीपीएस ट्रैकर लगा दिया था। आरोपियों ने जीपीएस ट्रैकर लगाकर अपने ही मोबाइल से कनेक्ट किया था। घटना वाली रात इंस्पेक्टर को परिवार के अन्य लोगों से अलग कर अकेले लाने का प्लान भावना सिंह ने ही रचा था।

### बेटी और पत्नी के सामने घर पर लड़की लाता था इंस्पेक्टर

पूछताछ में इंस्पेक्टर सतीश की पत्नी ने बताया कि मेरे और बेटी के सामने ही पति घर में लड़कियां लेकर आता था। जिसको लेकर विवाद होता था। जिससे तंग आकर इंस्पेक्टर की पत्नी और साले ने 4 महीने पहले ही हत्या की साजिश रची थी। आरोपी देवेंद्र वर्मा ने बीटेक किया है और वह बैंक में नौकरी करता था।

### पुलिस को गुमराह करने के लिए पहनी थी हुडी

आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने के लिए साइकिल खरीदी और हुडी पहनकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। फिर रास्ते में साइकिल और कपड़े फेंक दिए थे। सर्विलांस से बचने के लिए आरोपी ने अपना मोबाइल घर पर छोड़ दिया। साथ ही घर पर मौजूद भांजे से मोबाइल पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऑर्डर करवा रहा था। जिससे कि लोकेशन घटनास्थल पर ना मिले। पुलिस ने 10 किलोमीटर के दायरे में 400 सीसीटीवी खंगाले तब जाकर आरोपी को ट्रैक किया गया।

## पुरानी पेंशन बहाली पूर्व की भांति ही स्वीकार: वीपी मिश्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने बताया कि पीएमओ से रात्रि में उनके पास फोन आया कि पीएम जानना चाहते हैं कि ओपीएस बहाली के लिए भारत सरकार द्वारा गठित समिति से संतुष्ट हैं या नहीं। मैंने कहा कि समिति के गठन से संतुष्ट हैं और पुरानी पेंशन बहाली की संस्तुति करने पर देश के करोड़ों कर्मचारी परिवार उनका आभार व्यक्त करेंगे परंतु पूरी संतुष्टि तब होगी जब भारत सरकार बहाली का निर्णय घोषित करेगी। उन्होंने संदेश दिया कि लोकसभा चुनाव से पूर्व बहाली करेंगे अन्यथा लोकसभा चुनाव में एनडीए सरकार को भारी छति उठानी पड़ेगी। राज्यों के चुनाव में ही हमें दिखाई पड़ रहा है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# टेढ़ी पुलिया चौराहा अब खालसा चौक सीएम योगी बोले, देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है सिख गुरुओं का बलिदान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने आलमबाग के टेढ़ी पुलिया स्थित चौराहे का नाम खालसा चौक का लोकार्पण किया। यह चौराहा पहले टेढ़ी पुलिया के नाम से जाना जाता था, अब वहां पर खालसा चौक का चिन्ह स्थापित किया गया है। इस दौरान सीएम योगी ने लोगों को बधाई देते हुए इशारों-इशारों में सपा सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि उनसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय में अन्य तरह के आयोजन होते थे। वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व का भव्य आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिन्द सिंह जी के ज्योति ज्योत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### सीएम योगी ने किया कटाक्ष

सीएम योगी ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह महाराज ने विदेशी आक्रांताओं से भारत के धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए 1699 में खालसा पंथ की




स्थापना की थी। इस पंथ ने मातृभूमि की रक्षा में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान हम सबको देश और धर्म की रक्षा की प्रेरणा प्रदान करता है। सीएम योगी ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास हमें भारत की गौरवशाली विजयगाथा का स्मरण कराता है। सीएम योगी ने कहा सिख समाज के त्याग, बलिदान परंपरा, धर्म के प्रति समर्पण और समाज के प्रति सेवाभाव को नमन किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हम लोगों को अनेक कार्यक्रमों में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त होगा। 24 नवंबर को ही गुरु तेग बहादुर जी का पावन शहीदी दिवस, 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व और 26 दिसंबर बीरबाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने इतिहास पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। लोकार्पण कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खरकवाल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया समेत स्थानीय नेता और सिख नेताओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आलमबाग के टेढ़ी पुलिया का नामकरण खालसा चौक पर सीएम योगी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ द्वीप प्रज्वलित कर किया। महापौर ने बताया कि आलमबाग रोड से कैंट की ओर जाने वाला चौराहा, जिसे पहले आम बोलचाल की भाषा मे टेढ़ी पुलिया कहा जाता था, उसे सिख समाज की मांग पर खालसा चौक कर दिया गाय है। महापौर ने आगे बताया कि गुरुपर्व के पावन मौके पर आलमबाग गुरुद्वारे के पास ऐतिहासिक साहिबजादे पार्क का शिलान्यास किया जाएगा।

## भगवान भरोसे यूपी का स्वास्थ्य विभाग, दम तोड़ रहे मरीज, सरकार चुनाव में व्यस्त: अखिलेश यादव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि डेंगू बुखार और अन्य बीमारियों से हर रोज लोग मर रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार इससे एकदम बेपरवाह है। अस्पतालों में न डॉक्टर हैं और न ही दवाएं हैं। यूपी सरकार बाहर चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। स्वास्थ्य विभाग भगवान भरोसे चल रहा है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि मैनपुरी के बिछ्वां में नौ माह की गर्भवती को इलाज नहीं मिला। जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। राजधानी लखनऊ में पूर्व सांसद के बेटे तक को इलाज नहीं मिला। अव्यवस्था के चलते मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

# पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव की तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा

जन एक्सप्रेस | बांदा




स्वामी अवधूत महाराज के सानिध्य में पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाले तीन दिवसीय विशाल भंडारा, मेला-प्रदर्शनी की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। शनिवार को देर शाम मेला प्रभारी एसडीएम बबेरू ने मौके में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और सभी संबंधित विभागों को समय से अपना कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव की तैयारियों को लेकर 20 नवंबर, सोमवार को लखनऊ में होने वाली शासन स्तर की बैठक के पहले शनिवार को मेरा प्रभारी एसडीएम बबेरू मौनी बाबा धाम पहुंचे और भंडारा स्थल, मेला मैदान, श्रमदानी निवास स्थल तथा पर्यटन परिसर आदि सभी जगह घूमकर मौके में तैयारियों का जायजा लिया।

मौके में उपस्थित बीडीओ बबेरू सहित विद्युत विभाग तथा जल संस्थान के उपस्थित कर्मचारियों को समय से अपना काम पूरा करने के निर्देश देते हुए बिजली, पानी तथा सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मेला मैदान का समतलीकरण का कार्य भी देखा जहां मेला मार्ग को चैड़ा करने के निर्देश दिए। मेला में समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था पर संबंधित विभागों से चर्चा की।

गौरतलब है कि पौराणिक मौनी बाबा महोत्सव अंतर्गत 15, 16, 17 दिसंबर को मौनी बाबा धाम में प्रतिवर्ष तीन दिवसीय विशाल भंडारा तथा पांच दिवसीय राष्ट्रीय मेला प्रदर्शनी आयोजित होती है। जहां देश विदेश से श्रद्धालु तथा विख्यात हस्तियों सहित तमाम राजनेता यहां आकर माथा टेकते हैं तथा प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव, विद्युत विभाग के जेई, लेखपाल, चैकी प्रभारी पांडेय, जल संस्थान से धनंजय श्रीवास्तव तथा आश्रम के सेवक उपस्थित रहे।

# स्वच्छता एक आदत अच्छी, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने रविवार को परिक्रमा मार्ग के हनुमान मन्दिर में सफाई अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका राकेश केशरवानी ने बताया कि प्रत्येक अमावस्या के पर्व पर लाखों की भीड़ कामतानाथ पर्वत में आती है। कामतानाथ परिक्रमा करने वालों से अपील है कि पर्वत की तरफ कचरा न फेंके। लगातार कामदगिरि स्वच्छता समिति का यही प्रयास है कि कामतानाथ का पर्वत साफ और स्वच्छ हो। इसके लिए आम जनता से अपील है कि स्वच्छता में हमारा सहयोग करें। खाद एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि साफ सफाई को अपने जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने बताया कि परिक्रमा करने के दौरान प्लास्टिक से बनी हुई चीजों का प्रयोग न करें। पर्वत को साफ और स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। इस मौके पर सभासद शुभम केशरवानी, जितेंद्र केशरवानी, अंकुर केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, राजेश शिवहरे, मनोज कुमार, विनोद कुमार, जानकी कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# राम की कथा को तूलिका के माध्यम से कला साधकों ने दिया अद्भुत रंग

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



भारत सरकार की नेशनल प्रजेंस स्कीम के तहत अयोध्या शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय रामायण उत्सव का समापन हुआ। रामायण उत्सव में अनेकों शैक्षिक कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां वनवासी राम के विषय को ध्यान में रखकर प्रस्तुत की गई। रामायण उत्सव में दिव्यांग विश्वविद्यालय के विशिष्ट कला साधकों द्वारा चित्रकूट के प्रतिष्ठित कला साधकों के साथ मिलकर एक चित्रकार शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। चित्रकार शिविर भी वनवासी राम के विषय पर ही आयोजित रहा। कला साधकों ने अपनी तूलिका से भगवान राम की वनवास से सम्बन्धित चित्रों को जीवंत निर्मित करते हुए राम कथा की एक सीरीज के रूप में चित्रों का निर्माण किया। अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी ने कहा कि इन कलाकारों के चित्रों को संस्कृति विभाग के प्रदर्शनी में प्रदर्शित करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति ने भी कलाकारों की सराहना की।

प्रथम दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक संगीत मय प्रस्तुतियां हुई, जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के संगीत संकाय से डॉ राम शंकर ने संगीत रामायण में लिखित शास्त्रीय बंदिशों से वनवासी राम के प्रसंग को क्रमबद्ध सुनाते हुए श्रृंगवेरपुर से चित्रकूट तक की यात्रा को अपनी बंदिशों के माध्यम से व्यक्त किया और फिर संगीत रामायण में लिखित पंडित रामरंग द्वारा लिखित आरती के माध्यम से कार्यक्रम को विश्राम किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के रूप में दिव्यांग विश्वविद्यालय के डॉ विशेष नारायण मिश्र ने श्री रामचरितमानस से भुसुंडी रामायण का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के डॉ राजा पांडेय तथा चित्रकूट के नवोदित कलाकारा अमृता मिश्रा एवं नम्रता मिश्रा ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। द्वितीय दिवस राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। जिसमें सभी विद्वानों ने वनवासी राम के महत्व को बताया। संगोष्ठी के समापन पर कुलपित प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने विद्वान वक्ताओं को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कार्यक्रम के समापन पर पूरे विश्वविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी। अयोध्या शोध संस्थान के डॉ लवकुश द्विवेदी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन जनकपुर नेपाल से डॉ अरुण कुमार झा ने भगवान श्री राम के आदर्श को पारिवारिक आचरण के रूप में प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक व्यक्ति को ग्रहण करने पर बल दिया ताकि आने वाली संताने भी श्री राम के प्रतिरूप बन सकें। डॉ दीपक कुमार मिश्र ने श्री राम भक्त हनुमान के चरित्र को अपने साहित्य एवं स्वरचित कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। डॉ प्रमिला मिश्रा ने बाल्मिक रामायण में माता सीता के चरित्र को प्रस्तुत किया। डॉ निहार रंजन मिश्र ने श्री राम के चरित्र को आस्था के आधार पर प्रस्तुत किया। डॉ गरिमा मिश्रा ने बाल्मिक रामायण में वर्णित श्री राम के चरित्र के आधार पर राष्ट्रीय समरसत्ता में श्री राम के योगदान को प्रकट किया। डॉ शशिकांत त्रिपाठी ने श्री राम तत्व की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने श्री राम के विभिन्न चरित्र को विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया। डॉ सुनीता श्रीवास्तव ने सामाजिक समरसता में राम के नागरिक व्यक्तित्व को विश्लेषित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने इस दो दिवसीय आयोजन की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए इस प्रकार अन्य आयोजनों को भी भविष्य में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित करने के लिए अपनी सहमति दी। उन्होंने जिला प्रशासन तथा उत्तर प्रदेश सरकार का भी आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी का संचालन डॉ नीतू तिवारी ने किया।

इस मौके पर संगोष्ठी की संयोजक डॉ रीना पांडेय, अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी, डॉ गोपाल कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ प्रमिला मिश्रा, चित्रकला प्रदर्शनी के संयोजक डॉ गुलाबधर, डॉ संध्या पांडेय, डॉ राजेश कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने तीन आरोपियों को 80 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। सरधुवा थाना के उप निरीक्षक राजेश, उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा तथा मुख्य आरक्षी अरविन्द सोनी द्वारा शिवमोहन पुत्र बदलुवा नवासी चिल्लीमल को 44 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार मारकुण्डी थाना प्रभारी प्रभाशंकर सचान तथा आरक्षी शिवम द्विवेदी द्वारा दिनेश यादव पुत्र छत्रपाल यादव निवासी कुरमानतला थाना मझगवां जिला सतना मध्य प्रदेश को 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने बताया कि उप निरीक्षक इमरान खान तथा आरक्षी शिवम मिश्रा, भास्कर शुक्ला द्वारा रमापति पुत्र स्व लक्ष्मी प्रसाद निवासी पतौड़ा को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने किया सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



युवा एवं बाल विकास समिति के अन्तर्गत भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का रविवार को आयोजन किया। प्रतियोगिता जनपद में राजकीय अभिनव इण्टर कॉलिज सरधुवा, गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलिज कर्वी, पालेश्वर नाथ इण्टर कॉलिज पहाड़ी, उच्च प्राथमिक विद्यालय पंडरी व उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप में हुई। केन्द्र व्यवस्थापक अजय कुमार त्यागी सरधुवा में, रामबाबू वर्मा कर्वी, आलोक कुमार बौद्ध पहाड़ी में, सन्तोष कुमार सिंह पटेल पंडरी, मुन्नी लाल शाक्य भरतकूप में सम्पन्न कराया। जनपद में जूनियर वर्ग में 275 तथा सीनियर वर्ग में 149 कुल 424 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता परीक्षा में फार्म भरे थे। जिसमें में 376 छात्र परीक्षा में शामिल हुए तथा 48 छात्र अनुपस्थित रहे।? प्रतियोगिता में इंजीनियर गिरीश माहौर, पर्यवेक्षक ज्ञानचंद बौद्ध अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा शाखा चित्रकूट, कक्ष निरीक्षक बालगोबिन्द, रुबी गौतम, रामकरण, जाहर सिंह, विनोद कुमार, कपिल गौतम, कुट्टू राम, दयाशंकर, संजय कुमार, इं रविन्द्र कुमार सिंह, आनन्द कुमार, आलोक कुमार वर्मा, रामलखन, बाबूराम सिंह आदि का परीक्षा सम्पन्न कराने में विशेष सहयोग रहा। प्रदेश में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान 10000 रूपए, द्वितीय स्थान 9000 रूपए एवं तृतीय स्थान 8000 रूपए पाने वाले छात्रों को तथा 10 छात्रों को 1500 रुपए नगद धनराशि प्रदान की गयी। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के छात्रों को प्रथम को 9000, द्वितीय को 8000 तथा तृतीय स्थान पाने वाले को 7000 रुपए तथा 10 छात्रों को 1000-1000 रुपये नगद राशि प्रदान की गयी।

# चोरी की साइकिल के साथ चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अजीत कुमार पाण्डे ने बताया कि चैकी सीतापुर पुलिस ने चोरी की साइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि बीती 17 नवम्बर को तीरथ कुमार वर्मा पुत्र भैंरों प्रसाद वर्मा निवासी तरौंहा ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि रामगोपाल यादव पुत्र रामभवन यादव निवासी यादव का पुरवा सीतापुर ने उनकी साइकिल चोरी कर ली है। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली कर्वी में रामगोपाल यादव के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने चैकी सीतापुर में नियुक्त उप निरीक्षक मुन्नीलाल को मामले की विवेचना के लिए निर्देशित किया। उप निरीक्षक मुन्नीलाल तथा आरक्षी अतुल पहरिया द्वारा रामगोपाल यादव को चोरी की साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की साइकिल बरामदगी के आधार पर मुकदमे में बढ़ोत्तरी की गयी।

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की अपराध नियंत्रण संगोष्ठी

जन एक्सप्रेस | बांदा



अपराध निरोधक संगोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि अपराध नियंत्रण कैसे हो इसके लिए सामाजिक संस्थाओ व अपराध निरोधक कमेटियों का सहयोग जरूरी है। शहर के पुलिस लाइन सभागार में अपराध निरोधक कमेटी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने की। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि कमेटी के सदस्य व पदाधिकारी ग्राम सुरक्षा समितियों के पुनर्गठन कराएं अपराध नियंत्रण में हर थाने में पुलिस का सहयोग मिलेगा। जेल से मुक्त होकर बंदी पुनः अपराध की दिशा में सक्रिय हो जाते हैं। इन पर निगरानी रखी जानी जरूरी है। कार्यक्रम में विद्यासागर द्विवेदी समेत एक दर्जन सदस्यों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कमेटी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए गए। सभी सदस्यों का पुलिस अधीक्षक को परिचय कराया गया। बैठक में पूर्व डीआईजी बीएसएफ एके त्रिपाठी, राजकिशोर शुक्ला, मंत्री वीपी पांडेय, जेपी तिवारी, राकेश कुमार दीक्षित आदि मौजूद रहे। संचालन विद्यासागर द्विवेदी ने किया।

# युवती ने फांसी लगा की खुदकुशी

जन एक्सप्रेस | बांदा

इलाज के रूपए न होने से मानसिक रूप से परेशान युवती ने कमरे के अंदर दुपट्टा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के कांजीपुर गांव निवासी मैना देवी (18) पुत्री बच्चा निषाद ने शनिवार की शाम कमरे के अंदर बास की बल्ली में दुपटटा से फांसी लगाकर खुकदुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे ममेरे भाई गोरेलाल ने शव फंदे पर लटकता देखा तो खेत में काम कर रहे माता पिता को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिजन घर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतका के पिता ने बताया कि वह मजदूरी करता है। मैना का मानसिक संतुलन ठीक नही था। इलाज के लिए रूपए नही थे। आठ बीघा जमीन थी। वह भी बंधक है। घटना के समय वह अपनी पत्नी के साथ खेत में काम करने चला गया।

# गैर जनपद के कलाकारों के माध्यम से हुआ रामलीला मंचन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



सुल्तानपुर घोष में चल रही सनातन रामलीला में तीसरे दिन धनुष भंग एवं लक्ष्मण-परशुराम संवाद का आयोजन हुआ है तथा रविवार को राम बारात की यात्रा निकाली गई एवं आज राम वनवास एवं केवट संवाद की लीला का आयोजन होगा। रामलीला का मंचन गैर जनपद के विद्वान कलाकारो के माध्यम से किया गया।

बताते चलें कि श्री सनातन रामलीला कमेटी सुल्तानपुर घोष में शनिवार की रात्रि को मंचन के तीसरे दिन भगवान श्री राम तथा भाई लक्ष्मण द्वारा संध्या वंदन का कार्यक्रम किया गया। जिसके पश्चात धनुष यज्ञ तथा लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन किया गया। विद्वान कालाकारो के माध्यम से लक्ष्मण-परशुराम संवाद दर्शको को रोमांचित कर दिया। मुख्य रूप से मंचन मे अभिनय करने वालो मे राम का अभिनय रजनीश तिवारी बांदा, लक्ष्मण का अभिनय अभिषेक तिवारी कानपुर नगर, परशुराम का अभिनय प्रदीप पाण्डेय कानपुर, रावण का अभिनय रीशू सिंह, बाणासुर का अभिनय गणेश तिवारी, जनक का अभिनय सत्य प्रकाश अवस्थी, विश्वामित्र का अभिनय अरुण सिंह एवं कॉमिक कलाकार पेटू राजा का अभिनय सुरेश पाण्डेय ने किया। धनुष यज्ञ कमेटी के संरक्षक श्यामू तिवारी, अध्यक्ष अरुण तिवारी एवं कोषाध्यक्ष दुर्गेश द्विवेदी ने सभी क्षेत्र के दर्शको का आभार प्रकट किया। वहीं रामलीला कमेटी अध्यक्ष सुनील जायसवाल, उपाध्यक्ष संजय द्विवेदी, कोषाध्यक्ष प्रमोद पाल, महामंत्री आदर्श सिंह, संरक्षक सदस्य राजन तिवारी एवं सभी पदाधिकारियों ने सफल आयोजन की बधाई दिया। इसी कड़ी में मेला अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने आम जनमानस से अपील किया है कि आगामी 24, 25 एवं 26 नवंबर को गांव में भव्य मेला का आयोजन किया गया है जिसमें उपस्थित होकर मेले को सफल बनाये।

# पत्नी ने खाया जहर, मौत

जन एक्सप्रेस | बांदा

चादर धोने को लेकर पति से विवाद होने के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे को जानकारी हुई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने देखने में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पिपराहरी गांव निवासी अभिलाषा (24) पत्नी अवधेश ने शनिवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनो ने चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने बताया कि चारपाई मे चादर पड़ी थी। जिसे बिल्ली ने गंदा कर दिया था। अभिलाषा को धोने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। वह खुद ही चादर धोने लगा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर अभिलाषा ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी कर लिया। उधर मृतका के पिता श्यामलाल ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी मई 2022 में की थी। उसके एक पुत्र है। अभिलाषा नवरात्रि में बड़े भाई के दहिनवारा संस्कार में आई थी। दशहरा में वह ससुराल चली गई थी। आरोप है कि सास से अक्सर विवाद होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वह आगे की कार्रवाई करेगा।

# परिषदीय अनुदेशक कल्याण संगठन का क्रमिक अनशन जारी

जन एक्सप्रेस | बांदा



बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 27555 अनुदेशकों की मौलिक समस्याओं एवं महिलाओं अनुदेशकों की मानवी एवं मूल भूत समस्याओं को लेकर क्रमिक अनशन कर रहे हैं। शिक्षा अधिकार अधिनियम से नियुक्त अनुदेशक पिछले 10 वर्षो से पूर्ण कालिक कार्य करते हुए नौनिहालों का भविष्य सवार रहे हैं अधिसंख्या अनुदेशकों की उम्र सीमा 40 वर्ष पार कर चुकी है लेकिन नवीन शिक्षा नीति के अनुसार हम अनुदेशको को अभी तक नियमित नहीं किया गया है। सरकार द्वारा अनुदेशकों के विरुद्ध अदालत में चलाई जा रही समस्त कार्यवाही अभिलंबन वापस लेकर सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय डबल टच में पारित निर्णय एवं निर्देशिको को तत्काल प्रभाव से न निष्पादित किया जाए। महिला अनुदेशकों को अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। ऐसी कई मांगों को लेकर अशोक लाट पर अनुदेशक बैठे हैं। क्रमिक अनशन पर वहीं पर अनशनकारियों ने बताया कि प्रदेश के 25 जिलों में अनशन चल रहा है और उत्तर प्रदेश सरकार सो रही है कुंभकरनी नींद में है और यह भी बताया कि अगर हमारी मांगे नहीं मानी जाती तो पूरे प्रदेश अनुदेशक इकट्ठा होकर लखनऊ में अनशन करेंगे। वहीं पर जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ से शालिनी सिंह पटेल ने अनशनकारियों को समर्थन दिया और उन्होंने कहा कि अगर सरकार आपकी मांगे नहीं मानती तो हमारे कार्यकर्ताओं के द्वारा आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी वहीं पर दो दर्जन से ज्यादा अनशनकारी मौजूद रहे।

# युवक को गोली मार कर की हत्या, 4 नामजद-2 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

ललौली थाना क्षेत्र मे युवक की गोली मार कर हुई हत्या से क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी। सूचना पर मौके पर पहुँची थाना पुलिस सहित पुलिस अधीक्षक व फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुँचे। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शव को पुलिस ने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों की तहरीर पर चार नामजद व दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। बताते चले कि थाना क्षेत्र के दरियाबाद गॉव के पास नलकूप मे चित्तापुर मजरे कीर्तीखेड़ा निवासी आदित्य यादव उर्फ बबलू यादव 21 वर्ष को राईफल से गोली मारकर हत्या कर दिया। मृतक के परिजनो की तहरीर पर नलकूप मालिक संतोष, शुभम, अजय प्रताप, अतुल शुक्ला व दो अज्ञात लोगो के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार मिश्र ने बताया कि गोली कैसे चली किसने चलायी और हत्या का कारण बता लगाने मे थाना पुलिस लगी है।

# सर्राफ की दुकान से चोरी के मामले में पीएसी फालोवर पुत्र को साथियों संग भेजा जेल

*** 15 लाख की हुई थी चोरी, औजार सहित चोरी का माल बरामद**

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

सर्राफ की दुकान से 16 नवंबर को चोरी के मामले में पुलिस ने यमराज को साथियों संग जेल भेज दिया। यमराज पीएसी फालोवर का पुत्र निकला। जो दुकानों व मकानों की रैकी कर घटनाओं को अंजाम देता था। घटना में प्रयुक्त गैस कटर समेत अन्य औजार पुलिस ने बरामद कर लिये। यह सफलता सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से मिली है। चोरी के जेवरातों की सौ प्रतिशत बरामदगी हो गई। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि 16 नवंबर को राधानगर थाना क्षेत्र के जयरामनगर चैराहा स्थित महेश कुमार सोनी की दुकान से गैस कटर से शटर काटकर पांच किलो चांदी और 150 ग्राम सोने के जेवरात चोरी हुए थे। खुलासे के लिए राधानगर प्रभारी निरीक्षक राजकिशोर और एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम जांच में जुटी थी। पुलिस टीमों ने नई बस्ती से हथगाम थाने के अकबरपुर चौराई व वर्तमान पता 12 वाहिनी पीएसी आवास नंबर 243 निवासी फालोवर हरिश्चंद्र दिवाकर के पुत्र आशू उर्फ यमराज, असोथर थाने के बेरांव निवासी राहुल मौर्या, राधानगर थाने के परशुरामपुर निवासी अजय विश्वकर्मा, राधानगर नंदी मंदिर निवासी राहुल साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के चार किलो 399 ग्राम चांदी, सोने के 150 ग्राम के जेवरात बरामद किया हैं। चोरी में इस्तेमाल गैस सिलिंडर व कटर, अलमारी काटने के उपकरण, आरवन-5 बाइक, दो चोरी की बाइक बरामद हुई हैं। आरोपियों ने कबूला कि वह शराब और इंटरनेट पर पबजी गेम रूपये लगाकर खेलते हैं। शौक पूरे करने के लिए लंबा हाथ मारने चाहते थे। वह लोग घटना की रात घूम रहे थे। रूपयों के लिए सर्राफा की दुकान को निशान बनाया। वह लोग रात को घटना के बाद अपने घरों चले गये। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर को चुराना जल्दबाजी में भूल गये थे। एएसपी ने बताया कि आरोपियों की आरवन-5 बाइक कैमरे में कैद हुई। बाइक नंबर के आधार पर चोरों तक पुलिस पहुंची है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसओजी, सर्विलांस के अलावा राधानगर थाने की पुलिस शामिल रही।



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में आसमान साफ रहने के कारण बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 27..4 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 12.4 (-0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 91 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 46 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 1.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- शांर्त
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ मैया से सुख समृद्धि का लिया आशीर्वाद








जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आस्था का महापर्व छठ का आयोजन बड़े ही धूमधाम से हुआ, बीते दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत रखने वाली महिलाओं ने पूजन अर्चन किया, टोलियां बनाकर लोग अपने सिर पर डलिया रखकर निकले और हाथों में लोगों के गन्ना दिखाई दे रहा था, काफी लोग तो अपने साथ ढोल बजाने वालों को भी लेकर पूजन स्थल पर पहुंचते हुए दिखाई दिए इस दौरान पूजन के साथ-साथ महिलाओं और पुरुषों ने जमकर नृत्य भी किया।

### पनकी नहर पर उमड़ा जन सैलाब



छठ महापर्व के शुभ अवसर पर पनकी नहर के किनारे भक्तों का जन सैलाब दिखा,शाम होते ही महिलाएं अपने पूरे परिवार के साथ पानी की नहर स्थित घाट पर पहुंचने लगीं। छठ महापर्व सूर्य देव को समर्पित होता है।17 नवंबर से शुरू हुए छठ पर्व को लेकर पूर्व की भांति पनकी नहर में इस बार भी साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था सभी चीज व्यवस्थित देखने को मिली। महिलाओं ने विधिवत डूबते सूर्य को अर्ध्य देकर पूजन किया और छठ मैया से आशीर्वाद लिया। सभी लोगों की बेदियां सजावट से परिपूर्ण थी। बताते चलें की जो महिलाएं छठ पर्व पर व्रत रहती हैं, वह नहाए खाए कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को होता है, चार दिन के इस त्यौहार में महिलाएं तीन दिन व्रत रहती हैं। इस व्रत में लौकी, कद्दू, चने की दाल आदि खाने के बाद उसका पारण शाम को गन्ने के रस में बने चावल या गुड़ से बने चावल या गाय के दूध से बनी खीर आदि से किया जाता है। क्षेत्रीय महिलाओं एवं पुरुषों का ऐसा मानना है कि वह 20 से 25 वर्ष पूर्व से इस पनकी की नहर में छठ पूजा मनाते चले आ रहे हैं, छठ मैया बहुत सच्ची हैं सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। वहीं साफ-सफाई व्यवस्था भी उपयुक्त रही एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कल्यानपुर थाने की टीम मौके पर मुस्तैद रही।

### शास्त्री नगर और लाजपत नगर में भी सजे घाट

शास्त्री नगर के बड़ा सेंटर पार्क में युवा पूर्वांचल महासभा ने छठ पूजन का बड़े स्तर पर आयोजन कराया है। लगभग दोपहर 2 बजे के बाद से ही हजारों की संख्या में बड़ा सेंटर पार्क में व्रत रखने वाली महिलाएं अपने परिवार संग पहुंचने लगी। इस दौरान वहां पर बनी बेटियों पर सभी ने पूजा अर्चना करने के बाद सूर्य देव को जल देकर अपना पूजन संपन्न किया। ऐसा ही कुछ देखने वाला नजारा लाजपत नगर के रामलीला पार्क का था जहां पर क्षेत्रीय पार्षद अमनदीप सिंह उर्फ लबी गंभीर के द्वारा तालाब में साफ सुथरा जल भराया गया था, इस दौरान यहां पर भी हजारों की संख्या में व्रत करने वाली महिलाएं और उनके पारिवारि जन उपस्थित थे।


## कानपुर मेट्रो के स्टाफ ने लौटाया यात्री का छूटा हुआ लैपटॉप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर मेट्रो के स्टाफ ने बीते दिन रविवार को एक बार फिर अपनी कर्त्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की मिसाल पेश कर यात्री के चेहरे की खुशी वापस लौटाई है। मेट्रो से यात्रा करते समय कल्याणपुर निवासी अभिषेक यादव का लैपटॉप मेट्रो ट्रेन के अंदर ही छूट गया था। ट्रेन से बाहर निकलकर जब उन्हें इसका एहसास हुआ तो इसकी सूचना उन्होंने कल्याणपुर मेट्रो स्टेशन कंट्रोल रूम में दी। कुछ समय के बाद एक यात्री के माध्यम से आईआईटी मेट्रो स्टेशन पर यह लैपटॉप प्राप्त कर लिया गया। स्टेशन कंट्रोलर अनुराग कुमार ने यात्री अभिषेक यादव को फोन पर इसकी सूचना दी और सारी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद लैपटॉप वापस कर दिया गया। इस अवसर पर यात्री अभिषेक यादव ने मेट्रो स्टाफ की सजगता और ईमानदारी की प्रशंसा की। कानपुर मेट्रो का लॉस्ट एंड फाउंड सेल यात्री सेवाएं शुरु होने के बाद से अब तक लगभग 63 हजार रूपए नकद, 4 लैपटॉप और 44 स्मार्टफोन यात्रियों को सुरक्षित लौटा चुका है।

## चेस्ट हॉस्पिटल को मिला 5 बेड का आधुनिक आईसीयू



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

डॉक्टर मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में अब आस पास के 14 से 15 जिलों से प्रतिदिन आने वाले मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। ज्ञातव्य हो कि जीएसवीएम का डॉ. मुरारीलाल चेस्ट हॉस्पिटल पूरे उत्तर प्रदेश में चेस्ट का सबसे बड़ा अस्पताल है। जहां पर आस पास के 14 से 15 जिलो के मरीज़ प्रतिदिन मरीज़ के इलाज के लिए आते हैं। पहले गंभीर मरीजों को हैलेट अस्पताल भेजना पड़ता था लेकिन प्रिंसिपल डॉ.संजय काला एवं विभागाध्यक्ष डॉ.संजय वर्मा, सीएमएस डॉ.एस.के.सिंह, डॉ. आनंद कुमार, डॉ.अवधेश कुमार एवं डॉ.लक्ष्मी के प्रयासों से यहां अब 5 बेड का आईसीयू तैयार किया गया है जिसका उद्घाटन रविवार को संपन्न हुआ।इस आईसीयू में अत्याधुनिक मशीने एवं आवश्यक उपकरण वेंटिलेटर और इनफ्यूजन पंप की व्यवस्था है। उद्घाटन समारोह में डॉ.आर.के.सिंह, डॉ.ए.सी. गुप्ता, डॉ.संजय कुमार, डॉ.नीना गुप्ता, डॉ.एस.के.बर्मन, डॉ.अरुण आर्या एवं डॉ. मनीष सिंह मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय विकलांग एसोसियेशन के शिविर में राशन का वितरण



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय विकलांग एसोसियेशन के समस्या समाधान शिविर में गरीब दिव्यांगजनों को राशन वितरित किया गया, दिव्यांगजनों की समस्याएं दर्ज की गयी। जिनका निस्तारण विभागों के अधिकारियों के माध्यम से करवाया जायेगा। शिविर में दिव्यांग पेंशन, सिटी बसो में निशुल्क यात्रा पर प्रतिबन्ध की शिकायतें आयी। विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि गरीब दिव्यांगजन की सेवा के लिये एसोसिएशन सदैव तत्पर्य है। दिव्यांजनों की मदद के लिये प्रति दिन शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल पार्क बगिया में शिविर का आयोजन किया जाता है।

दिव्यांगजन प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। शिविर में दिव्यांगजनो के विवाह हेतु व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। दिव्यांगों का सामूहिक विवाह 25 नवंबर को होना है। आज के शिविर में अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, अरविन्द सिंह, गुड्डी दीक्षित, गौरव कुमार आदि शामिल थे।

### अवैध तमंचे संग रील बनाना पड़ा भारी, जाना पड़ा जेल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर पुलिस के द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 18 नवंबर को एक व्यक्ति द्वारा अवैध तमन्चे के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की गयी जिस पर थाना सचेण्डी पुलिस द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए वायरल फोटो की गहनता से छानबीन की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि छोटू उर्फ प्यारे पुत्र स्व0 रघुनाथपुर निवासी ग्राम रौतेपुर थाना सचेण्डी जनपद कानपुर नगर द्वारा अवैध तमन्चे के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की गयी जिसकी गिरफ्तारी हेतु थाना सचेण्डी पर टीम गठित करके 19 नवंबर को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम रौतेपुर से इमामपुर वाली रोड पर स्थित सुलभ शौचालय के पास थाना क्षेत्र सचेण्डी से एक अदद अवैध तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना सचेण्डी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करने के पश्चात जेल भेजा गया है।

## थाना सीसामऊ क्षेत्र में मिली अज्ञात बुजुर्ग की लाश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



थाना सीसामऊ क्षेत्र में एक बुजुर्ग की लाश मृत अवस्था में पाई गई है। पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार संजय कुमार द्विवेदी पुत्र प्रेम शंकर निवासी ज्वालादेवी रोड गांधी नगर द्वारा लिखित सूचना दी गई कि एक अज्ञात पुरुष नाम पता अज्ञात उम्र करीब 60 वर्ष का शव चंद्रिका देवी चौराहे से हलीम कॉलेज की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे फुटपाथ पर मृत अवस्था में पड़ा है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने सूचना फौती दर्ज करके मृतक के शव को शिनाख्त करवाने का प्रयास किया गया लेकिन कुछ जानकारी न हो पाने के कारण मृतक के शव को मोर्चरी हाउस में वास्ते पहचान रखवा दिया गया है। जिसकी शिनाख्त हेतु प्रचार प्रसार कराया जा रहा है नियमानुसार मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## मत्स्य पालकों को सर्दी में विशेष देखभाल के लिए जारी की एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ.शशिकांत ने विश्व मत्स्य दिवस 21 नवंबर से पूर्व मत्स्य पालकों के लिए सर्दियों में मत्स्य पालक तालाबों की करें विशेष देखभाल विषय पर रविवार को एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि नवंबर, दिसंबर, जनवरी के महीनों में मछलियों की वृद्धि कम होने के साथ ही मछलियां काफी सुस्त हो जाती हैं। तालाबों में ऑक्सीजन की कमी होने से मछलियों की मृत्यु दर बढ़ जाती है। उन्होंने मत्स्य पालकों को तालाबों में ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए एरिएटर का प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एरिएटर संभव न होने पर प्रत्येक माह एक या दो बार पूरे तालाब के पानी का एक चौथाई पानी बदल कर ताजा पानी भर देना चाहिए जिससे पानी में ऑक्सीजन स्तर बढ़ जाता है। विश्व मत्स्य दिवस के बारे में बताते हुए डॉ.शशिकांत ने बताया कि मत्स्य पालन क्षेत्र को एक उभरता हुआ क्षेत्र माना जाता है और इसमें समाज के कमजोर वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण समाज और समावेशी विकास लाने की अपार संभावनाएं हैं। भारत वैश्विक मछली उत्पादन में 8 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक, दूसरा सबसे बड़ा जलीय कृषि उत्पादक, सबसे बड़ा झींगा उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा समुद्री खाद्य निर्यातक है।

## ओ.ई.एफ. स्टेडियम में डॉग शो का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर में केनेल वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान मे पहला ओपन डॉग शो ओ.ई.एफ. स्टेडियम, कैंट, में आयोजित किया गया। यह केनेल क्लब ऑफ इंडिया और उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्णयों के अनुसार पिछले 10 वर्षों में आयोजित किया गया पहला शो था। जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, शिह त्जु, चाउ चाउ, साइबेरियन हस्की, माल्टीज़, पूडल, बॉक्सर आदि विभिन्न नस्लें मौजूद थीं। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शिरकत की। उन्होंने अपने सम्बोधन मे के.के.डब्ल्यू.ए के प्रयासों की सराहना करते हुये उज्वल भविष्य की कामना भी की।

सभी प्रदर्शकों की जांच पशुचिकित्सक डॉ. सत्य प्रकाश द्वारा की गई, जिन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी कुत्ते किसी भी बीमारी से मुक्त थे और उनमें कोई संक्रामक बीमारी नहीं थी। प्रदर्शकों का मूल्यांकन श्याम मेहता द्वारा किया गया, जो केनेल क्लब ऑफ इंडिया से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय ख्याति के न्यायाधीश हैं। शो के समापन समारोह में सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी, विधायक, कैंट ,कानपुर ने भी शिरकत किया। जिन्होंने पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लेकर शो का सम्मान किया और केकेडब्ल्यूए और प्रदर्शकों के लिए सराहना के शब्द साझा किए। शो टॉपर निशांत द्विवेदी-कानपुर का जर्मन शेफर्ड था, शो में दूसरा सर्वश्रेष्ठ शैलेश सिंह गौर, लखनऊ का बॉक्सर था, शो में तीसरा सर्वश्रेष्ठ ऋषि शुक्ला, कानपुर का डोबर्मन, स्वर्णवीर सिंह यादव के ग्रेट डैन पप्पी शेपर्रस ब्रुनो (बादशाह) को रिजर्व बेस्ट ऑफ ब्रीड केयर ऑफ ब्रीडर मनीश चौहान, आदि को सम्मानित किया गया।

### तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जाजमऊ पुल पर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचल दिया इससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो तेज रफ्तार डंपर चालक ने पहले तो टक्कर मारी फिर इसके बाद भागने के चक्कर में कुचल दिया भीड़ देखकर आरोपी डंपर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

सूचना पर पहुंची जाजमऊ पुलिस ने शव की पहचान करने के बाद पारिवारीजनों को सूचना दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उन्नाव के कटरी पीपलखेड़ा में रहने वाले नूर अहमद 55 वर्ष फेरी लगाकर प्लास्टिक की कुर्सियां बेचने का काम करता है जाजमऊ के मोती नगर में एक दुकान भी है रोज की तरह शनिवार को भी कानपुर में फेरी लगाने के बाद घर लौट रहे थे गंगा पुल पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने के बाद नूर बाइक समेत डंपर की तरफ जा गिरे इधर हादसे के बाद भागने के चक्कर में डंपर नूर के ऊपर ही चढ़ गया चीख पुकार सुनकर ड्राइवर ने डंपर तो रोक दिया और मौके से भाग निकला टायर के नीचे कराहते हुए नूर में मौके पर ही दम तोड़ दिया सूचना पर पहुंची जाजमऊ पुलिस ने डंपर को आगे किया तब जाकर शव को पहिया के नीचे से बाहर निकाल दिया गया।

## जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर को मिला गोल्ड स्कॉच अवार्ड

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



उप्र में मॉडल ग्राम की परिकल्पना को सर्वप्रथम जनपद कानपुर में जमीन पर शुरू करने वाले जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर को नई दिल्ली में गोल्ड स्कॉच अवार्ड 2023 से शनिवार को सम्मानित किया गया। यह जानकारी रविवार को कानपुर जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने दी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार के नेतृत्व एवं सुझाव में उप्र में मॉडल ग्राम की परिकल्पना का कार्य शुरू किया और गांवों का विकास कार्यो को आगे बढ़ाने लगा। शहर की जैसी सुविधाएं गांव में भी होनी चाहिए। इस अभियान के तहत गांव में शहर की ही तरह स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वरोजगार मिशन से जुड़े समूहों का सहयोग लेकर सफाई के कार्य को आगे बढ़ाया गया। उन्होंने बताया कि मॉडल ग्राम की परिकल्पना को साकार करने का पूरा प्रयास किया गया। इस तरह कई माण्डल गांव बनकर तैयार हो चुके है। वहां पर भी शहरों जैसी सफाई व्यवस्था और कूड़ा निस्तारण का कार्य भी शुरू हो चुका है। इस कार्य के लिए मुझे कानपुर जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्य को बखूबी निभाने के लिए मिला है। इस सम्मान में कानपुर के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर और मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार सहित अन्य सभी सहयोगी कर्मचारियों का इसमें बहुत बड़ा योगदान है।

### डॉ. शिवेंद्र सिंह चुने गए प्लेयर ऑफ द मैच

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश डॉक्टर्स क्रिकेट लीग का 16 नवंबर से 19 नवंबर तक आईआईटी कानपुर में आयोजन किया गया है। 19 नवंबर को इस लीग के अंतिम दिन फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकबला कानपुर ब्रदर्स क्लब और जॉर्जिएंस लखनऊ के मध्य आईआईटी कानपुर के मैदान में खेला गया। यह मैच सुबह प्रारंभ हुआ। इस मैच में लखनऊ की टीम जॉर्जियंस लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट गवांकर 182 रन बनाए।

## ज्ञानेंद्र सचान की श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके जीवन पर डाला प्रकाश

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ज्ञानेंद्र 1960 में संघ के स्वयंसेवक बने तब से लेकर जीवन की अंतिम सांस तक संघ के किसी ना किसी दायित्व पर रहकर पूर्ण मनोयोग से संघ का कार्य करते रहे ऐसे महानुभाव हम सभी स्वयंसेवकों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। यह बात रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय आजाद नगर में श्रद्धांजलि सभा के कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत के प्रांत कार्यवाहक अनिल ने कही। उन्होंने बताया कि भुज में आयोजित संघ की कार्यकारी मंडल की बैठक में ज्ञानेंद्र को अधिक आयु के कारण वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में न जाने का निवेदन किया था। तो ज्ञानेंद्र सचान ने कहा यह निवेदन है कि आदेश है। तो वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा निवेदन है। तो ज्ञानेंद्र ने कहा मैं दायित्व धारी कार्यकर्ता हूं इसलिए बैठक में अवश्य उपस्थित रहूंगा और वह जिद्द पूर्वक बैठक में उपस्थित रहे। वहां पर अस्वस्थ हो गए और वही पर उनका शरीर शांत हो गया।

ज्ञानेंद्र जी 1960 में संघ के स्वयंसेवक बने तब से लेकर जीवन की अंतिम सांस तक संघ के किसी ना किसी दायित्व पर रहकर पूर्ण मनोयोग से संघ का कार्य करते रहे ऐसे महानुभाव हम सभी स्वयंसेवकों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत के प्रांत संघचालक ज्ञानेंद्र सचान का 16 नवंबर को अहमदाबाद में निधन हो गया था। 17 नवंबर को कानपुर के भैरव घाट में उनका अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ और रविवार को श्रद्धांजलि सभा के कार्यक्रम क्षेत्र के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भूमाफिया लाली शुक्ला व उसके साथियों पर जमीन कब्जा करने और मारपीट का लगा आरोप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देर रात जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। भूमाफिया के गुर्गे और महिला के बीच प्लाट को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। देर रात महिला समर्थकों और दूसरे पक्ष के बीच जमकर ईट पत्थर और लाठी डंडे चले जिससे महिला समेत उनकी भतीजी घायल हो गई वहीं दूसरे पक्ष के निजी गार्ड के सिर में गंभीर चोट आई है। बैकुंठपुर निवासी पीड़ित महिला ममता दुबे ने बताया कि कल्याणपुर के मिर्जापुर में उनकी पुस्तैनी जमीन है। बीते शनिवार को जानकारी मिली कि भूमाफिया लाली शुक्ला के साथ विपिन पांडेय, प्रवीन पांडेय, तुषार शुक्ला सहित दो दर्जन से अधिक अज्ञात युवक उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंची और 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी।तभी दबंगों ने उन पर सरिया,फावड़ा, डंडों से हमला कर दिया। बचाने आई भतीजी को भी पीटा। लाली शुक्ला कल्याणपुर क्षेत्र का भूमाफिया है।आए दिन लोगों की जमीनों पर कब्जा करना उसका पेशा है।

आरोप लगाते हुए बताया कि लाली शुक्ला भूमाफिया घोषित है उसके रसूख के चलते पुलिस भी कार्यवाही नहीं करती है। वह कई दिनो से शिकायत लेकर पुलिस के पास दौड़ रही है लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। वही दूसरे पक्ष का कहना है कि ममता के पिता ने कई वर्ष पूर्व जमीन को माधुरी तिवारी को बेच दिया था। माधुरी तिवारी जब कब्जा लेने पहुंची तो ममता दुबे ने कब्जा नहीं करने दिया। माधुरी ने न्यायालय में मुकदमा कर दिया। कई साल बाद न्यायालय ने माधुरी के पक्ष में फैसला सुनाया और ममता दुबे को जमीन से दूर रहने की हिदायत दी। जिसके बावजूद ममता दुबे अपने सहयोगियों के साथ प्लाट पर आए दिन बवाल करती रहती है। जिसके बाद माधुरी ने दोबारा न्यायालय की शरण ली तो न्यायालय ने पुलिस के बड़े अधिकारी को तलब किया। न्यायालय से आदेश मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और माधुरी को कब्जा दिलाया और ममता दुबे को उक्त जमीन पर न जाने की हिदायत दी।

शनिवार देर रात प्लाट पर ममता दुबे एक दर्जन दबंग युवकों के साथ पहुंची और प्लाट में रह कर देखभाल करने वाले गार्ड को बुरी तरह से पीटा जिससे उसके सिर में16 टांके लगे हैं और उसकी हालत गंभीर है। ममता दुबे झूठा आरोप लगाकर उन्हें फंसाने का प्रयास कर रही है। पूर्व में ममता दुबे पर अधिकारियों के आदेश पर रंगदारी का मुकदमा लिखा गया है जिस पर जांच चल रही है। रात की घटना का सीसीटीवी फुटेज मौजूद है जिसमें ममता दुबे और उनके गुर्गे मारपीट कर रहे हैं। ममता दुबे मारपीट करने में खुद गिर कर घायल हुई हैं जिसका सीसीटीवी फुटेज पुलिस और उनके पास मौजूद है।

# 2721.5 मैट्रिक टन इफको डीएपी लेकर गौरीगंज स्टेशन पहुंची रैक

* डीएम व सीडीओ ने रैक पॉइंट का किया स्थलीय निरीक्षण
* किसानों को जोत-बही के अनुसार मिलेगी खाद



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

रविवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने उप कृषि निदेशक डा. लाल बहादुर यादव, एआर कोआपरेटिव मित्र सेन वर्मा, जिला प्रबंधक पीसीएफ तथा इफको प्रबंधक शिशुपाल की उपस्थिति में गौरीगंज रेलवे स्टेशन स्थित रैक पॉइंट का स्थलीय निरीक्षण किया। और जोत बही के अनुसार किसानों को उर्वरक वितरण करने का निर्देश दिया। रविवार को जनपद में 2721.5 मैट्रिक टन इफको डीएपी रैक पहुंची। जिसमें से करीब पांच मीट्रिक टन डीएपी तीस सहकारी समितियों पर सीधे रैक बिंदु से प्रेषित किया जाएगा। करीब पांच मीट्रिक टन डीएपी इफको किसान सेवा केंद्रों, उपभोक्ता सहकारी समिति, संघ व अन्य इफको केंद्रों को प्रेषित किया जाएगा तथा 1721.5 मैट्रिक टन बफर गोदाम में रखा जाएगा।जो मांग के अनुसार समितियों व अन्य केंद्रों पर प्रेषित किया जाएगा। सहकारी समिति भादर, चंदौकी, ढेमा, दरपीपुर, दुलापुर कल्याण, गोरखापुर, जगदीशपुर कोटवा नैखेड़ा, खरगपुर, महराजपुर, माधवपुर, निहालगढ़, पुरबगांव, पाली, रस्तामऊ, थौरी, टीकर माफी, सेमरौता, फूला, ओदारी, ब्राह्मणी, इन्हौना, अलाईपुर, मुहैया केसरिया, सराय महेसा इन समितियों पर रैक बिंदु से भेजा जाएगा। इसके साथ साथ जनपद की प्रत्येक समिति, इफको किसान सेवा केंद्र व इफको के अन्य केंद्रों पर नैनो डीएपी व नैनो यूरिया भी उपलब्ध है। नैनो डीएपी खरीद दर रुपये छह सौ, व नैनो यूरिया दो सौ पच्चीस रुपये में किसानो के लिए उपलब्ध है। सहकारी क्षेत्र में बासठ सौ मीट्रिक टन डीएपी वर्तमान रबी सीजन में बिक्री का लक्ष्य है।

# पुलिस अधीक्षक अचानक पहुंचे थाना, फरियादियों से की बात

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर जनपद भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी आकस्मिक रूप से थाना गौरीगंज पहुंचकर थाने पर आये हुए फरियादियों से बात की। और उनकी बातों को गंभीरता से सुना। पीड़ितों ने अपनी शिकायत बताकर न्याय की मांग की। एसपी ने शिकायतकर्ताओं से बात कर उनकी शिकायतों के समबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय में अभिलेखों का रखरखाव व परिसर में साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय के रखरखाव एवं कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने हेतु मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ दो शातिर अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत रविवार को को उ.नि.सुरेश कुमार दीक्षित थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त अरबाज पुत्र इस्माइल निवासी रोखा थाना डीह जनपद रायबरेली उम्र करीब 22 वर्ष को डाक बंगला तिलोई के पास से गिरफ्तार किया गया। जोकि मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा ना सके। इसी क्रम में उ.नि. हरीशंकर वर्मा थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अरसद खान पुत्र रियाज उर्फ सुन्ना निवासी भिलाई कला मजरे मोहनगंज थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को आशापुर रुरु नहर पुल के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अरबाज के कब्जे से तेरह ग्राम स्मैक व अभियुक्त अरसद खान के कब्जे से बारह ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ऊंचाहार बस स्टॉप से रेलवे स्टेशन रोड में हुए गड्ढों से राहगीरों को करना पड़ रहा भारी दिक्कतों का सामना

**जन एक्सप्रेस/ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार नगर पंचायत में बस स्टॉप से रेलवे स्टेशन तक डामर रोड उखड़ रही है कई जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे आने-जाने में काफी परेशानी होती है। ट्रेन से आने जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सवारी लिए ई रिक्शा गड्ढों के कारण रास्ते में ही ई रिक्शा रोक कर खड़े हो जाते हैं, जिससे ज्यादा दिक्कत होती है। भीड़ ज्यादा हो जाती है ई रिक्शा चालक लड़ते झगड़ने पर उतारू हो जाते हैं। सुबह बच्चे स्कूल जाते हैं तो रास्ता रोक कर खड़े रहते हैं। ऐसी दिक्कत में किसे कहा जाए प्रशासन भी नहीं देखा की विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी इसी कार्य से इसी मार्ग से आते जाते हैं लेकिन समस्या का समाधान करने वाला कोई दिखाई नही देता।

# पूर्व मंत्री के बेटे समेत पांच पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

डॉक्टर घनश्याम तिवारी हत्याकांड की श्रद्धांजलि सभा आयोजित कराने वाले पूर्व मंत्री व भाजपा नेता जय नारायण तिवारी के पुत्र समेत पांच के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज हुआ है। उन पर तीस लाख रुपये में धोखे से चार बीघा जमीन का बैनामा कराने का मामला दर्ज हुआ है। जमीन का बैनामा करने वाले व्यक्ति के पुत्र ने कोर्ट का सहारा लिया था। कोर्ट के आदेश पर जयसिंहपुर कोतवाली में केस दर्ज हुआ है। दरअस्ल मामला जिले के मोतिगरपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत गौरा गांव से जुड़ा है। यहां के निवासी अरुण कुमार पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि उनके पिता रामचरित्र पाण्डेय व उनके भाइयों ने उसके साथ धोखाधड़ी करते पूर्व मंत्री जयनारायण तिवारी के पुत्र मुकेश तिवारी के भवम भवानी ट्रस्ट के नाम 1 जून 2022 को पूर्व कीमती जमीन का बैनामा कर दिया। जमीन की रजिस्ट्री जयसिंहपुर रजिस्ट्री ऑफ़िस में हुई थी। पीड़ित अरुण की माने उनके पिता की जमीन का आपसी सहमति से बंटवारा हो गया था और उनके हिस्से की जमीन के लिए न्यायालय से डिक्री भी है। बावजूद इसके धोखाधड़ी से बैनामा कराया गया है। मामला संज्ञान में आने के बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। उसने एसपी से शिकायत किया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अंत में उसने कोर्ट का सहारा लिया।

# आबकारी कार्यवाही में 58 लीटर अवैध शराब बरामद, चार अभियोग दर्ज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में रविवार को रानी सागर आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, तिलोई मय हमराह स्टाफ मनोज कुमार,सुबोध कुमार कौशल सिंह, राजेश सिंह, मनोज कुमार के साथ ग्राम हतवा, मवई आलमपुर थाना जायस में दबिश देकर करीब 58 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। और लगभग तीन कुंतल लहन मौके पर नष्ट कर चार मुकदमें पंजीकृत किये गये। साथ ही आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। तथा गांव के लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों से परिचय कराते हुये केवल लाइसेंसी दुकानों पर मिलने वाली वैध मदिरा के सेवन हेतु प्रेरित किया गया। किसी व्यक्ति या स्थल पर अवैध शराब के निर्माण, संचय अथवा बिक्री की सूचना टोल फ्री, हेल्पलाइन अथवा आबकारी निरीक्षक के मोबाइल नंबर पर देने की अपील की गई।

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला में महापर्व छठ पूजा के साथ रानी लक्ष्मीबाई व इन्दिरा गाँधी की जयन्ती का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




रविवार को न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल, त्रिपुला रायबरेली में महापर्व छठ पूजा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा प्रियांशी यादव ने छठ पूजा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्त्रियां सूर्य देवता को अग्र देकर पूजा की शुरूवात करती है और दो दिन तक निजर्ला व्रत रखते हुए तीसरे दिन व्रत का पारण करती हैं। आज ही के दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई और भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंन्दिरा गाँधी जी की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ विद्यालय प्रांगण में मनाई गई। इस कायर्क्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं श्रीमती इन्दिरा गाँधी के चित्रों पर माल्यापर्ण कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा परिणिति रानीलक्ष्मी बाई के रूप में मुख्य आकषर्ण का केंद्र रहीं। कायर्क्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य प्रजापति ने अपने उद्बोधन में सभी को छठ पूजा की हादिर्क शुभकनाएं दी, साथ ही हम सभी की प्रेरणाश्रोत वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं इन्दिरा गाँधी जी के पद चिन्हों पर चलते हुए छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहकर जीवन-पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कायर्क्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका पिंकी जायसवाल के नेतृत्व में छात्रा अविका सिंह ने किया।
इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, सी0 एस0 दास मिश्रा, संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, रामदेव, राकेश अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ला, वेद प्रकाश मिश्र, बाल जी पाण्डेय, शिवकरन पाल, अभिषेक श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्याथी व शिक्षणेत्तर कमर्चारी उपस्थित रहे।

## मुख्तार-डे के मौके पर अमहट में महेफ़िल का आयोजन



**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

बीते रविवार को अमहट स्थित हैदर अब्बास खान के आवास पर मुख्तार-डे के अवसर पर महफ़िल व शेरो-शायरी का आयोजन रजमी सुलतानपुरी की अध्यक्षता में किया गया और मुख्य अतिथि मौलाना कल्बे हसनैन खावर सुलतानपुरी रहे जिसमें सबसे पहले इसकी शुरूआत तलावते कुरान पाक से मौलाना जीशान हैदर खान ने किया। संचालन हैदर सुलतानपुरी ने किया। इसके बाद प्रसिद्ध शायर रजमी सुलतानपुरी वसीम, कौसर, मौलाना कल्बे हसनैन खावर सुलतानपुरी मजाहिर, नसीम सुलतानपुरी सुलतान सुलतानपुरी हैदर, जीशान, अली हैदर, नकी सुलतानपुरी, मौलाना शेर हैदर, आलम सुलतानपुरी, फ़खरे आलम ने अपना तरही कसीदा पेश किया अन्त में मौलाना कलबे हसनैन ने तकरीर की। यह जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

# 21 नवंबर को मंडलायुक्त करेंगे जनसुनवाई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्ता पूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय हेतु आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ की अध्यक्षता में मण्डलीय जनता दर्शन का विकेन्द्रीकरण करते हुए जनपद स्तर पर समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आयुक्त द्वारा नवम्बर माह के तृतीय मंगलवार यानि दिनांक 21.11.2023 को जनता की समस्याओं को सुना जायेगा। आयोजन में सर्वप्रथम पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की गहन समीक्षा की जायेगी।
सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आयुक्त, लखनऊ मण्डल के कार्यक्रम में अपने विभाग से सम्बन्धित अभिलेखों सहित जनसुनवाई में समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

# डिप्थीरिया का टीका लगवाने से छूटे तीन हजार बच्चे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बच्चों को डिप्थीरिया की बीमारी से बचने के लिए चलाए गए अभियान में घोर लापरवाही सामने आई है। 34 स्कूलों ने बच्चों का टीका लगवाने से ही इनकार कर दिया। इसके कारण तीन हजार बच्चे टीकाकरण से छूट गए अब इस मामले की जानकारी अधिकारियों को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने नवंबर में बच्चों को डिप्थीरिया से बचने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसके माध्यम से पांच वर्ष की उम्र से ऐसे बच्चों जिनका पूर्व में किसी भी कारण से डीपीटी का टीका लगने से छूट गया था। दस वर्ष वर्ष की आयु पर लगने वाले टीडी के टीके से छूटे बच्चों का टीकाकरण किया जाना था। ऐसे बच्चों के लिए चलाए गए अभियान में स्कूलों में पढ़ रहे करीब सात हजार बच्चों को डीपीटी व छब्बीस हजार बच्चों को टीडी का टीका लगाया जा चुका है। इसके बाद भी अभियान के दौरान भादर में चार भेटुवा में तीन फुरसतगंज में छह, गौरीगंज में पांच जगदीशपुर में दस मुसाफिरखाना में तीन, शाहगढ़ में एक, सिंहपुर में दो स्कूलों ने बच्चों काटीकाकरण कराने से मना कर दिया। टीकाकरण के लिए पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों से वापस आ गई। अब जब अभियान की पड़ताल की गई,तो हकीकत सामने आ गई।
इस संबंध में सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान बच्चों को टीका लगाया गया है। लेकिन चौंतीस स्कूलों ने टीकाकरण करने से मना कर दिया। इससे यहां पर पढ़ रहे पांच दस व सोलह वर्ष की उम्र के करीब तीन हजार बच्चे टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। इसकी जानकारी अधिकारियों को दी गई है। अब इन बच्चों के घर-घर टीमों को भेज कर टीका लगाया जाएगा। इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी कहते हैं कि सभी स्कूलों को इस संबंध में आदेश दिया गया था। टीकाकरण से छूटे बच्चों के बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है।इस क्रम में कार्यवाही की जा रही है। यहां पर दोबारा से कैंप लगाकर टीकाकरण कराया जाएगा।
स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की माने तो टीम जब स्कूल पहुंची तो स्कूल संचालकों ने उच्च अधिकारियों का आदेश उन्हें न मिलने की जानकारी दी। इसके अलावा टीका लगवाने के लिए बच्चों के अभिभावकों से सहमति पत्र लेना अनिवार्य था। इसमें भी स्कूल प्रबंधन को समस्या हो रही थी। कई बार समझाया गया।लेकिन वे नहीं माने। डिप्थीरिया संक्रमण से फैलने वाली एक बीमारी है। इसे गलाघोटू की बीमारी भी कहा जाता है। इसकी चपेट में अधिकतर बच्चे आते हैं। डिप्थीरिया बैक्टीरिया के इंफेक्शन से होता है। इस बीमारी में बैक्टीरिया सबसे पहले गले को नुकसान पहुंचाता है। इसके इन्फेक्शन के असर से सांस नली में एक झिल्ली बन जाती है। जिसके कारण सांस लेने में समस्या होती है।

# दिवंगत शिक्षामित्र के परिवार को सौंपी गयी आर्थिक सहयोग राशि

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



दोस्तपुर आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन दोस्तपुर सुलतानपुर के तत्वाधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ समाज सेवी राकेश सिंह व संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा व संरक्षक के.सी. मिश्रा सहित उपस्थिति लोगो ने मृतक के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रध्दांजलि अर्पित की। तथा आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एशोसिएशन के माध्यम से शिक्षको व शिक्षामित्र से एकत्रित की गयी '110000/(एक लाख दस हजार') धनराशि मृतक रमा शंकर बिन्द के धर्म पत्नी 'शोभावती देवी' को दिया गया।
समाज सेवी राकेश सिंह ने अन्य परिवारिक लाभ दिलाने का पूर्ण आश्वासन दिया। विदित हो कि रमा शंकर बिन्द (45 वर्ष) शि.मि. प्रा वि.हटियवां वि.क्षे. दोस्तपुर मे कार्यरत थे।
जिनका विगत 29 सितम्बर 2023 को मानसिक अवसाद के कारण असामयिक निधन हो गया था। वे अपने पीछे पत्नी दो पुत्र व चार पुत्री छोड़ गये। इस दुखद अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रा, संरक्षक के. सी. मिश्रा, महामंत्री प्रदीप यादव, अध्यक्ष दोस्तपुर जगदीश प्रसाद, रणजीत संरक्षक, कोषाध्यक्ष छोटेलाल, कादीपुर अध्यक्ष लक्ष्मण सिह, कादीपुर कोषाध्यक्ष ऋषिदेव मिश्रा, करौदी कला अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, घनश्याम वर्मा, सूकन राम भारती, राम सुख, राजेन्द्र प्रसाद, राम बचन, मिथिलेश, सुशीला देवी , ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार चौहान आदि मौजूद रहे।

# उपभोक्ताओं को धोखा, टेबल बिलिंग से सरकार को राजस्व का लग रहा चूना

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

पिछले लंबे समय से टीडीएस कंपनी पर उपभोक्ताओं द्वारा आरोप है कि उसे बिल तो भेज दिया जाता है,परंतु मीटर की रीडिंग लेने कोई आता नही है। विभागीय सूत्रों की माने तो इस तरह के उपभोक्ताओं को मिलने वाले बिल को टेबिल बीलिंग कहते है। सूत्र बताते हं कि बामुश्किल 30 फीसदी ही बिल स्थलीय/मौके पर जाकर निकाले जाते है। बाकी के बिल टेबिंल बिल ही भेजे जाते है। इससे उपभोक्ताओं और सरकार को छति पहुंचाई जा रही है। जबकि कार्यदायी कंपनी भारी लाभ उठा रही है। उपभोक्ताओं ने अपने द्वारा लगाए जा रहे आरोपों की जांच करवाएं जाने की मांग भी की है। फ्रेंचाइजी टीडीएस कंपनी के ऊपर लगातार टेबिल बीलिंग का आरोप लग रहा है, बावजूद इसके आजतक कंपनी में शीर्ष पदों पर बैठे अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नही लिया, और ना ही इसकी जांच ही कभी करवाई।
अन्यथा बिल में होने वाले भ्रष्टाचार और उपभोक्ताओं व सरकार को होने वाली छति तथा अपने ही उस जिम्मेदार कर्मी की पोल तो खुलती ही साथ ही कंपनी की छवि भी धूमिल होने से बचती।

# मनाई गई इंदिरा गांधी की जयंती

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**




देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की अध्यक्षता में दर्जनों कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय के प्रांगण में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता से कभी कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने देश में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया तथा पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में बांग्लादेश को स्वतंत्र देश बनवाया। इसके साथ ही उन्होंने कोलफील्ड का राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति, रिहंद बांध, बनवाए। विधवा वृद्धा विकलांग पेंशन से लेकर गरीबों को आवास तक की व्यवस्था इंदिरा गांधी ने की।
साथ ही देश को आर्थिक रूप से मजबूत किया। उन्होंने इंदिरा गांधी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यो की सराहना की। इस मौके पर जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पीसीसी सदस्य लाल पद्माकर, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र, हौसिला भीम, सुनील चौहान, नन्दलाल मौर्य, शक्ति तिवारी, तेजबहादुर पाठक, असलम अंसारी आवेश अहमद, हाजी फ़िरोज़ अहमद, ओमप्रकाश दूबे, सुव्रत सिंह, पवन मिश्रा (नन्हे), सिराज सिद्दीकी, इमरान अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# आईएमए द्वारा डायबिटीज के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकाली गई रैली

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली के तत्वावधान में विश्व भर में मनाया जा रहे डायबिटीज सप्ताह के परिपेक्ष्य में रविवार को प्रातः 7 बजे से एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस में डायबिटीज के प्रति जागरूकता फैलाना था इस विशाल वाकथन रैली में आईं एम ए के अलावा समाज के विभिन्न संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभागिता प्रदर्शित की इस रैली का आयोजन प्रातः 7:00 बजे स्थानीय मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में पुलिस अधीक्षक रायबरेली आलोक प्रियदर्शी ने अपनी पत्नी प्रीति प्रियदर्शी के साथ फ्लैग ऑफ करके इस कार्यक्रम की शुरुआत की उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, एडीएम वित्त एवं राजस्व पूजा मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह जी सीओ सिटी अमित सिंह ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता एवं सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत डॉक्टर मनीष चौहान द्वारा किया गया। मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू हुई यह रैली पुलिस लाइन चौराहा कैनाल रोड डिग्री कॉलेज चौराहा आईं एम ए भवन से होते हुए नेहरू नगर इंदिरा नगर पुलिस चौकी जेल रोड होते हुए वापस स्टेडियम पर जाकर यह रैली समाप्त हुई। इन मार्गों में मिलने वाले सभी लोगों को मधुमेह के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया एवं उनके अंदर यह जागरूकता फैलाई गई कि मधुमेह से हम किस तरीके से बचाव कर सकते हैं कैसे अपने खान-पान को सुधार सकते हैं किन-किन व्यायामों के आधार पर अपने जीवन शैली में सुधार लाकर मधुमेह से बचाव किया जा सकता है स्टेडियम में गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि डायबिटीज कि इस तरह की एक्टिविटी से डायबिटीज के लोगों को सही इलाज खान-पान एवं व्यायाम की भी जानकारी मिलेगी पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने आईएमए के इस प्रोग्राम की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं इसके उपयोगिता को भी वर्णित किया एवं जनमानस से अपील की की रोज सुबह व्यायाम को महत्व दें एवं स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर इस रोग को दूर भगाएं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी की धर्म पत्नी प्रीति प्रियदर्शी ने भी इस कार्यक्रम में अपनी पूर्ण सहभागिता प्रदान की एवं सभी के साथ इस 5 किलोमीटर वाकथन में उन्होंने अपनी सहभागिता प्रदान की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने भी डायबिटीज से लोगों को सचेत रहने को कहा और इस रोग के लिए प्रातः भ्रमण को महत्व दिया और समझाया कि लगभग 45 मिनट या 5 किलोमीटर तेज चाल से सुबह टहले जिससे कि इसका फायदा मधुमेह रोगियों को अवश्य होगा मंच पर आसीन मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आईएमए को बधाई दी और ऐसे ही कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आईएमए को प्रेरित किया एडीएम वित्त एवं फाइनेंस पूजा मिश्रा ने बताया कि प्रातः जल्दी उठना स्वास्थ्य के लिए कितना लाभदायक है और इसके कितने फायदे हमें मिलते हैं उन्होंने सभी से अनुरोध किया की प्रातः उठें और टहलें।
सीओ सिटी अमित सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किया इस विशाल रैली का रास्ते में यलो बार ऑरेंज बार व्हाइट बार ग्रीन बार काउंटर्स पर स्वागत किया गया जहां पर पानी एवं जूस की व्यवस्था विभिन्न संस्थाओं द्वारा की गई थी।

# छठी मइया क किरपा आप सब पर बनल रहे, सबकर जीवन खुशहाल रहे: सीएम योगी

* मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छठ प्रकृति और परमात्मा के प्रति कृतिज्ञता ज्ञापित करने का पर्व है क्योंकि इस पर्व पर सभी व्रती महिलाएं सूर्य को अर्क देने के साथ नदियों में दूध भी अर्पित करती हैं। सीएम योगी ने कहा कि जल यह हमारे जीवन का प्रतीक है।
* परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता और बहीनन के हमरे तरफ से विशेष मंगलकामना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि छठ पूजा में आईके हमरा बड़ा आनंद महसूस हो रहल बा। सीएम योगी ने अपने अंदाज में भोजपुरी समाज को छठ के पर्व की शुभकामनाएं दी।



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोक आस्था के पर्व छठ पूजा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार शाम को लक्ष्मण मेला मैदान पहुंचे। जहां वह भोजपुरी समाज के साथ छठ पूजा में शामिल हुए। इस दौरान अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभूनाथ राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता और बहीनन के हमरे तरफ से विशेष मंगलकामना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि छठ पूजा में आईके हमरा बड़ा आनंद महसूस हो रहल बा। सीएम योगी ने अपने अंदाज में भोजपुरी समाज को छठ के पर्व की शुभकामनाएं दी। सीएम योगी ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ के आप सब के बहुत बहुत बधाई और शुभकामना। छठी मैया की किरपा आप सब पर बनल रहे, सबकर जीवन खुशाल रहे, आप सब के जीवन में उमंग और उत्साह बनल रहे, परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता और बहीनन के हमरे तरफ से विशेष मंगलकामना। उन्होंने कहा कि हमारा देश आस्था का देश है। यही आस्था हम सभी को उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम पूरे भारत को एकता के सूत्र में जोड़ती है। इस आस्था ने ही विपरीत परिस्थितियों में पूरे भारत को एकजुट करके रखा है। उन्होंने कहा कि मध्यकाल में विदेशी आक्रांताओं ने धर्म स्थलों को अपवित्र और क्षतिग्रस्त किया था, लेकिन हमारी आस्था ने ही हमारी परंपरा और विरासत को संजोए रखा है। दुनिया में कई देश ऐसे हैं जिन्होंने अपना भौतिक विकास तो किया, लेकिन परंपरा और विरासत को भूल गए। आज उनके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हुआ है। हमारा देश पर्व और त्योहारों का देश माना जाता है। देशभर में अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रकार की परंपराएं हैं, जो वहां की लोक आस्था के साथ विशिष्ट आयोजनों से आम जनमानस को अपने साथ जोड़ती है और पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधती है। इसी लोक आस्था का परिणाम है कि 500 वर्षों तक राम जन्मभूमि के लिए आंदोलन और संघर्ष हुआ। अंततः विजयश्री प्राप्त हुई और जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमल से अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण का कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। जल को शुद्ध और साफ रखना हमारा दायित्व। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छठ प्रकृति और परमात्मा के प्रति कृतिज्ञता ज्ञापित करने का पर्व है क्योंकि इस पर्व पर सभी व्रती महिलाएं सूर्य को अर्क देने के साथ नदियों में दूध भी अर्पित करती हैं। सीएम योगी ने कहा कि जल यह हमारे जीवन का प्रतीक है। हम इस जल को शुद्ध और साफ रखें, यह हमारा दायित्व बनता है। ऐसे में आयोजन के बाद आयोजकों का दायित्व बनता है कि वह खुद और प्रशासन की मदद से घाटों की नदियों के स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़े। हमे यह भूलना नहीं चाहिये कि जल है तो जीवन है। हम सब जल और प्रकृति की शुद्धता- सौंदर्य को बनाए रखने के लिए जितना प्रयास करेंगे, वह हमारे मानव जीवन के लिए उत्तम होगा। इन सभी कार्यक्रमों के साथ हमें निरंतर जुड़ते रहना चाहिए। सीएम योगी ने अंत में कहा कि छठी मैया का आशीर्वाद आप सभी पर बनल रहे।कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मेयर सुषमा खर्कवाल, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, विधायक योगेश शुक्ला, भाजपा नेत्री अर्पणा यादव आदि मौजूद रहे।



## स्पेशल ट्रेनों का हाल: दूरी कम, किराया ज्यादा, 1100 रुपये पहुंचा लखनऊ से कानपुर का थर्ड एसी का किराया

* स्पेशल ट्रेनों का किराया आसमान छू रहा है। टिकट खरीदने में यात्रियों की सांस फूल रही है। प्रतापगढ़ की फेस्टिवल स्पेशल के सेकंड एसी में सफर करने पर 1490 रुपये खर्च हो रहे हैं।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ। कानपुर की दूरी भले ही लखनऊ से महज 90 किमी. हो, पर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का यहां का किराया आसमान छू रहा है। कानपुर ही क्यों, हरदोई, प्रतापगढ़ जैसे कम दूरी वाले स्टेशनों का भी किराया सुनकर यात्रियों की सांसें फूल रही हैं। थर्ड व सेकंड एसी के किराये पर नजर दौड़ाएं तो लखनऊ से कानपुर का किराया 1100 रुपये, प्रतापगढ़ का 1490 व हरदोई का 1050 रुपये तक पहुंच गया है। ऐसे में रेलवे बोर्ड की मंशा, नीतियों व दावों पर सवाल उठना लाजिमी है। त्योहार पर ट्रेनों में खासी मारामारी रहती है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा के नाम पर रेलवे प्रशासन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों को चलाता है, जिनका किराया सामान्य ट्रेनों से अधिक होता है। पर, यह बढ़कर इतना हो जाता है, जिससे आम यात्रियों का सफर मुहाल हो जाता है। लखनऊ से कानपुर जाने के लिए बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल (02563) की थर्ड एसी में शनिवार को 370 सीटें खाली थीं, यात्रियों ने 1050 रुपये में टिकट बुक करवाए। इस ट्रेन का स्लीपर का किराया 385 रुपये था। यही नहीं डिब्रूगढ़-नई दिल्ली स्पेशल (02569) में कानपुर के लिए स्लीपर का किराया शनिवार को 415 रुपये पहुंच गया। थर्ड एसी में 169 सीटें खाली थीं, जिनकी बुकिंग 1100 रुपये में हुई। दिल्ली फेस्टिवल स्पेशल (05315) में 21 नवंबर को लखनऊ से हरदोई जाने वालों को थर्ड एसी के टिकट के लिए 1050 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। इसी ट्रेन में स्लीपर श्रेणी का टिकट 385 रुपये में बुक किया गया। हालांकि, इस ट्रेन के सेकंड सिटिंग क्लास यात्रियों को खासी राहत दे रही है।

### स्पेशल ट्रेन से प्रतापगढ़ जाना भी मुहाल

लखनऊ से मां बेल्हादेवी प्रतापगढ़ स्टेशन के लिए नई दिल्ली स्पेशल (04080) में रविवार को सेकंड एसी का किराया 1490 रुपये पहुंच गया। जबकि थर्ड एसी का किराया 1100 रुपये व स्लीपर का 415 रुपये है। इस रूट पर लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी में चेयरकार का किराया 315 रुपये है। वहीं, नीलांचल में थर्ड एसी का किराया 555 रुपये है।

### महंगे किराये पर लगे रोक

दैनिक यात्री एसोसिएशन के अध्यक्ष एसएस उप्पल कहते हैं कि त्योहारों पर ट्रेनों में सीटों की मारामारी जगजाहिर है। ऐसे में फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों की घोषणा ऐन मौके पर क्यों की जाती है? इतना ही नहीं, इनका संचालन आम ट्रेनों जैसा ही होता है, तो फिर किराया इतना महंगा क्यों? इस पर रोक लगनी चाहिए।

## 'जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023' का भव्य उद्घाटन सी.एम.एस. में आज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय भूगोल ओलम्पियाड 'जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023' का भव्य उद्घाटन कल 20 नवम्बर, सोमवार को अपरान्हः 4.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा। स्वामी प्रेम परिवर्तन पीपल बाबा, संस्थापक, गिव मी ट्रीज ट्रस्ट, समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्र देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों, शिक्षकों व भूगोल विशेषज्ञों के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि 'जियोफेस्ट इण्टरनेशनल-2023' में प्रतिभाग हेतु प्रतिभागी छात्र टीमों के लखनऊ पधारने का सिलसिला आज दिन भर जारी रहा। लखनऊ पधारी सभी छात्र टीमों भव्य स्वागत हुआ, जिससे ये मेहमान छात्र गद्गद् नजर आये। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिभागी छात्र टीमों के पधारने का सिलसिला आज देर रात एवं कल भी जारी रहेगा।

## सरकार खुद जा रही गांव व गरीबों के पास: केशव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है और इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है ।

## दो युवकों के बीच हुई कहा सुनी, अज्ञात युवक ने चलाई गोली, युवती घायल






**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बीकेटी थाना क्षेत्र कस्बे में दोपहर लगभग डेढ़ बजे सीतापुर राजमार्ग पर तकिया कस्बे के पास गोली चलने से कस्बे में सनसनी मच गई। बता दें कि जानकारी के अनुसार भैंसामऊ निवासी नागेंद्र प्रताप यादव अपने निजी काम को निपटाकर बीकेटी कस्बे से अपने गांव को जा रहे थे तभी रास्ते में गाड़ी निकालने को लेकर स्पलेंडर मोटरसाइकिल सवार अनजान युवक से नागेंद्र की बहस हो गई और इस खुन्नस में ओवरटेक कर मोटरसाइकिल सवार युवक ने तकिया कस्बे के पास नागेंद्र को रोक लिया व झगड़ा करने लगा तभी झगड़ा बढ़ने के दौरान नाराज युवक ने तमंचा निकालकर नागेंद्र यादव पर फायर झोंक दिया, लेकिन निशाना चूकने से पास खड़ी युवती अफसाना नाम को जा लगी, फायर झोंकने के बाद मोटरसाइकिल सवार अनजान युवक सीतापुर की तरफ भाग निकला। वहीं गोली लगने से घायल युवती के घर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिवारजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल युवती को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया व मामले की तफ्तीश में जुट गई। वहीं घटना के मामले में पुलिस जानकारी देने से बचती रही। इस विषय पर बात करने पर थानाध्यक्ष बीकेटी राजेश सिंह राणा ने बताया कि अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है व पुलिस हमलावर की शिनाख्त में लगी हुई है।

## प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की सबसे तेजस्वी ज्वाला लक्ष्मी बाई: हृदयनारायण

* 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अनेक लोगों ने बलिदान दिया किन्तु इस स्वतंत्रता संग्राम की सबसे तेजस्वी ज्वाला लक्ष्मीबाई ही थीं।

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारत समृद्धि के तत्वावधान में जन्म जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में महारानी लक्ष्मी बाई को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके जीवन से संबंधित अनेक वीरोचित घटनाओं का स्मरण किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उप्र विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष मा हृदय नारायण दीक्षित थे तथा मुख्य वक्ता ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे थे। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ. सी.के कंसल, श्यामजी त्रिपाठी सदस्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग उ.प्र, श्रीमती पुष्प लता अग्रवाल संस्थापक अध्यक्ष सेंट जोसेफविद्यालय समूह लखनऊ, प्रोफेसर बृजेन्द्र पांडे, राजनीति शास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज व कार्यक्रम अध्यक्ष राम कुमार वर्मा अध्यक्ष व्यापार मंडल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उप्र विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई स्वराज्य के लिए लड़ीं और स्वराज्य की नीव बनकर उन्होंने अपने जीवन की आहुति दी।

उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अनेक लोगों ने बलिदान दिया किन्तु इस स्वतंत्रता संग्राम की सबसे तेजस्वी ज्वाला लक्ष्मीबाई ही थीं। उन्होंने कहा कि आज महारानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रवाद की भावना के साथ भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने में जुटे, यही आज उनकी जन्म जयंती को सार्थक बना सकेगा। मुख्य वक्ता शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि जब प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की बात होती है तो असंख्य योद्धाओं का स्मरण करना जरूरी है जिन्होंने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया। महारानी लक्ष्मीबाई के साथ मुख्य रूप से नाना साहेब पेशवा, बहादुर शाह जफर,वीर कुंवर सिंह, तात्या टोपे, तोपची गौस खां, मौलवी अजीमुल्ला,बेगम हजरत महल का स्मरण किये बिना इस महान क्रांति को नही समझा जा सकता। किन्तु महारानी लक्ष्मीबाई के बिना 1857 की क्रान्ति का इतिहास लिखा ही नहीं जा सकता। उन्होंने कहा अंग्रेजों के प्रबल सेनापति जनरल ह्यूरोज को सपने में भी लक्ष्मीबाई का पराक्रम दिखता था। लक्ष्मीबाई विद्रोहियों में सर्वाधिक वीर और सर्वश्रेष्ठ दर्जे की सेनानी थीं। वीर सावरकर ने लिखा 1857 में मातृभूमि के हृदय में जो ज्योति प्रज्वलित हुई, उसने आगे चलकर विस्फोट कर दिया, सारा देश बारूद का भंडार बन गया,हर ओर संघर्ष और युद्ध का तांडव होने लगा।

यह ज्वालामुखी का विस्फोट था किंतु बाबा गंगादास की कुटिया के पास 18 जून 1858 को जली चिता की ज्वाला 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के ज्वालामुखी से निकली सबसे तेजस्वी ज्वाला थी। उन्होंने कहा की महारानी लक्ष्मीबाई के नेतृत्व में हुई 1857 की क्रांति विश्व की एक महान आश्चर्यजनक, अत्यंत प्रभावी और परिवर्तनकारी घटना थी। इसने न केवल ब्रिटिश साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद की चूलें हिला दीं अपितु यूरोप में भी नवचेतना जागृत की। यह किसी उत्तेजना से उत्पन्न आंदोलन नहीं था। इसके राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक तीनों आयाम थे। उन्होंने कहा लक्ष्मी बाई के प्रति सम्मान में कवियत्री सुभद्रा कुमारी चौहान की खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थीष् एक कालजयी रचना है। बुंदेलखंड में प्रचलित लोकगीत की कुछ पंक्तियां खघूबई लड़ी रे मर्दानी, खघूबई जूझी रे मर्दानी बा तो झांसी वारी रानी। अपने सिपहियन को लड्डू खबावें , आपई पियें ठंडा पानी बा तो झांसी वारी रानी।संगोष्ठी का संचालन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने किया। भारत समृद्धि के महामंत्री धीरज उपाध्याय और त्रिवेणी मिश्र ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भारत सरकार ने मऊ से मुंबई के बीच एक नई ट्रेन को दी मंजूरी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के प्रयासों से पूर्वांचल सहित उत्तर प्रदेश को छठ पर्व पर भारत सरकार ने एक बड़ा तोहफा दिया है। भारत के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी के पत्र का संज्ञान लेते हुए एवं उनके अनुरोध पर एक नई सासाहिक एक्सप्रेस रेलगाड़ी मऊ से मुंबई तक को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय रेल मंत्री श्री वैष्णव ने इस बात की जानकारी स्वयं मंत्री श्री शर्मा को फोन पर दी। लोक आस्था के इस महापर्व छठ पूजा पर भारत सरकार द्वारा मऊ से मुंबई तक एक नई सासाहिक रेलगाड़ी की मंजूरी मिलना पूर्वांचल सहित उत्तर प्रदेश के लिए एक तोहफे से कम नहीं, जिसके लिए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हृदय से धन्यवाद् किया है। मंत्री श्री शर्मा ने भारत सरकार के रेल मंत्रालय से मऊ, आजमगढ़, शाहगंज, मुम्बई वाया प्रयागराज, कानपुर से नई ट्रेन संचालन के लिए आग्रह पत्र लिखा था।

## यूपी: हलाल प्रमाण पत्र जारी करने में फर्जीवाड़ा, कंपनियों पर केस, राष्ट्र विरोधी साजिश का आरोप, हुई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

हलाल प्रमाण पत्र को लेकर हजरतगंज थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई है। जिसमें प्रमाण पत्र जारी करने वाली चार कंपनियों, राष्ट्र विरोधी साजिश रचने वालों , आतंकी संगठनों को फंडिंग करने वाले अज्ञात व अन्य को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए कंपनियां फर्जीवाड़ा कर हलाल प्रमाण पत्र जारी कर रही हैं। एक विशेष वर्ग को प्रभावित कर आर्थिक लाभ लेने की साजिश बताया गया है। पुलिस अब प्रकरण की तफ्तीश कर रही है। ऐशबाग निवासी भाजपा के अवध क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा के मुताबिक जिन उत्पादों (खासकर शाकाहारी) में हलाल प्रमाण की जरूरत नहीं होती है। वह भी हलाल प्रमाण पत्र ले रही है। ये पूरा फर्जीवाड़ा उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। शैलेंद्र के मुताबिक इससे जन आस्था से खिलवाड़ कर एक समुदाय विशेष को प्रभावित किया जा रहा है। आरोप है कि इसमें राष्ट्र विरोधी साजिश रचने और आतंकवादी संगठनों को फंडिंग करने वाले लोग शामिल हैं। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी, साजिश रचने, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, आपसी सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास जैसी धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

**दुष्प्रचार किया जा रहा है..**

शैलेंद्र का आरोप है कि साजिश रचकर ये पूरा खेल किया जा रहा है। इसमें समाज में ये भी प्रचारित किया जा रहा है कि जो उत्पाद हलाल प्रमाणित नहीं है उसको न खरीदें। यही नहीं तेल, साबुन, टूथपेस्ट व मधु जैसे उत्पादों को भी हलाल प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। जो मानक के खिलाफ है। इसलिए उनका आरोप है कि इसमें प्रमाण पत्र जारी करने वाली कंपनियां भी शामिल हैं।

**ये होता है हलाल प्रमाण पत्र**

मुस्लिम धर्म के अनुसार हलाल का मतलब जायज होता है। खाद्य व सौंदर्य उत्पाद पर हलाल के प्रमाण पत्र का मतलब ये है कि ये उत्पाद जायज है। इसमें मुस्लिम लोगो के लिए जो हराम चीजे हैं वो इसमें नहीं है। जानकार बताते हैं कि मुस्लिम देशों में एक्सपोर्ट करने के लिए ये हलाल प्रमाण पत्र जरूरी होता है।

**इन पर दर्ज हुई एफआईआर**

- हलाल इंडिया प्राइवेट लिमि चैन्नई
- जमीयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट दिल्ली
- हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई
- जमीयत उलेमा महाराष्ट्र मुंबई
- अन्य अज्ञात कंपनियां व उनके मालिक-प्रबंधक
- राष्ट्र विरोधी षडयंत्र करने वाले
- आतंकवादी संगठन व राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को फंडिंग करने वाले।
- अन्य अज्ञात

**क्या बोला मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड**

हलाल प्रमाणपत्र गैरकानूनी नहीं है। इस्लाम में कई चीजें ऐसी हैं, जिनका खाना प्रतिबंधित है। बाजार में मिलने वाली वस्तु के हलाल प्रमाण पत्र से मुस्लिम समुदाय को उसे खरीदने में आसानी होती है। वहीं हलाल प्रमाण पत्र देने वाली संस्थाएं भी मान्यता प्राप्त हैं।

**– डॉ. कासिम रसूल इलियास, प्रवक्ता, आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड।**

**हमें पता हो कि क्या हराम है**




क्या हमें खाना है, क्या चीज हमें इस्तेमाल करनी है। यह तमाम चीजें इस्लाम के दायरे में होनी चाहिए। जो चीज हम इस्तेमाल कर रहे हैं, वह हलाल है या हराम है। इन सब बातों की हमें जानकारी होनी चाहिए। अब यह बात सामने आई है, जहां पर हलाल सर्टिफिकेशन में या किसी भी चीज में हलाल है या हराम को बताने में पाबंदी लगाई जा रही है। लगता है बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट में और इकोनॉमी में नुकसान होगा। यह हमारे मुल्क की इकोनॉमी के लिए और मुसलमान के लिए बेहतर नहीं है।

**–सुफियान निजामी, प्रवक्ता, दारुल उलूम फरंगी महली।**

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### केशव प्रसाद मौर्य की नाराजगी और बढ़ी तो यूपी में बढ़ सकती हैं भाजपा की मुश्किलें

**आज बीजेपी में पिछड़े और दलित नेताओं का पूरी तरह से अभाव है, जो एक-दो दलित या ओबीसी नेता सामने दिखाई भी देते हैं, उनकी अपने समाज में पैठ नहीं के बराबर है। कुल मिलाकर आज की तारीख में बीजेपी आलाकमान ने दलितों और ओबीसी को लुभाने के लिए अपने कुछ अगड़ी जाति के नेताओं को आगे कर रखा है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के समय यह सही तरह से पता चल पायेगा कि दलितों और ओबीसी समाज को ऊंची जाति के रहनुमाओं की सरपरस्ती कितनी रास आती है।**

*उत्तर प्रदेश में बीजेपी के दिग्गज नेता और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। मौर्या बीजेपी का बड़ा चेहरा है। खासकर पिछड़ा समाज को लुभाने के लिए बीजेपी आलाकमान वर्षों से केशव प्रसाद मौर्या की 'ताकत' का इस्तेमाल करता रहा है। पूर्वांचल में केशव का खास दबदबा है। केशव की ताकत का अंदाजा इसी से लग जाता है कि बीजेपी ने 2017 के विधान सभा चुनाव केशव प्रसाद मौर्या को एक तरह से सीएम चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट करके चुनाव लड़ा और समाजवादी पार्टी को बड़े अतंर से हरा का सामना पड़ा था, लेकिन जब सीएम बनने की बारी आई तो केशव मौर्या को उनके खिलाफ चल रहे कुछ मुकदमों का हवाला देते हुए साइड लाइन कर दिया गया और बीजेपी आलाकमान ने हिन्दुत्व का नया प्रयोग करते हुए सीएम के रूप में गोरखपुर के तत्कालीन सांसद योगी आदित्यनाथ का चेहरा आगे कर दिया। परंतु बाद में पिछड़ों की नाराजगी को भांपते हुए केशव प्रसाद मौर्या को डिप्टी सीएम की कुर्सी दी गई, जिस पर बैठने से पहले तो केशव ने मना कर दिया, लेकिन हाईकमान के कहने पर उन्हें बेमन से डिप्टी सीएम बनना पड़ गया। उनके साथ ही ब्राह्मणों को लुभाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डा0 दिनेश शर्मा को भी उप मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई। बाद में दिनेश शर्मा की जगह बृजेश पाठक को यह (उप मुख्यमंत्री की) जिम्मेदारी सौंप दी गई। केशव डिप्टी सीएम तो बन गये थे, लेकिन इसके साथ ही उनकी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ट्यूनिंग नहीं बैठने की खबरें भी आने लगीं। केशव प्रसाद मौर्या और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कालीदास मार्ग पर सरकारी आवास अगल-बगल था, परंतु दोनों के बीच मुलाकात नहीं होती थी। हद तो तब हो गई जब केशव प्रसाद मौर्या के पिता जी का निधन हो गया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके आवास जाकर शोक व्यक्त करने में हफ्ते भर का समय लग गया। इसके बाद तो अक्सर ही कुछ महीनों के अंतराल पर योगी और केशव के बीच मनमुटाव की खबरें आम होने लगीं, जिसको समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव खूब हवा देते हैं। अखिलेश डिप्टी सीएम को स्टूल वाला उप मुख्यमंत्री तक कह कर संबोधित करते रहे हैं। वह अक्सर कहते रहते हैं कि केशव यदि समाजवादी पार्टी में आ जायें तो समाजवादी पार्टी उन्हें सीएम बना देगी। दरअसल बीजेपी में केशव प्रसाद मौर्या की बेइज्जती की खबरें फैला कर अखिलेश पिछड़ों को बीजेपी की खिलाफ भड़काने की मुहिम लम्बे समय से चला रहे हैं। इधर आजकल एक बार फिर से केशव प्रसाद मौर्या की नाराजगी की खबरें आ रही हैं। हाल ही में अयोध्या में योगी की कैबिनेट की बैठक और इसके बाद अयोध्या में ही दीपोत्सव कार्यक्रम से लेकर अन्य कई सरकारी कार्यक्रमों में केशव प्रसाद मौर्या की अनुपस्थिति को केशव की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं क्या ये महज एक संयोग है या फिर बात कुछ और है। आजकल केशव प्रसाद मौर्य के मन में क्या चल रहा है, इसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। जरूरी नहीं कि हर बात जुबान से कही जाए। कई बार तो इशारे और कुछ मौकों पर उनकी गैर मौजूदगी ही सब कुछ कह जाती है। जिन्हें समझना है वे समझ ही जाते हैं। केशव प्रसाद मौर्या पिछड़ा समाज से आते हैं और पिछड़ा समाज को लुभाने के लिए बीजेपी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, फिर केशव की अनदेखी क्यों हो रही है, इस सवाल का जवाब हर जागरूक नागरिक और बीजेपी के नेता/कार्यकर्ता जानना चाहते हैं। केशव की नाराजगी या कहें कि पार्टी में उनकी अनदेखी के चलते राजनीति के गलियारे में यह चर्चा आम है कि बीजेपी क्यों किसी बड़े दलित या पिछड़ा समाज के नेता को आगे बढ़ा या पचा नहीं पाती है।*

---

**एक्सप्रेस आलेख**

**आईजीआई की भीड़ कम करने, यात्रियों की सहूलियत बढ़ाने के लिए इसे जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इसके लिए 74 किलो मीटर लंबा मेट्रो कॉरीडोर बनना भी तय है। जिस पर 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से मेट्रो दौड़ेगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जेवर एयरपोर्ट को एयर कार्गो का हब भी बनाना चाहती है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर 40 एकड़ में एमआरओ (मेंटीनेंस रिपेयरिंग एंड ओवर हॉलिंग) की सुविधा दी जाएगी। यानी यहीं देश विदेश के विमानों की सर्विसिंग भी इसी एयरपोर्ट पर होगी। वर्तमान में भारत के 85 प्रतिशत विमानों को एमआरओ के लिए विदेश भेजना पड़ता है। जिसपर प्रतिवर्ष 15 हजार करोड़ रुपए खर्च होते हैं।**

# क्यों देश को इंतजार है नोएडा एयरपोर्ट शुरू होने का



**आर.के. सिन्हा**

**योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट को कनेक्टिविटी के मॉडल के रूप में विकसित कर रही है। यहां आने-जाने के लिए टैक्सी, मेट्रो और रेल तक की कनेक्टिविटी सुगम होगी। एयरपोर्ट से निकलते ही यात्री सीधे यमुना एक्सप्रेसवे पर जा सकते हैं, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे तक जा सकते हैं।**

अगर सब कुछ योजना के चलता रहा तो उत्तर प्रदेश के जेवर में तेजी से बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली उड़ान अगले साल मार्च के महीने में अपने सफर पर चली जाएगी। यानी अब छह से भी कम महीनों का वक्त बचा है, इसे शुरू होने में। पहले कहा जा रहा था कि यहां से पहली फ्लाइट साल 2024 के अंत में ही उड़ान भरेगी। नोएडा एयरपोर्ट जितना जल्दी शुरू हो जाए उतना ही भारत आने और यहां से जाने वाले करोड़ों मुसाफिरों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर होगी। भारत सरकार का उड्डयन एवं गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार मिल कर कोशिश कर रहे हैं ताकि नोएडा एयरपोर्ट वक्त से पहले ही शुरू हो जाए। नोएडा एयरपोर्ट का तुरंत बनना इसलिए भी जरूरी है ताकि इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) को यात्रियों की भीड़ से बचाया जा सके। इधर भीड़ के चलते बदइंतजामी और अराजकता के हालात बने रहते हैं। यात्रियों को तीन-तीन घंटे लाइन में लगना पड़ना आज के दिन आम बात हो गई है। आईजीआई एयरपोर्ट पर साल दर साल यात्रियों की भीड़ बढ़ती ही चली जा रही है। आप जानते हैं कि आईजीआई से प्रतिदिन हजारों भारतीय सात समंदर पार यात्रा के लिए जा रहे हैं तो इतने ही दुनिया के अलग अलग भागों से दिल्ली आ भी रहे होते हैं। पिछले साल 2022 में तो यह दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गया। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) की रिपोर्ट की मानें तो आईजीआई एयरपोर्ट से साल 2022 में लगभग 5.95 करोड़ लोगों ने यात्रा किया। यह भारत का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट भी है। शायद यही वजह है कि आईजीआई एयरपोर्ट की वृहद् सुविधाएं भी भीड़ के सामने अब बौनी साबित होने लगी हैं। क्या कुछ साल पहले 31 मार्च, 2006 को जब आईजीआई शुरू हुआ तो किसी ने भी यह सोचा था कि इधर मुसाफिरों की भारी भीड़ से सारी व्यवस्थाएं चरमराने लगेंगी? अगर इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलेगा कि राजधानी दिल्ली में सबसे पहले 10 मार्च, 1931 को सफदरजंग एयरपोर्ट का विधिवत उदघाटन हुआ था। हालांकि इससे दो बरस पहले 1929 में ही इसकी सांकेतिक स्थापना भी हो गई थी। तब इसका नाम विलिंग्डन एयर फील्ड था। फिर इसका कुछ समय के बाद नाम कर दिया गया विलिंग्डन एयरपोर्ट।



**कई बडी एयरलाइंस कंपनियों ने जेवर एयरपोर्ट को एशिया पैसिफिक ट्रांजिट हब बनाने में भी दिलचस्पी दिखाई है। इसमें एयर इंडिया, एयर एशिया, विस्तारा, इंडिगो आदि शामिल है। इससे एयरपोर्ट में यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी।**

देश के आजाद होते ही विलिंग्डन एयरपोर्ट का नाम हो गया सफदरजंग एयरपोर्ट। बताते हैं, इधर कुछ विमान 1927 से ही उतरने लगे थे। दूसरे विश्व युद्ध में इसका मित्र देशों की सेनाओं ने भरपूर इस्तेमाल भी किया था। दिल्ली का यही 1962 तक मुख्य हवाई अड्डा रहा। उसके बाद पालम एयरपोर्ट बन गया। सफदरजंग एयरपोर्ट को सुरक्षा कारणों से 2002 में बंद कर दिया गया था। इसे अमेरिका में 26/11 की भयंकर घटना को देखते हुए बंद किया गया था ढ्ढ अब भी यहीं से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट हस्तियां अपने सफर पर निकलते हैं। फिर से वर्तमान में लौटेंगे। आईजीआई के शुरू होने के 20 साल के भीतर ही देश को एक नए विश्व स्तरीय एयरपोर्ट की जरूरत महसूस हुई। यह सुबूत है कि देश के एविएशन सेक्टर का तेजी से विकास और विस्तार हो रहा है। इसलिए ही ग्रेटर नोएडा में जेवर एयरपोर्ट को बनाने पर निर्णय लिया गया। जान लें कि तीस हजार करोड़ रुपये की लागत से 1334 हेक्टेयर में बन रहा जेवर एयरपोर्ट भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। फिलहाल यात्रियों की आवाजाही के लिहाज से आईजीआई देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। एक बात और। जेवर एयरपोर्ट की टिकटें आईजीआई के मुकाबले सस्ती होंगी। ऐसा दिल्ली और यूपी में एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) शुल्क में अंतर के कारण संभव होगा। आईजीआई की तुलना में यात्रियों को प्रति टिकट 1,500 रुपये की बचत होगी। एविएशन मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि जब जेवर एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन शुरू हो जाएगा तो यहां से सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने लगेगी। यहां से देश के विभिन्न शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होंगी। उदाहरण के रूप में दिल्ली-मुंबई के बीच में प्रतिदिन लगभग 100 उड़ानें हैं। उनमें से करीब आधे को जेवर से संचालित किया जा सकता है। इसी तरह से बैंगलुरू, चेन्नई, काशी, पटना, रांची, लेह, गोवा और देश के दूसरे भागों में यहां से विमान उड़ सकते हैं। इसके अलावा लंदन, दुबई, ज्यूरिख या अमेरिका के शहरों को जाने वाली कुछ उड़ानें भी यहां से शुरू की जा सकती हैं। जेवर एयरपोर्ट से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रहने वाले हजारों विदेशी नागरिकों को भी लाभ होगा जो ऑफिस के काम से लगातार हवाई सफर करते रहते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बड़ी तादाद में दक्षिण कोरिया और जापान के नागरिक रहते हैं। इनमें पेशेवर, इंजीनियर, उद्यमी आदि शामिल है। आईजीआई की भीड कम करने, यात्रियों की सहूलियत बढाने के लिए इसे जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इसके लिए 74 किलो मीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनना भी तय है । जिस पर 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से मेट्रो दौडेगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जेवर एयरपोर्ट को एयर कार्गो का हब भी बनाना चाहती है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर 40 एकड़ में एमआरओ (मेंटीनेंस रिपेयरिंग एंड ओवर हॉलिंग) की सुविधा दी जाएगी। यानी यहीं देश विदेश के विमानों की सर्विसिंग भी इसी एयरपोर्ट पर होगी। वर्तमान में भारत के 85 प्रतिशत विमानों को एमआरओ के लिए विदेश भेजना पड़ता है।

---





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 27:15 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 21:17 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | ध्रुव, 20:30 |
| सूर्योदयः | 06:51 |
| सूर्यास्तः | 17:21 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 08:10-09:28 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:45-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

**एक्सप्रेस कविता**

*नाजुक से एहसास है मेरे,*
*ऐसे कुछ पल खास है मेरेद्य*
*नजरों की खुशबू,नम एहसास,*
*जैसे तू हो कहीं आसपास मेरे।*
*पुरनम सांसें जब आई मुझ तक,*
*नम ओंठों की नमी लाई पास मेरे।*

*जान कर भी जान न पाया तुझको,*
*अधरों की खामोशी ना आई रास मेरे।*
*जुल्फों में छुपकर सूरज शर्मा गया,*
*तेरी आंखों के जुगनू हैं खास मेरे।*
*तेरी बेरुखी ही गजब आस हमारी,*
*इसे झुठलाने सही,आओ पास मेरे।*

-संजीव ठाकुर

**एक्सप्रेस ज्ञान**

*हमारे व्यक्तित्व का बदलाव हमारी सोच से ही प्रारम्भ होता है, यदि हम अपनी सोच को बदल दें, तो हमारी वाणी और कर्म खुद ही बदल जाएंगे।*

---

**एक्सप्रेस स्वास्थ्य**

# डायबिटीज में रोज करें सहजन के फल का सेवन, तेजी से घटेगा ब्लड शुगर



**मोरिंगा,** सहजन या ड्रमस्टिक ये सभी एक ही चीज के नाम। सहजन प्रकृति से मिली बहुत अनमोल चीज है। इसका सेवन करने से शरीर को जबरदस्त फायदे मिलते हैं। सहजन की पत्तियों, फल, जड़, तने और फूल का सेवन कई गंभीर बीमारियों में रामबाण माना जाता है। शुगर या डायबिटीज से लेकर हाई कोलेस्ट्रॉल तक की समस्या को ठीक करने में सहजन का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। सहजन में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम, विटामिन और मैग्नीशियम प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसका नियमित रूप से सेवन शरीर में बढ़े हुए ब्लड शुगर को कम करने में फायदा मिलता है।

**डायबिटीज में सहजन खाने के फायदेः** सहजन को पोषक तत्वों का पावरहाउस कहा जाता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट, प्रोटीन और खनिज शरीर को बीमारियों से बचाने और पोषण देने का काम करते हैं। न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट के रूप में भी सहजन का इस्तेमाल होता है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लिनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं कि, ÷सहजन में आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन ई, विटामिन बी 6 समेत राइबोफ्लेविन की पर्याप्त मात्रा होती है। इसके अलावा सहजन में फाइबर की पर्याप्त मात्रा होती है, जो ब्लड शुगर और वजन को भी कंट्रोल करने में भी मदद करते हैं।

**डायबिटीज में कैसे करें सहजन का सेवन?:** सहजन का नियमित रूप से सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों को कई फायदे मिलते हैं। इसमें मौजूद फाइबर ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करता है। साउथ इंडियन फूड्स में सहजन का इस्तेमाल खूब किया जाता है। आप रोजाना सहजन की सब्जी या इसके सूप का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा सहजन की पत्ती और फूल का सेवन भी डायबिटीज में फायदेमंद होता है। डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारी से बचने के लिए डाइट में सब्जियां, फल और साबुत अनाज को शामिल करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा नियमित रूप से शारीरिक श्रम या व्यायाम करने वाले लोगों में भी डायबिटीज का खतरा कम रहता है। अगर आपको भी डायबिटीज के लक्षण दिखाई देते हैं तो सबसे पहले खानपान और लाइफस्टाइल में सुधार करें और डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

---

**एक्सप्रेस विशेष**

# अग्निहोत्र यज्ञ है प्रदूषण मुक्ति का मार्ग



**हृदयनारायण दीक्षित**

**तैत्तिरीय आरण्यक (2.10) के अनुसार अग्नि में ह्विष्य से देवयज्ञ, पितरों को अन्न जल तर्पण से पितृयज्ञ, पशुपक्षियों को भोजन देने से भूतयज्ञ, विद्वानों अतिथियों को भोजन देने से मनुष्ययज्ञ पूर्ण होता है लेकिन स्वाध्याय से ब्रह्मयज्ञ पूरा होता है।**

**वैदिक** साहित्य प्रकृति के प्रति आदर से भरा पूरा है। इस आस्था का तर्क संगत विज्ञान भी है। जर्मनी के डॉ. कुलरिच बर्क वैदिक अग्निहोत्र विज्ञान को कई देशों तक पहुंचा रहे हैं। डॉ. बर्क बर्लिन विश्वविद्यालय में गणित के प्राध्यापक रहे हैं और लगभग चार दशक से वैदिक विज्ञान में सक्रिय हैं। डॉ. बर्क ने व्हाट इज डन एंड व्हाट कैन बी डन विद अग्निहोत्र शीर्षक से तीन सौ पृष्ठों का शोधपत्र बनाया। अग्निहोत्र विज्ञान पर उनके 20 से ज्यादा शोधपत्र विभिन्न देशों में प्रकाशित हुए हैं। डॉ. आरके पाठक बताते हैं कि, सूर्योदय के समय सम ऊर्जा, विद्युत् ऊर्जा उत्सर्जित होकर पृथ्वी को ऊर्जावान बनाती है। अग्निहोत्र से इसकी सकारात्मकता में वृद्धि होती है। इसी तरह सूर्यास्त के समय ऊर्जा का उत्सर्जन वापस वातावरण में मिलता है। उनके मुताबिक कई देशों में भारत के इस प्राचीन विज्ञान को अपनाया जा रहा है। डॉ. उलरिच बर्क 40 वर्ष से अधिकांश देशों में भारत के प्राचीन अग्निहोत्र विज्ञान का प्रचार कर चुके हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बागवानी संस्थान के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. आरके पाठक भी इस अभियान से जुड़े हैं। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, केरल और गुजरात के किसान भी इस अभियान का हिस्सा हैं। अग्निहोत्र यज्ञ कर्म का हिस्सा है। इससे प्रदूषण मुक्ति होती है। ऋग्वेद अग्नि स्तुति से ही प्रारम्भ होता है। कहते हैं, हम अग्नि की स्तुति करते हैं। अग्नि यज्ञ में पुरोहित हैं। यज्ञकर्ता को रत्न देने वाले हैं। (1.11) भारतीय परम्परा में यज्ञ असाधारण कर्मकाण्ड रहा है। वैदिक ज्ञान के तमाम सूत्र आधुनिक विज्ञान से भी सत्य हैं। ऋग्वेद में ही कहते हैं कि, यह सृष्टि यज्ञमय है। पूर्व काल में पूर्वजों ने तमाम यज्ञ किए थे। यज्ञ विधान का लगातार विकास हुआ है। यज्ञ में देव स्तुतियां हैं। यज्ञ का मूल तत्व स्वाहा है। स्वाहा का अर्थ समर्पण है। समर्पण कई तरह का है। हव्य समर्पण है। भाव समर्पण है। ज्ञान समर्पण है। अहंकार समर्पण है। गीता में यज्ञ को व्यापक अर्थ में समझाया गया है। श्रीकृष्ण कहते हैं, कुछ योगी देवताओं के लिए यज्ञ करते हैं जबकि अन्य यज्ञकर्ता ब्रह्म की अग्नि में स्वयं को ही अर्पित कर देते हैं। यज्ञ कई तरह के हैं। कुछ लोग अपनी भौतिक सम्पत्ति व योगाभ्यास से अर्जित शक्ति को यज्ञ में अर्पित करते हैं। उपनिषदों के समय सभी कर्मों को बंधनकारी माना जाता था। कर्मबंधन में बंधे व्यक्ति का पुनर्जन्म होता है। केवल यज्ञ ही बंधन में नहीं डालता। श्रीकृष्ण अर्जुन को बताते हैं, प्राचीन काल में प्रजापति ने यज्ञ से प्राणी उत्पन्न किए थे और कहा था कि, यज्ञ तुम्हारी सभी इच्छाओं को पूरा करेगा। श्रीकृष्ण कहते हैं, तुम यज्ञ के द्वारा देवताओं का पोषण करो। देवता तुम्हारा पोषण करेंगे। यहाँ देवताओं और मनुष्य के बीच सामान्य अनुबंध दिखाई पड़ता है। अनुबंध टूटता है। प्रकृति की शक्तियां कोप में होती हैं। तूफान आते हैं। अतिवृष्टि और अनावृष्टि होती है। भूमण्डल का ताप बढ़ता है। मनुष्य प्रकृति की शक्तियों के सम्मुख स्वाहा समर्पण करता है। प्रकृति की शक्तियां पोषण करती हैं। यजुर्वेद के एक मन्त्र में यज्ञ से प्रार्थना है, हे यज्ञ जहां तक द्यावा, पृथ्वी, समुद्र और दिशाएं हैं, वहां तक हम सभी प्राणी आपसे ऊर्जा पाते हैं। गीता (4.31) में श्रीकृष्ण कहते हैं, जो यज्ञ के बाद शेष बचे अन्न खाते हैं वह ब्रह्म को प्राप्त करते हैं। गीता का यज्ञ चक्र ध्यान देने योग्य है। श्रीकृष्ण कहते हैं, अन्न से प्राणी होते हैं। अन्न वर्षा से होता है और वर्षा यज्ञ से होती है। यज्ञ सत्कर्मों से उत्पन्न होता है। यहाँ यज्ञ को सत्कर्म कहा गया है। यज्ञ-चक्र' बहुत प्रेमपूर्ण कल्पना है। श्री कृष्ण बताते हैं, अन्न से प्राणी होते हैं। वर्षा से अन्न उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ कर्म से उत्पन्न होता है। (3.14) मनुस्मृति (3.76) में भी यही स्थापना है यज्ञ में दी गई आहुति सूर्य को मिलती है। सूर्य से पर्जन्य - मेघ आते हैं। वर्षा से अन्न पैदा होता है, अन्न से प्रजाए उत्पन्न होती हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् में कहते हैं परमतत्व से आकाश का जन्म हुआ। फिर वायु फिर अग्नि, जल और पृथ्वी की उत्पत्ति हुई। पृथ्वी से औषधियां और औषधियों से अन्न तथा अन्न से पुरुष उत्पन्न हुआ। यहां सृष्टि के विकास क्रम का वर्णन है। श्रीकृष्ण अन्न से प्रारम्भ करते हैं। यहां प्रत्यक्ष भौतिकवाद है। ब्रह्मवादी इसी चक्र को परम तत्व से प्रारम्भ करते हैं। यज्ञचक्र सतत प्रवाही है। श्रीकृष्ण कहते हैं जो इस यज्ञचक्र के संचालन में सहायक नहीं होता, वह इन्द्रिय सुखों में संलग्न दुष्ट स्वभाव वाला है और उसका जीवन व्यर्थ है। (3.16) यहां यज्ञ चक्र विरोधी को दुष्ट कहा गया।

**गीता का यज्ञ एक व्यापक अवधारणा है। यज्ञ का एक अंग दक्षिणा' है। दक्षिणा कर्मकुशलता का पारिश्रमिक है। दक्ष का अर्थ कुशलता होता है। ऋग्वेद (10.107.2) में भी दक्षिणा को अनिवार्य बताया गया है। वैदिक काल में यज्ञ का अनुभूत दर्शन था। अनुभूत दर्शन से यज्ञ संस्था का विकास हुआ। विकास के क्रम में कर्मकाण्ड की कई विधियां जुड़ी। वाजपेय यज्ञ में रथ में घोड़े जोते जाते थे, दौड़ होती थी।**

# विजातीय प्रेम संबंध तो नहीं बन गए मोहित की मौत का कारण

- मेडिकल एजेंसी पर काम करता था मोहित
- पिता का आरोप,शुभम ने बुलाया और मार दिया
- प्रेम प्रसंग से जोड़े जा रहे हत्या के तार
- शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**परिजनों ने कहा जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक नहीं करेंगे अंतिम संस्कार**

**एक आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी बाकी आरोपियों के लिए गठित की गई टीम मौके पर कई थानों की पुलिस मौजूद**



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। शनिवार को सिसैया स्थित एक बंद पड़ी क्रेशर के मैदान में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। बैट से टकराकर गेंद उछली तो घास से ढके क्रेशर का सीरा भरने के एक टैंक में जा गिरी। उसे निकालने के लिए जो बच्चा टैंक तक गया वह चिल्लाते हुए भागा %टैंक में तो लाश पड़ी है।% इतना सुनते ही सनसनी फैल गई। तमाम लोग टैंक के पास पहुंचे तो वहां सच में एक शव था। सूचना पर पुलिस ने आकर शव निकलवाया। मृतक की आँखों पर चश्मा चढ़ा हुआ था। जेब में रखा मोबाइल भी सुरक्षित था। नाक से खून आने और पीठ पर चोटों के निशान थे। लेकिन कपड़े व जूते व्यवस्थित थे। जमीन से करीब चार फीट ऊंचे और घास से ढके टैंक में यूं गिरने की संभावना नहीं थी। तथ्यों से पुलिस को भी हत्या की आशंका में बल महसूस हुआ। एसओ पंकज त्रिपाठी ने पहचान कराई तो पता चला कि युवक धौरहरा के मोहल्ला जवाहर नगर का 22 वर्षीय मोहित शुक्ल पुत्र मन्नू लाल शुक्ल है। वह गुरुवार से लापता था। उसकी तलाश के लिए घरवालों ने धौरहरा कोतवाली में तहरीर देने के साथ ही इंटरनेट मीडिया में भी फोटो और संदेश वायरल कर रखे थे। मोहित के पिता मन्नू लाल लखीमपुर में संकटा देवी स्थित एक मिठाई की दुकान पर नौकरी करते हैं। परिवार वहीं रहता है। मोहित धौरहरा के एक निजी क्लीनिक और कई डायग्नोस्टिक सेंटर में काम कर चुका था। वर्तमान में वह बहराइच रोड पर गिरगिट्टी गांव में शुभम जायसवाल की मेडिकल एजेंसी में पांच हजार रुपये महीने वेतन पर नौकरी करता था। उसका रहना और खाना भी वहीं था। 15 नवंबर को वह लखीमपुर अपने घर गया था। 16 नवंबर को सुबह साढ़े आठ बजे लखीमपुर से गिरगिट्टी के लिए निकलने के बाद से वह लापता था। मोहित के पिता मन्नूलाल बताते हैं कि 16 तारीख को शुभम ने फोन करके उसे बुलाया। साढ़े दस बजे मोहित ने फोन पर बताया कि वह सिसैया चौराहा पहुंच चुका है। साढ़े 12 बजे शुभम ने छोटे बेटे गोलू को फोन करके कहा कि मोहित मिल नहीं रहा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। पिता का आरोप है कि शुभम ने ही मोहित की हत्या की है। अन्यथा वह क्यों कहता कि मेरी जिम्मेदारी नहीं है। मोहित के कई दोस्त बताते हैं कि मोहित के प्रेम संबंध एक लड़की से थे। शुभम और उसके धौरहरा के रिश्तेदारों को यह बात पता चल गई थी। यही रिश्ता उसकी मौत का कारण बना होगा। नशे की चर्चा पर उसके दोस्तों का कहना था कि मोहित साल भर पहले तक नशा करता था। लेकिन अब वह सब छोड़ चुका था। वह इतना मिलनसार था कि किसी से दुश्मनी की संभावना ही नहीं थी।

# सेंट जॉन्स स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिकोत्सव

- बच्चों की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा
- जिसमे स्कूल के लगभग 600 छात्र और छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुति दी

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



शहर के पंजाबी कॉलोनी स्थित के सेंट जॉन्स स्कूल मे वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विश्श्व फादर डॉश्व जेराल्ड जॉन मथॉमस प्रिंसिपल फादर अनूप तिर्की ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत कीद्यसमारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ डायसीस के बिशप फादर डॉ जेराल्ड जॉन मथायस तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, तहसीलदार सुखवीर सिंह, मैनेजर फादर डेनिस डिसूजा कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वहां मौजूद अभिभावक एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को बहुत ही यादगार बना दिया। छात्र-छात्राओ ने सामूहिक नृत्य और एकांकी नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र - छात्राओं ने समाज के लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक किया। पर्यावरण, पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, पॉलिथिन के दुष्प्रभावों, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से छात्र - छात्राओं ने दिया। कार्यक्रम के दौरान फादर प्रिंसिपल अनूप टिर्की ने मुख्य अतिथि का आभार जताया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र -छात्राओं के अभिभावकगण और शहर के कई गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम को देखने के लिए समारोह स्थल पर पहुंचे और आनंद उठाया। सेंट जॉन्स स्कूल के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने विद्यालय की उपलब्धियां के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा स्कूल सदैव अच्छी शिक्षा देता है और भविष्य में भी हर संभव प्रयास किए जाएंगे जिससे कि बच्चों को शिक्षित और संस्कार दिए जाएं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम की थीम नेचर अवर मदर रखी गई। मुख्य अतिथि बिशप जेराल्ड जॉन मथायस ने अपने संदेश मे लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हमे पर्यावरण के प्रति चिंतित रहना चाहिए। पिघलते हुए ग्लेशियर हम सबके लिए खतरे का संकेत हैद्य हम सभी को प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से बचना चाहिए। पेड़ों के अंधाधुंध कटाई को लेकर हमें सचेत रहना चाहिए और उनका कटान रोकना चाहिए ताकि भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहे। कार्यक्रम में खास बात एक यह देखने को मिली मुख्य अतिथि द्वारा मंच से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया लेकिन कार्यक्रम में विद्यालय के द्वारा बुलाए गए पत्रकारों का कोई भी आभार व्यक्त नहीं किया गया जिससे वहां बैठे सभी पत्रकारों में यह बात चर्चा का विषय बनी रही। मंच का संचालन कक्षा 11 की अनुरीत कौर, इशिका आशीष और कक्षा 12 की सानिया साहनी, आरुषि रस्तोगी और कक्षा 7 के छात्र अग्रिम मिश्रा और आद्विक गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका रितु साहनी ने आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डंपर की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही हुई मौत, परिवार में पसरा सन्नाटा

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर। ससुराल से वापस आ रहे युवक की बाइक को डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद असपास मौजूद लोगों ने 108 डायल कर एम्बुलेंस को सूचना दी किंतु एक घंटे तक एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची जिसके चलते घायल युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद डंपर लेकर चालक फरार हो गया। सदरपुर के खुरवल के रंजीत यादव (25) पुत्र बहोरीलाल शनिवार को अपनी ससुराल रामपुर मथुरा के चंदेला गए थे। रविवार की सुबह बाइक से घर वापस आते समय रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर धुरिहा के पास तेजगति से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद डंपर लेकर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना 108 डायल पर एम्बुलेंस को दी किंतु एक घंटे के बाद एम्बुलेंस पहुंची। एम्बुलेंस समय से न पहुंचने के चलते युवक ने सड़क पर ही तड़प-तड़प के दम तोड़ दिया। एक घंटे बाद पहुंची एम्बुलेंस में स्थानीय पुलिस व ग्रामीणों की मदद से मृतक के शव को लादकर सीएचसी महमूदाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### छठ महापर्व के अवसर पर आमंत्रित कलाकारों द्वारा किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन/लखीमपुर खीरी। रविवार को छठ महा पर्व के अवसर पर सेठघाट पर उल्ल नदी के किनारे आमंत्रित कलाकारों द्वारा का आयोजन किया गया। महापर्व पर सेठघाट प्रांगण पर धनक स्वदेशी बैंड के गायकों नमन पण्डिया, शीलू श्रीवास्तव, अखिलेश आदि के द्वारा छठी मैया पर कांच ही बास के बह्नगिया जोड़े जोड़े सुपवा, बानी असरे में माँ नमन के चला भौजी हाली हाली सूरज देखैहैं लाली आदि छठी मैया के गीतों और भजनों को सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा, पालिका अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव, ईओ संजय कुमार,सभासद श्वेता शर्मा, मृगांक शेखर, संजय कुमार राय सहित भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने रपटा पुल का किया शिलान्यास



जन एक्सप्रेस/निघासन खीरी। आवागमन में ग्राम वासियों की दिक्कतों को देखते हुए ग्राम प्रधान बैलहा डीह रफीक अहमद ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी से रपटा पुल की मांग की, ग्राम वासियों की समस्याओं के देखते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने रविवार को बहतिया नाले पर रपटा पुल का शिलान्यास किया। ग्रामवासियों ने केंद्रीय गृह राज्यमंत्री के साथ ग्राम प्रधान को आभार व्यक्त किया।

## दो दिवसीय विद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम अमन मनी क्लब भीरा उप विजेता टीम अमेठी रही

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



रेहरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रेहरिया में गोला मोहम्मदी रोड पर स्थित गुरु रामदास एकेडमी विद्यालय? के माध्यम से दो दिवसीय खेल कूद का आयोजन किया गया इसी क्रम में आज दूसरे दिन खेल कूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत वॉलीबॉल का शुभारंभ का किया गया।जिसमें दोनों टीमों के बीच टॉस खेला गया। मोहम्मदी बनाम उमरपुर के बीच खेला गया! जिसमें पांच अंकों से जीत हासिल की! वही सेमीफाइनल मैच में भीरा बनाम मोहम्मदी के बीच जिसका पीछा करते हुए अमन मनी क्लब भीरा ने 9 से जीत हासिल की ! और फाइनल मैच अमेठी बनाम अमन मनी क्लब भीरा के बीच हुआ जिसमें मनी क्लब भीरा ने 07 अंकों से जीत हासिल की।जिसके मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र गिरी उर्फ मोंटी विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा उर्फ कन्हैया मल्होत्रा ने विजेता टीम को ?21000 नगद पुरस्कार व उपविजेता 11 हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर दोनों टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।मैन ऑफ द मैच मूसा रहें।इस कार्यक्रम का संचालन अध्यापक सरबजीत सिंह ने किया, इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष दरलाज सिंह,प्रबंधक स्वर्ण सिंह भुल्लर भैया ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल खेलने से शारीरिक व मानसिक रूप में ऊर्जा मिलती हैं।वही खेल खेलने से एक दूसरे में भाईचारे की भावनाएं बनती हैं।वही गुरु रामदास एकेडमी दसवीं क्लास के बालक गुलशन कश्यप ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। संरक्षक सतनाम सिंह,कोषाध्यक्ष अध्यक्ष गुरविंदर सिंह,उप संरक्षक कमलजीत सिंह,प्रधानाचार्य ललित मोहन मिश्रा,एवं समस्त प्रबंध कमेटी व,पूर्व प्रधान कुलविंदर सिंह,सोनी सिंह,रियाज अहमद खान एडवोकेट,श्रवण सिंह,अमरजीत सिंह,सरदार जी पैलेस प्रबंधक पलविंदर सिंह,राजेश यादव,रेफरी सूबेदार,रेफरी कुलवंत सिंह,रेफरी गुरूविंदर सिंह व सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौके पर मौजूद रहें।

### छठ पर्व पर अस्ताचल गामी सूर्य का महिलाओं ने किया पूजन

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। रविवार की शाम नगर के तीर्थ सरोवर के आसपास की सीढ़ियों पर महिलाओं ने मिट्टी की बेदी बनाकर उसे पर अगौला सहित गन्ने लगाकर और जल में खड़े होकर छठ माता की पूजा की। अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार और पति की मंगल कामना की। पूर्वांचल का प्रसिद्ध छठ पर्व रविवार की शाम से शुरू होकर सोमवार को समापन होगा। पर्व के प्रथम चरण में रविवार की शाम शिव मंदिर के निकट पवित्र तीर्थ सरोवर की सीढ़ियों पर महिलाओं ने पहुंचकर मिट्टी की बेदी बनाकर और जल में खड़े होकर पूजा अर्चना की। सोमवार की सुबह सूर्योदय से पूर्व जल में खड़े होकर उगते सूर्य की आराधना की जाएगी। पूर्वांचल के प्रसिद्ध पर्वों में से छठ पर्व एक महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है। इसमें परिवार, पति और बच्चों के लिए मंगल कामनाएं महिलाएं निर्जल व्रत रहकर करती हैं।

## उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित ऑनलाइन संस्कृत बौद्धिक सत्र का आरंभ



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित ऑनलाइन संस्कृत कक्षा के अंतर्गत रविवार को संस्कृत बौद्धिक सत्र का आरंभ प्रशिक्षु सोमा जी ने सरस्वती वंदन का गायन के साथ किया। कक्षा की छात्रा उषा रामचंद्रन के द्वारा संस्थान की गीतिका तथा कुमुद के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के प्रशिक्षक सुधीर पांडे द्वारा अतिथि का स्वागत तथा संस्थान का वृत कथन किया गया। सुरभि पांडे ने कक्षा के अनुभव को बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीता इंटरनेशनल स्कूल गोंडा के वरिष्ठ शिक्षक उमेश चंद्र द्विवेदी ने संस्कृत को वाग व्यवहार की भाषा बताते हुए बोला कि संस्कृत भाषा कुटुंबी भाषा है यह भाषा सभी के घर-घर में होना चाहिए। संस्कृत भाषा को लोग मृता भाषा कहते हैं परंतु संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी होने के कारण वह कदापि मृता नहीं हो सकती है संस्कृत भाषा अपने आप में पूर्ण भाषा है। शिक्षण प्रमुख श्री सुधीष्ठ मिश्र ने कहा कि आज हमारा देश पश्चिमी सभ्यता में रंग रहा है जिसके चलते संस्कारों का हनन हो रहा है संस्कार संरक्षण के लिए संस्कृत ज्ञान अनिवार्य है। ऑनलाइन संस्कृत योजना के समन्वयक धीरज मैथानी ने संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित योजना का संक्षिप्त परिचय देते हुए उन्होंने बताया कि ऑनलाइन संस्कृत शिक्षण संस्कृत पौरोहित तथा व्याकरण कक्षाएं भी हमारे संस्थान से संचालित हो रही है। संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव महोदय ने बताया कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान संस्कृति सेवा कार्य में अन्य भारत कार्यरत है और आगे भी कार्यरत रहेगा। संस्थान की सर्वेक्षिका डॉ0 चंद्रकला शाक्य ने छात्रों और शिक्षकों का मनोबलबढाया। संस्थान की प्रशिक्षिका श्रीमती अनीता वर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।सत्र की लिंक संचालन का दायित्व प्रशिक्षक अभिषेक पाण्डेय ने निर्वहण किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों से ज्यादा प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया।




### एक्सीडेंट हो जाने के बाद पीड़ित को चकमा देकर बाइक लेकर हुआ चंपत पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ, खीरी। खुटार रोड बाईपास के निकट सड़क दुर्घटना होने पर एक बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। एक युवक उसकी बाइक लेकर चंपत हो गया। थाना हैदराबाद तहरीर पुलिस को दी गई है।मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम मिन्नापुर निवासी मेवालाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक से संसारपुर गए थे। जहां से वापस लौट रहे थे कि नई बाईपास रोड पर उनका एक्सीडेंट हो गया। वह जमीन में पड़े थे। तभी एक युवक उनके पास आया और कहा कि वह अस्पताल में अपना इलाज करा लें। मैं तुम्हारी बाइक गुरु हरकिशन डिग्री कॉलेज के निकट खड़ी मिल जाएगी। मेवालाल का कहना कि जब वह इलाज करा कर बाइक लेने गए तो वहां कुछ नहीं मिला। बाइक उनकी बहू कल्पना के नाम है। पीड़ित मेवालाल ने थाना हैदराबाद में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## गोपाष्टमी में धर्मादा समिति ने किया संतों का सम्मान




जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। धर्मादा समिति गौशाला गोला के 15वें गोपाष्टमी महोत्सव के छठवें दिन रविवार को भारत विकास परिषद एवं रोट्रेक्ट क्लब के आयोजन में संत सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नगर के 40 संतों का तिलक वंदन ,अंगवस्त्र एवं दक्षिणा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आनन्द त्रिवेदी एवं सम्मेलन की अध्यक्षता सुरेश शुक्ल संदेश ने की। राष्ट्रीय कथावाचक अंजनी शरण ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जो समर्थवान है उन्हें कम से कम एक गाय का जीवन पर्यन्त पालन पोषण एवं सेवा करना चाहिए।गाय इस लोक में हमें लाभ देती है और परलोक में स्वर्ग का मार्ग देती है।

चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने सभी संतजनों का आभार व्यक्त किया। रोट्रेक्ट सचिव सुमित शाह, प्रशान्त मिश्रा, त्रिनेन राजपूत, रविसुत,पवन गुप्ता, मुनीष अवस्थी, पवन प्रजापति, अभिषेक वर्मा भारत विकास परिषद अध्यक्ष राम सागर वर्मा, सचिव आदर्श दीक्षित संरक्षक सौरभ दीक्षित, उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, परविजय सिंह, पीयूष पंकज बाजपेई, रामेन्द्र शुक्ला, बी डी वर्मा, अतुल त्रिवेदी, रवि सक्सेना, संजय शुक्ला, विकास मिश्रा रमाशंकर कटियार, अमित शुक्ला पिंटू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोहम्मदी में मिले पराली जलाने के तीन मामले, एसडीएम ने लिया एक्शन-किसानों पर जुर्माना, लेखपाल को बैड एंट्री

जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी। मोहम्मदी खीरी। एसडीएम डॉ अवनीश कुमार ने बताया कि रविवार को सेटेलाइट से प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम जैती में पराली जलाये जाने की 02 एवम् ग्राम कुम्हरौआ में एक घटना प्राप्त हुई। ग्राम जैती की पराली जलाने की दोनो घटनाओं के सम्बन्ध में कृषकों पर कमशः 5000 व 2500 रूपये का जुर्माना किया। उक्त के अतिरिक्त दोनो कृषकों मोहन सिंह पुत्र सरजीत सिंह, मूलचन्द्र पुत्र ईतवारी के विरूद्ध आई0पी0सी0 की धारा-107/116 की कार्यवाही की व क्षेत्रीय लेखपाल ध्रुवकुमार राही को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी। ग्राम कुम्हरौआ में एक घटना पर कृषक पर 2500 रूपये का जुर्माना किया। उक्त के अलावा कृषक तेजपाल सिंह पुत्र कल्याण सिंह के विरूद्ध आईपीसी की धारा-107 एल/116 की कार्यवाही की।

## किसानों ने कमिश्नर द्वारा नए सत्र का 14 दिनों में भुगतान गन्ना समितियां द्वारा किए जाने को लेकर सचिव का किया घेराव

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

किसानों ने शनिवार को अपनी गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली मिलकर लाइन से निकलकर सहकारी गन्ना समिति लेकर पहुंचे और सचिन का घेराव करते हुए 14 दिन में भुगतान करने की मांग करते हुए सीमित के सचिव का घेराव किया द्य इस दौरान काफी देर तक किसानों का हंगामा होता रहा हालांकि बाद में सीमित के सचिव के समझाने पर किसान वापस लौट गए। शनिवार को गन्ना किसान नेता संतोष सिंह शिवदयाल वर्मा अरुण वर्मा अनिल वर्मा राहुल वर्मा मुन्नालाल वर्मा शशांक वर्मा अपना गन्ना लेकर गोला मिल पहुंचे। ट्रैक्टर ट्राली समिति के पास सड़क पर खड़ी करके सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पहुंच गए किसानों ने गन्ना समिति के सचिव बलवंत कुमार चौधरी से केन कमिश्नर के आदेश के तहत 14 दिनों में गन्ना भुगतान करने का लिखित आश्वासन की मांग करते हुए सचिन का घेराव कर लिया द्य पूरे मामले को भागते हुए सीमित ने तत्काल गन्ना मिल के जीडी शर्मा को मौके पर बुलाया और उनसे कहा कि भाई इनका भुगतान कीजिए और किसानों की समस्याओं को सुनकर निराकरण कारण करें इसके बाद तीखी नोंकझोक होने लगी हालांकि सचिव और केन जी एम जीडी शर्मा के समझाने बुझाने के बाद किसान अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली को लेकर चीनी मिल को लेकर रवाना हो गए।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे-सिविल सेवा परीक्षा, पी0सी0एस0, जे0ई0ई0, नीट, एन0डी0ए0, सी0डी0एस0 इत्यादि हेतु प्रतिभाशाली तथा उत्साही विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण तथा छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत नियमावली 2023 के प्रख्यापित होने के उपरान्त व्यापक प्रचार प्रसार एवं अधिक से अधिक संख्या में छात्र/छात्राओं को प्रश्नगत योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के दृष्टिगत निम्न कालेज,संस्थाओं जैसे उजागर लाल इण्टर कालेज, सीतापुर, राजारघुबर दयाल इण्टर कालेज, सीतापुर, म्युनिसिपल इण्टर कालेज, सीतापुर में कार्यशाला,संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित कालेज के छात्र,छात्राएं, प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा संबंधित योजना प्रभारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला संगोष्ठी में विस्तार पूर्वक मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों, कोचिंग कक्षाओं, लाइब्रेरी की सुविधा, संबंधित योजना के जनपद के यूट्यूब चैनल आदि तथा छात्रवृत्ति योजना के संबंध में जानकारी दी गयी तथा संगोष्ठी में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। इच्छुक छात्र एवं छात्राएं अपना पंजीकरण कराकर कोचिंग कक्षाओं में अध्ययन कर सकते है। जिससे अधिक से अधिक संख्या में छात्र एवं छात्राएं लाभान्वित हो सके।

## सेठ जयपुरिया स्कूल का द्वितीय वार्षिकोत्सव सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में द्वितीय वार्षिकोत्सव शनिवार की शाम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कार्निवल, डांडिया और एनुअल फेस्ट का आयोजन किया। स्कूल के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, प्रधानाचार्या वैशाली सलोनी के द्वारा यह आयोजन कराया गया। जिसमें बच्चों के साथ साथ शिक्षक, अविधावको ने डांडिया नृत्य कर अपनी प्रसूति दी। कार्यक्रम के बाद सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। बेस्ट एकेडमिक अवार्ड, स्पोर्ट्स पर्सन अवार्ड, शत प्रतिशत उपस्थिति अवार्ड, स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर जैसे पुरस्कार दिए गए। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी गौरव भार्गव, वैभवी शुक्ला, शिक्षाविदों में सर्वश्रेष्ठ 98 प्रतिशत अक्षिता वर्मा, स्वास्तिक शर्मा चुना गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर अन्वी शुक्ला तथा सबसे अनुशासित छात्र इच्छा गुप्ता चुनी गईं। स्कूल के विद्यार्थियों के माता-पिता के द्वारा परिसर में स्टॉल लगाये गये, जिसमें बच्चों व उनके माता-पिता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्टाल लगाने वाले अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्त द्वारा जिला पंचायत सदस्यों, मुख्य अतिथि डॉ. भास्कर शर्मा को सम्मानित किया। शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता व सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। संस्थान प्रति वर्ष ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की डीएम ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार देर शाम जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर निर्माण कार्य तथा सीएचओ के कार्यों की समीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले को चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। आकाशी ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी यूनिसेफ द्वारा प्रस्तुत 10 महिलाओं की सूची प्राप्त कर क्रॉस वेरिफिकेशन संयुक्त रूप से कराया जाए। यदि एएनएम द्वारा काम नहीं किया गया है तो अगली बैठक में जांच कर अवगत कराया जाए तथा यूनिसेफ प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि मॉनिटरिंग के पश्चात फीडबैक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को उसी दिन दिया जाए। पोर्टल पर चाइल्ड हेल्थ 0 से 5 वर्ष में शत प्रतिशत फीडिंग करना सुनिश्चित करें। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडारी कदौरा, उरई की लंबित भुगतान होने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि समस्त लंबित भुगतान निस्तारण शीघ्र करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रेगनेंट वूमेन का रजिस्ट्रेशन में ग्रामीण क्षेत्र में छिरिया, नदीगांव और पिंडारी तथा अर्बन क्षेत्र में उदनपुरा बघोरा तथा तुफैलपुरवा की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त की न्यूनतम रजिस्ट्रेशन वाली चिकित्सा इकाई को प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए। मंत्रा डिलीवरी स्टेटस में छिरिया रामपुर और माधौगढ़ तथा जिला महिला चिकित्सालय की प्रगति कम होने पर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने एचएमआईएस पोर्टल पर पंजीकृत महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन में पिंडारी कुठौंद और राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्रगति खराब होने पर प्रगति में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने महिला नसबंदी ग्रामीण क्षेत्र में बाबई नदीगांव माधौगढ़ एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज व जिला महिला चिकित्सालय में शून्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए महिला नसबंदी में प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित योजनाओं में रुचि लेकर प्रगति लाएं। स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों से मधुर व्यवहार रखें। उन्होंने कहा कि आशा, आंगनबाड़ी व एएनएम का सहयोग लेकर अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव कराए जाए। उन्होंने कहा कि प्रसूता को जननी सुरक्षा योजना का लाभ डिस्चार्ज पर ही उपलब्ध करा दिया जाए। इस अवसर पर सीडीओ भीमजी उपाध्याय, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस मेडिकल प्रशांत निरंजन, सीएमएस महिला व पुरुष आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बैंक के कैश स्ट्रांग रूम में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की देखी हकीकत

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



सरकारी कार्यालय एवं बैंक में आग से बचाव करने के लिए स्थापित व्यवस्थाओं तथा उपकरणों की चेकिंग करने के लिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ प्रभारी अग्निशमन अधिकारी एमपी बाजपेई के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा का कैश स्ट्रांग रूम में सुरक्षा उपकरणों का जायजा लिया।

अग्निशमन प्रभारी अधिकारी एमपी बाजपेई के नेतृत्व में त्रिलोक सिंह, पंकज कुमार आदि कर्मचारियों की टीम भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कालपी में पहुंची। शाखा प्रबंधक विनोद कुमार सिंह के साथ अग्निशमन विभाग की टीम के द्वारा ई स्ट्रांग रूम में स्थापित कराए गए अज्ञेय अग्नि सुरक्षा उपकरणों की चेकिंग की। टीम ने उपकरणों के अलावा फायर इलेक्ट्रिक वायर का भी निरीक्षण किया गया।

विभागीय अधिकारियों ने फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र भी देखा। अग्निशमन अधिकारी ने इस दौरान आग से बचाव करने के लिए तमाम प्रकार के उपायों की जानकारी बैंक के कर्मचारियों को दी। इमरजेंसी के समय आग पर काबू पाने के लिए कई टिप्स भी दिए गए।

अग्निशमन अधिकारी ने बैंक के कर्मचारियों को आग्रह किया कि जो भी अग्नि रोधी व्यवस्थाएं स्थापित है उनको निरंतर चालू रखा जाए।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एट थाना क्षेत्र में ग्राम धगुवां कला रेलवे क्रॉसिंग के पास युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। गेटमैन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त करवाने के बाद परिजनों को सूचना दी, और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरगुआ बुजुर्ग निवासी कन्हैया 38 वर्ष पुत्र देशराज निवासी बिरगुवॉ बुजुर्ग खेती मजदूरी का कार्य करता था। जो घर से मजदूरी की बात कह कर निकला था, जिसका शव रेलवे क्रॉसिंग के पास पड़ा मिला। रेलवे ट्रैक पर पड़ा युवक का शव देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और वहां मौजूद गैंगमैन ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान होने के बाद परिजनों को मामले की सूचना दी। मामले की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। वही पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से पत्नी व बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल घटना के बाद से पत्नी व बच्चों सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जमीनी विवाद का समाधान करने को लेकर नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



नगर के मोहल्ला अदल सराय में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद का समाधान करने के लिए नायब तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तथा नगर पालिका अधिकारियों के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा दोनो पक्षों को शांत व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी। नगर मोहल्ला अदल सराय में रास्ते की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच में काफी दिनों से विवाद चल रहा था। नगर पालिका के राजस्व अधिकारी राम भवन सिंह ने बताया कि एक पक्ष शिव कुमारी तथा दूसरा पक्ष सोनवती का है। एक पक्षी के द्वारा भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भवन के निर्माण कार्य तथा सड़क की जमीन को लेकर आपत्ती प्रस्तुत की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार हरदीप सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, पालिका के राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह रविवार को मामले की जांच करने पहुंचे तथा संयुक्त टीम के द्वारा निर्माणाधीन भवन तथा सड़क की जमीन का मौके का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार ने मौके पर संबंधित स्वामित्व संबंधी अभिलेखों के साथ तहसील में उपस्थित होने के लिए अवगत कराया है। मौके पर राजस्व, पुलिस तथा पालिका के आधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हजारों की नगदी सहित एक दर्जन जुआड़ी बंदी

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

थाना चरखारी पुलिस ने लम्बे समय से संचालित एक जुआड़खाने मे छापा मारकर एक दर्जन जुआड़ियो को बंदी बनाकर जेल भेजा है। थाना चरखारी पुलिस ने बताया कि ग्राम बफरेथा स्थित निर्माणाधीन पेयजल टंकी के पास जुआ खेल रहे एक दर्जन जुआड़ियो को हजारो की नगदी सहित बंदी बनाकर जेल की हवा खिलाई है। बंदी बनाये गये जुआड़ियो के पास से 5 हजार की नगदी एक ताश की गड्डी भी पुलिस ने बरामद करने का दावा किया है। थाना चरखारी पुलिस द्वारा बंदी बनाये गये जुआड़ियो के नाम व पते निम्न प्रकार बताये है।

लक्ष्मण पुत्र सल्लू कुशवाहा, चन्द्रपाल पुत्र काशीप्रसाद राजपूत, मानिक पुत्र देशपाल निवासीगण ग्रा बफरेथा चरखारी। रूपसिंह पुत्र रतन निवासी ग्राम करहरा खुर्द थाना चरखारी, भरत पुत्र सुनील निवासी ग्राम नकरा थाना पनवाड़ी, लवकेश पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम बफरेथा थाना चरखारी, राकेश पुत्र जयसिंह निवासी ग्राम खेड़ा थाना जरिया जिला हमीरपुर, रामनरेश पुत्र तुलसीदास, कुंवरलाल पुत्र मूलचन्द्र, रोहित पुत्र छत्रपाल, प्रवेश चन्द्र पुत्र मदन पाल निवासी ग्राम बफरेथा थाना चरखारी, विष्णु पुत्र टीकाराम निवासी ग्राम खिरिया थाना अजनर जिला महोबा सभी जुआड़ियो के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत मुकद्मा पंजीकृत कर जेल भेजा है।

# अधिकारी बनने पर मंगेतर ने अधिक दहेज की मांग के लिए शादी से किया इंकार

## मंगेतर सहित 10 पर हुई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

महोबा में सरकारी बड़े पद पर चयन होने के बाद अधिक दहेज की मांग को लेकर शादी से इंकार करने का मामला चर्चा में आया है। जिसमे पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर 10 लोगों के विरुद्ध दहेज अधिनियम और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस अग्रिम कार्यवाही में लगी हुई है। दरअसल आपको बता दें कि अधिकारी बनते ही मंगेतर ने मनमानिफ दहेज न मिलने पर शादी से इंकार कर दिया। जिसका मुकदमा शहर कोतवाली में दर्ज हुआ है। मुख्यालय के मोहल्ला गांधीनगर निवासी महेंद्र चंद्र की पुत्री कविता ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर अपने मंगेतर और उसके परिजनों पर दहेज मांगने धमकाने और शादी से इंकार करने की तहरीर कोतवाली में दी है जिसके तहत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दी गई तहरीर में पीड़िता कविता बताती है कि वह थर्मल पावर प्लांट में जूनियर इंजीनियर है। उसकी माने तो दिसंबर 2022 में जनपद जालौन के सतोह गांव निवासी संजीव कुमार के साथ उसका विवाह तय हुआ था। जिस पर परिवार रिश्तेदारों की मौजूदगी में 29 जनवरी 2023 को उसकी सगाई हो गई। सगाई के तीन माह बाद मई 2023 में उसके मंगेतर संजीव का चयन अधिशासी अधिकारी के पद पर बड़ागांव में चयन हो गया। आरोप है कि उसके बाद से मंगेतर और उसके परिजनों का व्यवहार बदल गया। यही नहीं ईओ अधिकारी बनने पर संजीव और उसके परिजनों ने दहेज की मांग बढ़ा दी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अब दहेज में अतिरिक्त 50 लाख रुपए की मांग की जा रही है जिसे न देने पर शादी से इंकार कर दिया गया। जबकि युवती बताती है कि आगामी दो दिसंबर को शादी होना तय होने पर उसका परिवार तैयारियों में लगा था और अचानक दहेज की मांग को लेकर शादी तोड़ने से सब सदमे में है। शादी के लिए होटल बुक होने के आलावा कार्ड भी छप गए है। और अब मंगेतर के परिजन शादी से मना कर रहे है। जिस पर पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी है। इस मामले को लेकर शहर कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह बताते है कि युवती की तहरीर के आधार पर मंगेतर संजीव कुमार सहित 10 लोगों के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले में पुलिस जांच के बाद आगे की कार्यवाही करेगी। इस मामले को लेकर शहर कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह बताते है कि युवती की तहरीर के आधार पर मंगेतर संजीव कुमार सहित 10 लोगों के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। इस मामले में पुलिस जांच के बाद आगे की कार्यवाही करेगी।

# शराबी छोटे भाई ने बड़े भाई के डांटने पर लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/कदौरा।** शराब के नशे में धुत होकर घर आए छोटे भाई को बड़े भाई ने डांट दिया। जिससे आहत होकर उसने खेत पर जाकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कस्बा कदौरा के मुहल्ला सिदार्थ नगर निवासी आकाश 20 वर्ष पुत्र कामता प्रसाद यादव ने रविवार दोपहर को खेत पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे से लटक रहे युवक के शव को लेकर गांव में अफरातफरी मच गई और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही रोते बिलखते पहुचे परिजनों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। घटना के संबंध में बताया कि मृतक शराब पीकर घर आया तो बड़े भाई ने शराब पीने पर उसे डांट दिया। जिससे उसने फांसी लगा ली। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बुंदेली वीरांगनाओं के पराक्रम की प्रतीक हैं लक्ष्मीबाई : तारा

## बुंदेलों ने गोरखगिरि के ऊपर मनाई लक्ष्मीबाई जयंती

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

बुंदेली वीरांगनाओं के पराक्रम की प्रतीक वीरांगना लक्ष्मीबाई का 195वां जन्मोत्सव बुंदेलों ने आज गोरखगिरि पर्वत के ऊपर सिद्ध बाबा परिसर में मनाया एवं अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उनके संघर्ष को याद किया। हाथ में तलवार लेकर दत्तक पुत्र दामोदर राव को अपनी पीठ पर बांध घोड़े बादल पर सवार रानी लक्ष्मीबाई की तस्वीर पर बुंदेलों ने माल्यार्पण किया और अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने बताया कि यहां तो छोटे-छोटे बच्चे गाते हैं ष्खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थीष। रानी लक्ष्मीबाई की वीरता के किस्से यहां सबकी जुबान पर रहते हैं। अवन्तीबाई लोधी के बाद रानी लक्ष्मीबाई ऐसी दूसरी वीरांगना थी जो 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते-लड़ते बलिदान हो गई थी। उन्होंने अंग्रेजों की राज्य हड़प नीति का ऐसा प्रचंड विरोध किया कि अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिल गयीं। 18 जून,1858 को ग्वालियर के कोटा की सराय में अंग्रेजी सेना से लड़ते हुए वे मात्र 29 वर्ष की आयु में वीरगति को प्राप्त हुईं। उनकी बहादुरी से प्रभावित होकर तत्कालीन जनरल ह्यूरोज भी उनकी तारीफ करने को मजबूर हो गया। उनका जन्म 19 नवंबर, 1828 को वाराणसी के ब्राह्मण परिवार मोरोपंत तांबे और भागीरथी देवी के घर पर हुआ था और 15 वर्ष की आयु में उनका विवाह झांसी के राजा गंगाधर राव नेवालकर से हो गया।

फिर उनका नाम मणिकर्णिका से रानी लक्ष्मीबाई हो गया। राजा की मृत्यु के बाद लक्ष्मीबाई ने जिस बहादुरी से अंग्रेजों से मुकाबला किया, वे नारीशक्ति की मिशाल बन गयीं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में बुंदेलखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया। झलकारी बाई उनकी हमशक्ल थी एवं महोबा में उनकी विशाल मूर्ति लगी है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में बुंदेलखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया।

झलकारी बाई उनकी हमशक्ल थी एवं महोबा में उनकी विशाल मूर्ति लगी है। इस मौके पर अवधेश गुप्ता, डा. देवेन्द्र पुरवार, प्रवीण, अजय, प्रेम चैरसिया, उपेन्द्र सुल्लेरे, मनीष जैदका, माधव खरे, पवन, दीपू सोनी, नरेन्द्र मिश्रा, बुधौलिया जी, महेन्द्र चौरसिया, संजय, ऋषभ अग्रवाल, सिद्धे सेन, रामदास त्यागी, नीरज पुरवार, विकास, ओम, मंजू सोनी, अंजली, राधिका, रश्मि, ऋषिका, डाली समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# युवक की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम ऐर में अचानक युवक की हालत बिगड़ गई। जिसे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम ऐर निवासी मोनू 25 वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर था। वह कोंच नगर में अपनी बड़ी बहन की ससुराल में रहता था, और वहीं मेहनत मजदूरी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार की सुबह हालत बिगड़ गई, और वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। घटना देखकर परिजन घवरा गए और वह उसे मेडिकल कालेज ले गए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। इस दौरान परिजन यह भी नहीं बता सके कि उसकी मौत किस कारण से हो गई है।

# चरखारी के गोवर्धननाथ जू मेले मे आगा हश्र कश्मीरी के नाटको का होता था मंचन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

बुंदेलखण्ड चरखारी का गोवर्धनाथ जू मेला केवल देश मे ही नही बल्कि विदेशो मे भी प्रसिद्ध है। चरखारी की प्राकृतिक सुंदरता सभ को अपनी ओर आकर्षित करती है। यहॉ के मंगल गढ़ दुर्ग मे छोटे- छोटे सात तालाब है ओर चरखारी की बस्ती मे भी सात तालाब है जिससे चरखारी की प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है। इसे सप्त सरोवरो से घिरी होने के कारण ही उ0प्र0 के प्रथम मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभपंत ने चरखारी को बुंदेलखण्ड की कश्मीर कहॉ था। चरखारी मे एक सौ आठ मंदिर है जिनमे कृष्ण मंदिरो की अधिकता है इसलिए इसे कृष्ण नगरी कहा जाता है। यहॉ 1883 से महाराज मलखान जू देव के समय से ऐतिहासिक गोवर्धनाथ जू का मेला लगता चला आ रहा है। मेले मे गोवर्धननाथ जू मेला परिसर मे सभी मंदिरो की मूर्तियो की झॉसी सजती है तब वृन्दावन जैसा वातावरण बन जाता है। इसलिए इसे मिनी वृन्दावन भी कहते है। राजा अरिमर्दन के शासन काल मे ऐतिहासिक गोवर्धननाथ जू मेले मे महान नाट्यशिल्पी आगा हश्र कश्मीरी द्वारा लिखे नाटको का मंचन किया जाता था।

चरखारी आग हश्र कश्मीरी की कर्मभूमि रही है। चरखारी मेला मे बना थियेटर उनकी संगीत साधना का आज भी साक्ष्य दे रहा है। आगा हश्र कश्मीरी द्वारा लिखे प्रमुख नाटको- सीता बनवास, मधुर मुरली भीष्म प्रतिज्ञा, तुर्की हूर, आंख का नशा, खूबसूरत बाल, सिल्वर किंग दिल की प्यास, यहूदी की लड़की धर्मी बालक आदि का मंचन किया जाता था।

# गोरक्षा विधा में शिखर पुरुष थे पंडित रमाशंकर मिश्र

**जन एक्सप्रेस । भाटपाररानी, देवरिया**



दिवंगत पशुपालन विभाग के उपनिदेशक, प्रमुख समाजसेवी पंडित रमाशंकर मिश्र के निधन पर उनके पैतृक गांव बनकटा मिश्र में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में जनपद स्तरीय भाजपा के दिग्गज नेताओं, विभिन्न राजनीतिक दलों के जन प्रतिनिधिय जन, उद्यमी गण, समाजसेवी संगठनों के सदस्य एवं कलमकारों ने हिस्सा लिया। उनके किये गये कार्यो को याद किया।दो मिनट का मौन रखकर उनके गतात्मा की शांति हेतु परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि जनपद एक महान पशु रक्षक को खो दिया है।पंडित रमाशंकर मिश्र एक उच्चकोटि के आध्यात्मिकवादी थे। वे पक्ष व विपक्ष की विभाजन रेखा से ऊपर उठकर सबका सम्मान करते थे। क्षेत्र उच्च कोटि के बेजुबानों का विशेषज्ञ को खो दिया। उनके निधन से अपूरणीय क्षति हुई है।गौ रक्षा विद्या में शिखर पुरूष थे।

भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि हम लोगों के अभिभावक आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की जीवन की शुरुआत गौ रक्षा से हुई। वे एक उच्च कोटि के पशु विशेषज्ञ रह चुके हैं।

श्रद्धांजलि सभा के आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव मिश्र सेवानिवृत्ति लेखा अधिकारी सुशील कुमार मिश्र, अंतर्राष्ट्रीय उद्यमी अंशुमान मिश्र ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, सदर सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी, क्षेत्रीय सांसद रवींद्र कुशवाहा, क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा, देवरिया सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, देवरिया नगर निगम की अध्यक्ष श्रीमती अलका सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता व मदन मोहन मालवीय संस्थान के प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, बरहज विधायक दीपक मिश्र उर्फ शाखा, रामपुर कारखाना के विधायक सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय, पूर्व एमएलसी महेंद्र यादव, सेवानिवृत्ति जिला जज अशोक सिंह कुशवाहा आदि गणमान्य लोगों ने प्रतिभा लिया।

# छठ पर्व : अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

**जन एक्सप्रेस । बरहज/देवरिया**

कस्बा समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में रविवार की संध्या पहला अर्घ्य भगवान भास्कर को अर्पण किया गया। भगवान भास्कर की उपासना का पर्व छठ के उपलक्ष्य मे सुबह से ही छठ घाट जाने वाले रास्ते एवं छठ घाटों की सफाई एवं सजावट करते देखे गए। शाम चार बजे छठ मैया के गीतों के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने को लेकर घरों से छठ व्रती स्वजन के साथ गीत गाते हुए निकलने लगे। छठ घाट पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। सुबह में बरहज बाजार समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में चौक चौराहों में फल एवं पूजा सामग्रियों की बिक्री परवान पर रही। महंगाई के बावजूद व्रतियों के स्वजनों ने फलों की खरीदारी की। सोमवार र की सुबह उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पण के साथ ही व्रती का 36 घंटे का निर्जला उपवास भी खत्म हो जाएगा। छठ को लेकर पूरे क्षेत्र में शांति और हर्ष उल्लास का माहौल है। ग्रामीणों ने सड़क व नदी घाट की सफाई की। साथ ही फलों का बाजार में चहल-पहल रही। बरहज क्षेत्र में छठ पूजा को लेकर सबसे अधिक भीड़भाड़ सरयू नदी के कपरवार घाट व थाना घाट में रही। वहीं गौरा घाट , मोहन सेतु, संत तुलसी घाट, रविदास घाट,जहाज घाट, भूंसी घाट, केवटलिया घाट पर श्रृद्धालुओं की भीड़ जमीं रही। नगर पालिका प्रशासन व्यवस्था संभालने में लगा रहा। वहीं पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखी। एसडीएम, सीओ, प्रभारी निरीक्षक, ईओ व चेयरमैन ने स्वयं मोर्चा संभाल रखा था।

# महर्षि बालार्क चिकित्सालय पहुंच गैंगरेप पीड़िता से मिले प्रभारी मंत्री

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले के प्रभारी मंत्री तथा यूपी सरकार के मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीज़ों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने चिल्ड्रेन वार्ड, इमरजेन्सी वार्ड, ओ.टी. तथा महिला चिकित्सालय सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीमारदारों के लिए गैलरी में अतिरिक्त बेंच की व्यवस्था करायें जाने का आवश्यकता बताई।



प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने निर्देश दिया कि वार्डों में एक मरीज़ के साथ एक अटेन्डेन्ट को रहने दिया जाय जिससे भीड़ के कारण मरीज़ों के इलाज में बाधा न आये। प्रभारी मंत्री ने दुष्कर्म पीड़िता का कुशल क्षेम पूछा तथा मौके पर मौजूद चिकित्सकों को निर्देश दिया कि पीड़िता को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय। चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री मरीज़ो के तीमारदारों से फीड बैक प्राप्त करने में कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में नहीं आया। दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से बात करने पर परिजनों ने भी जिला व पुलिस प्रशासन तथा चिकित्सालय की ओर से उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।

प्रभारी मंत्री ने डीएम मोनिका रानी को निर्देश दिया कि महर्षि बालार्क चिकित्सालय में आने वाले मरीज़ों की बड़ी संख्या को देखते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का प्रयास करें ताकि जिले तथा आस-पास के जिलों से आने वाले मरीज़ों को कोई असुविधा न हो।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर आनन्द राय, सीएमएस डॉ. एमएमएम त्रिपाठी, एसीएमओ डॉ. राजेश गौतम, चिकित्सालय के मैनेज़र रिज़वान खान व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।


### खाटू श्याम से रुदौली पहुँचे सायकिल यात्री श्याम भक्त दिनेश सिंह का भक्तों ने किया भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस/रुदौली-अयोध्या।** खाटू श्याम राजस्थान से साइकिल से चलकर शनिवार की रात रूदौली पहुंचे श्याम भक्त दिनेश सिंह का रुदौली के नयागंज मोहल्ले में श्याम भक्तों ने भव्य स्वागत किया।बताते चलें कि दिनेश सिंह पुत्र राज मंगल सिंह ग्राम अभेयपुर पोस्ट बरहरपुर तहसील हरैय्या जनपद बस्ती अपने घर से खाटू श्याम दर्शन करने गए थे जहां उनका मन बदल गया और वही उन्होंने एक साइकिल व खाटू महाराज की मूर्ति खरीदी जिसे साइकिल पर रखकर चार धार्मिक ध्वज लगाकर 10 नवंबर को खाटू श्याम राजस्थान से चल दिये और 18 नवंबर को रुदौली पहुंचे जहाँ रात्रि विश्राम के बाद रविवार को दिन में साढ़े दस बजे साइकिल से बस्ती के लिए रवाना हो गये। श्याम भक्त दिनेश का स्वागत करनें में अरुण कुमार गुप्ता, बृजेश कसौंधन, शिवकमल, आशुतोष, रोहित कौशल, पंकज कुमार आर्य व दीपक बंसल सहित बड़ी संख्या में खाटू श्याम भक्त शामिल रहे।

# भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म पर कुठाराघात की साजिश: महंत मुरली दास

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में स्थित सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में अखिल भारतीय श्री पंच निर्माणी अनी अखाड़ा के वर्तमान अध्यक्ष व महंत मुरली दास के आवास पर संत महंतों नागा साधुओं की उपस्थिति में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुरलीधर दास ने कहा कि अखिल भारतीय श्री पंचनिर्वाणी अनी अखाड़ा के पूर्व महंत धर्मदास की मनमानी तरीके से बिना किसी जानकारी एवं आम राय के एक बाहरी संत को 24 नवंबर को वृंदावन में विश्व गुरु बनाने का कुचक्र रच रहें हैं।एवं उपाधि देने का विरोध किया गया है।



साथ ही अखिल भारतीय श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा के वर्तमान महंत व अध्यक्ष महंत मुरलीधर दास ने कहा कि 2022 में धर्मदास का कार्यकाल पूरा होने के पश्चात सभी अखाड़ों एवं पंचों की स्वेक्षा से अखिल भारतीय श्री पंच निर्माणी अनी अखाड़ा के अध्यक्ष पद पर हमें नियुक्त किया गया था।

तभी से महंत मुरली दास कार्यभार देख रहे हैं। परंतु किसी अखाड़े व पट्टी के बिना जानकारी के पूर्व अध्यक्ष महंत धर्मदास ने विदेश में रहने वाले विश्वानन्द को विश्व गुरु बनाने का कुचक्र रच रहे हैं। मामला प्रकाश में आते ही अयोध्या के संत महंत एवं नागा साधुओं में रोष व्याप्त हैं । महंत मुरली दास ने आगे बताया कि ।भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म पर कुठाराघात की साज़िश रची जा रही है।हम भारतवासियों पर पश्चात संस्कृति एवं विदेशी संस्कृति ठोकने की साजिश रची जा रही है।महंत धर्मदास द्वारा लिए गए निर्णय से संतो महंतों का विरोध जारी है।और आगे भी जारी रहेगा।महंत मुरली दास ने बताया कि जिस संबंध में सभी अखाड़ों एवं पट्टियों के नागा साधुओं की एक बैठक जल्द बुलाई जाएगी जिसमें बड़ा निर्णय लिया जाएगा।

# सड़कें किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है: सांसद लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

सांसद लल्लू सिंह ने विधानसभा मिल्कीपुर स्थित मजनाई प्रधानमंत्री सड़क से अगरबा पक्की सड़क के नवनिर्माण कार्य का लोकापर्ण किया। सड़क की लम्बाई 525 मीटर व लागत 38.70 लाख है। लोकापर्ण के बाद सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के उपरान्त सांसद लल्लू सिंह का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि सड़के किसी क्षेत्र के विकास का पैमाना होती है। गांवों को मुख्य मार्गो से बेहतर परिवाहन सुविधा के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। बेहतर परिवाहन सुविधा होने का लाभ व्यापरियों व किसानों को मिलता है। जिससे रोजगार सृजन होता है। अयोध्या लोकसभा की सभी सड़के जनता की अपेक्षानुरुप चौड़ी व बेहतर की जा रही है। उन्होनें कहा कि केन्द्र प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है। गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है। कृषि व कृषकों का उत्थान करने के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है।



मौके पर जिला पंचायत सदस्य बब्लू पासी व अशोक मिश्रा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सत्य प्रकाश शुक्ला, सुरेन्द्र गिरी, कैलाश जायसवाल, अजीत मौर्या आदि प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

# पत्रकारों ने धरना देकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

जिले में सूचना विभाग के अधिकारियों द्वारा पत्रकारों के साथ हो रही अभद्रता, अन्याय व मनमानापन और साथ ही पत्रकारों के उनके हित के सरकारी लाभों से वंचित रखा जा रहा है। इन सभी बातों को लेकर और अयोध्या जिले के सभी पत्रकारों के हितों के लिये कुछ मांगों को लेकर किया गया शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन एवं उच्च अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया ज्ञापन। ज्ञापन में कहा गया है कि अयोध्या जिले के सूचना विभाग द्वारा पत्रकारों के साथ लगातार मनमानी की जा रही है। इस मनमानी के चलते सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार नहीं हो पा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा लिये जा रहे मनमाने फैसला रिपोर्ट सरकार को कुछ भेजी जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ ही सत्य होता है। मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि निष्पक्षता से जांच बिठाकर उचित कार्यवाही की जाये। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. के जिलाध्यक्ष अंतरिक्ष तिवारी ने जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (1) के तहत अलग-अलग विभिन्न बिन्दुओं पर जवाब मांगा है। निदेशालय उत्तर प्रदेश से जानकारी मांगी है कि सूचना कार्यालय को वर्ष 2018 से 2023 तक सभी मदों पर कुल कितना बजट भेजा गया है। कार्यालय के लिये वर्ष 2019 से 2023 तक कुल कितना फर्नीचर, कम्प्यूटर आदि सामानों की आपूर्ति की गयी है।

निदेशालय द्वारा अधिकारी कर्मचारियों के स्थानान्तरण में विभाग के क्या नियम है? कितने वर्ष तक अधिकारी कर्मचारियों को एक जिले में रखा जा सकता है। नियमावली की प्रमाणित कापी मांगी गयी है। इसी तरह से मान्यता प्राप्त तथा गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के जलपान, लेखन सामग्री के लिये कुल कितना बजट आवंटित किया गया है। इसी तरह निदेशालय द्वारा इस कार्यालय को प्रसार के लिये इस अवधि में कितना धन आवंटित हुआ है। जिलाध्यक्ष अंतरिक्ष तिवारी ने 2020 तक मान्यता प्राप्त प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया की बन प्रमाणित सूचीं, इसी अवधि में गैर मान्यता प्राप्त प्रिंट तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के पंजीकृत पत्रकारों की सूची मांगी है।



इसी अवधि में उत्तर प्रदेश सरकार केअयोध्या के दीपोत्सव कार्यक्रम में अब तक कितना प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रिक मीडिया को कुल कितने पास आवंटित किये गये। इसका विवरण मांगा गया है। वर्ष 2020 से लेकर 2023 तक मंत्रियों या अधिकारियों के आगमन पर करायी गयी प्रेस वार्ता में कुल कितना सरकारी बजट खर्च किया गया। इसके अतिरिक्त कितनी सामग्री बाजार से मंगायी गयी।इसी तरह यह भी जानकारी मांगी गयी है कि सूचना कार्यालय में 2010 से लेकर 2023 तक कुल कितने वाहन हैं। अगर कार्यालय का कोई वाहन खराब है तो कहां है? कार्यालय में उपलब्ध वाहन क्या कभी बाहरी जिलों में गया है। यदि हाँ तो सभी का विवरण लाग बुक सहित उपलब्ध करायें। कार्यालय में उपलब्ध वाहन के चालक का पूरा नाम, पिता का नाम व स्थाई पता दिया जाय और यह भी बताया जाये कि चालक क्या सरकारी है या प्राइवेट, अगर प्राइवेट है तो इसे किस अधिकारी के आदेश पर नियुक्त किया गया है। यह भी जानकारी मांगी है कि कार्यालय में कुल कितने कर्मचारी, अधिकारी कार्यरत् हैं? क्या कोई संविदा कर्मी है। अगर संविदा कर्मी है तो किसके आदेश पर नियुक्त है। जन सूचना विभाग में जनता की टैक्स के पैसे का एवं सरकार के बजट का सही उपयोग किया है। अधिकारियों के माध्यम से साक्ष्य के साथ जनता के समक्ष सार्वजनिक करने की कृपा करें और मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। साक्ष्य और सत्य के साथ कुछ लिख रहें हैं, या बोल रहें हैं तो उनकी लिखने और बोलने की आजादी पर प्रतिबंध न लगाया जाये।

देश-प्रदेश में क्या सही हो रहा है, क्या गलत हो रहा है उससे सरकार एवं जनता तक पहुंचने में निष्पक्ष पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान है। निर्भिग्य, निडर, निष्पक्ष पत्रकारों को केन्द्र एवं राज्य सरकार अपना सहयोग प्रदान करे, जिससे वो और मजबूती से देश-प्रदेश की प्रगति, उन्नति में अपना योगदान और अच्छे से दे सकें। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. अयोध्या अंतरिक्ष तिवारी जिलाध्यक्ष, संरक्षक चंद्रधर द्विवेदी, प्रवक्ता प्रमोद कुमार साहू, उपाध्यक्ष आदित्य कुमार वैश्य, मिताली रस्तोगी, जिला महासचिव सत्य विक्रम सिंह, हरीओम तिवारी जिला प्रभारी एके तिवारी, महिला जिला अध्यक्ष संगीता श्रीवास्तव, खुर्शिता बानो, अंकित श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव रोहित तिवारी,संदीप कुमार आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले डिप्टी सीएमओ, बीडीओ समेत आधा दर्जन अफसर

जन एक्सप्रेस । कैसरगंज/बहराइच

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयुक्त देवीपाटन मण्डल, गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के औचक निरीक्षण के दौरान उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कैसरगंज व उप मुख्य चिकित्साधिकारी, बीडीओ कैसरगंज व जरवल, अवर अभि लघु सिंचाई एवं विद्युत कैसरगंज के अनुपस्थित पाये जाने पर आयुक्त श्री मिश्र ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा एक दिवस का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया।




तहसील में कार्यरत एक लेखपाल के स्तर पर छः माह से अधिक अवधि का प्रकरण लम्बित पाये जाने पर आयुक्त द्वारा दोषी लेखपाल को तत्काल निलम्बित करने के भी निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई करते हुए आयुक्त ने 10 प्रकरणों में मौके पर राजस्व टीम को भेजकर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी कराया। आयुक्त ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्ज़ों के मामलों में तत्काल बेदखली की कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित से क्षतिपूर्ति की वसूली भी की जाय। पुलिस से सम्बन्धित एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान आयुक्त ने थानाध्यक्ष हुज़ूरपुर को प्रकरण का तत्काल निस्तारण करने का निर्देश देते हुए सचेत किया कि अन्यथा की स्थिति में थानाध्यक्ष के विरूद्ध कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। आयुक्त श्री मिश्र ने राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में एक पक्षीय कार्यवाही न करते हुए दोनों पक्षों की बात को सुनकर नियमानुसार निर्णय लें। कार्यवाही के दौरान पारदर्शिता भी परिलक्षित होनी वाहिए। आयुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय।

### डेफ एवं ब्लाइंड पैरा जूडो चैंपियनशिप

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** 26 से 30 नवंबर तक अमृतसर पंजाब में पैरा जूडो नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। जूडो एसोसिएशन फैजाबाद के महासचिव राघवेंद्र अवस्थी के अनुसार नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले मूक बधिर एवं नेत्रहीन जूडो खिलाड़ी जो नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते है वे 20 ता0 को मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या अथवा जूडो एसोसिएशन कार्यालय गोलाघाट अयोध्या में एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ0रानी अवस्थी से संपर्क करे अथवा 9336865708 या 9839632216 पर संपर्क करें ।खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड , यू0डी0आई0डी, रेलवे पास , जन्म प्रमाण पत्र की 3-3 फोटो कॉपी तथा 3 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। विलंब से आने वाले खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे।

# आग लगने से घर का समान जलकर हुआ राख, समाजसेवी ने किया मदद

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

जनपद के विधानसभा गोसाईगंज अंतर्गत बीकापुर गांव में आग लग जाने पर आधा दर्जन लोगों का घर जल गया। जिसके कारण खाने पीने पहनने के वस्त्र आदि का सामान भी जल गया। इस आग में एक मवेशी भी झुलस गई। इसकी सूचना पाकर तत्काल समाज सेवी संस्थान अयोध्या धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों के आंसू पोंछे। उन्होंने पीड़ित परिवार के रोघई , गुरु चरण, शिवचरण, संभू, दीपक फुलेसरा, कमलेश आदि को वस्त्र वा साड़ी प्रदान किया और आश्वासन दिया कि शासन वा जिला प्रशासन से जो भी मदद हो सकती है। उसको मुहैया कराएंगे।



इस मौके पर समाजसेवी संस्थान के जिला अध्यक्ष रविंद्र यादव, समाजसेवी त्रिभुवन प्रजापति, भानु यादव, हरी नारायण चौबे, जुग्गी लाल प्रजापति, मंसा राम भारती, सुंदरलाल गुप्ता, राजेंद्र कुमार, समाजसेवी रामू यादव, राम सिंह, सोमाई निषाद, मनोज कुमार आदि सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्त्री शक्ति दिवस के रूप में मनाई गई रानी लक्ष्मी बाई की जयंती

जन एक्सप्रेस । बहराइच

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थानीय इकाई की ओर से किसान पीजी कॉलेज के डॉ. जे बी सिंह सभागार में रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रांतीय खेल आयाम प्रमुख पंकज सिंह ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई मराठा शासित झाँसी राज्य की रानी और 1857 की राज्य क्रान्ति की द्वितीय शहीद वीरांगना थीं। उन्होंने सिर्फ 23 वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुईं। बताया जाता है कि सिर पर तलवार के वार से रानी लक्ष्मीबाई वीरगति को प्राप्त हुई थीं। विभाग प्रमुख अंजनी शुक्ला ने बताया कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 19 नवम्बर 1828 को काशी (वाराणसी) में महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण परिवार में हुआ। उनके पिता का नाम मोरोपन्त ताम्बे और माता का नाम भागीरथी बाई था। माता-पिता ने उनका नाम मणिकर्णिका रखा। सभी उन्हें प्यार से **मनु** कहकर पुकारते थे।



पूर्व जिला प्रमुख धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि ग्वालियर में केंद्रीय राज्यमंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के रानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर नमन के बाद उनके वंशजों का दर्द झलका है। जिला संयोजक मयंक अग्रवाल ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई का जन्म मणिकर्णिका तांबे के रूप में 19 नवंबर, 1828 को एक मराठी करहड़े ब्राह्मण परिवार में मोरोपंत तांबे (पिता) और भागीरथी सप्रे (मां) के घर हुआ था।

शिक्षा शास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अर्चना निगम ने कहा कि लक्ष्मीबाई बचपन से ही नाना साहब के साथ खेलती हुई बढ़ी थीं। उनके खिलौने उस समय तलवार, तीर, बरछी, कटार आदि थे। इस अवसर पर नगर सह मंत्री वंशिका मिश्रा, कुलदीप के अतिरिक्त अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बीसीएम मे विधिवत पूजन-अर्चन के साथ गन्ना पेराई का कार्य प्रारंभ

# डीएम के साथ विधायक, सीजीएम डीसीओ ने किया गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के बीसीएम ग्रुप की बलरामपुर चीनी मिल में रविवार को विधिवत पूजन अर्चन के साथ गन्ना पेराई सत्र 2023 - 24 का शुभारंभ मिल के मुख्य प्रधान प्रबंधक द्वारा हवन पूजन के साथ अतिथियों द्वारा डोंगे में गन्ना डालकर किया गया।

जानकारी के अनुसार 19 नवम्बर को बलरामपुर चीनी मिल्स लि0 की बलरामपुर इकाई में पेराई सत्र 2023-2024 का शुभारम्भ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हो गया। इस अवसर पर केन कैरियर पर हवन-पूजन आयोजित किया गया तथा केन कैरियार में गन्ना डालकर पेराई सत्र के शुभारम्भ की घोषणा की गई। मुख्य-यजमान निष्काम गुप्ता मुख्य प्रधान प्रबंधक ने पूजा-अर्चना एवं हवन कराया। पूजा-अर्चना का कार्य पण्डित तिलकधारी पाण्डेय व टीम द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ सम्पन्न करवाया गया। पूजा-अर्चना कार्यकम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सदर विधायक पल्टूराम व विधायक-तुलसीपुर कैलाश नाश शुक्ल रहे । इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी रणजीत सिंह कुशवाह एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुनील कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने सभी किसानो, चीनी मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि चीनी मिल के समय से पेराई चालू कर देने से क्षेत्रीय गन्ना किसानों को बहुत लाभ मिलता है। साथ हीअर्थव्यवस्था का पहिया घूमने लगता है । चीनी मिल के मुख्य प्रधान प्रबंधक निष्काम गुप्ता ने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल सदैव ही गन्ना कृषकों, जनसाधारण एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करती है जो आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि चीनी मिल गन्ना मूल्य भुगतान में भी हमेशा से अग्रणी रही है और आगे भी गन्ना मूल्य भुगतान त्वरित गति से करती रहेगी । इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए अपने-अपने कार्य को मेहनत, लगन तथा सेफ्टी के साथ कार्य करने के लिये कहा।



उन्होंने गन्ना कृषकों से साथ-सुथरा व अगोला, जड़पत्ती रहित गन्ना मिल में आपूर्ति करने की अपील की । साथ ही उन्होंने कृषकों से अपनी पर्ची के अनुसार ही गन्ने की कटाई करने का अनुरोध किया तथा अपील की, कि कृषक पहले से गन्ना काटकर खेतों में न डालें। चीनी मिल की परंपरा के अनुसार पेराई सत्र 2023-2024 के लिये पहली बार डनलप से गन्ना लेकर आये प्रदीप के डनलप व बैलों की एवं ट्रॉली से गन्ना लेकर आये बंशी लाल के ट्रैक्टर ट्रॉली की भी पूजा की गई। साथ ही गन्ना तौलकर किसान को भी सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने हवन पूजा में आहूति दी एवं डोंगे में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2023-2024 के शुभारम्भ हेतु पूजा सम्पन्न कराई। इस अवसर पर पेराई सत्र 2022-2023 में सर्वाधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषकों को माननीय विधायक सदर पल्टूराम जी द्वारा सम्मानित भी किया गया। सम्मानित होने वाले गन्ना कृषकों में श्री राम दत्त, राजित राम, अशोक कुमार सिंह, जगराज सिंह एवं सलिया बेगम रहे। इस शुभअवसर पर चीनी मिल की ओर से प्रधान प्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) राजीव अग्रवाल, प्रधान प्रबंधक (गन्ना) श्याम सिंह, प्रधान प्रबंधक (यात्रिकी) योगेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रधान प्रबंधक (उत्पादन) एस.डी. पाण्डेय, प्रधान प्रबंधक (यात्रिकी) केमिकल व पॉवर एम. के. अग्रवाल, अपर-प्रधान प्रबंधक (वाणिज्य) बी.एन. ठाकुर, उप-प्रधान प्रबंधक (आई0टी0) डी0एस0 चौहान, उप-प्रधान प्रबंधक (क्यू0सी0) उदयवीर सिंह, सहायक प्रधान प्रबंधक (गन्ना) अरुन कुमार श्रीवास्तव, सहायक प्रधान प्रबंधक (गन्ना) दिनेश कुमार शर्मा, सहायक प्रधान प्रबंधक (उत्पादन) ओ.पी. एस. यादव, श्रीनिवास सिंह, संजय कुमार सिंह, योगेन्द्र प्रसाद शुक्ला, सन्तोष राय, के.पी. सिंह, एस.पी. सिंह एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गन्ना कृषक उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विधायक ने संवर्धन शक्ति केंद्र का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। क्षेत्रीय विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने बदलापुर विधानसभा के ग्राम उदपुर गेल्हवा में मनरेगा योजनांतर्गत निर्मित आजीविका संवर्धन शक्ति केंद्र का लोकार्पण किया, साथ ही केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टालों का निरीक्षण व



छोटे बच्चों का अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम के तहत उपहार वितरण किया, बदलापुर विधानसभा के ग्राम उदपुर गेल्हवा में ग्राम चौपाल के माध्यम से उपस्थित गणों को केन्द्र और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओ से अवगत कराया। साथ ही शहीद स्व0 आशुतोष यादव की माताजी और शहीद स्व0 वीरेंद्र प्रसाद सरोज की धर्मपत्नी को सम्मानित किया।सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया।

### जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचायें घर-घर

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। खुटहन विकास खण्ड सभागार में रविवार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पार्टी से जुड़े क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण के बहाने देश और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को घर -घर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम प्रसाद मुखर्जी व पं0 दीन दयाल के चित्र पर पुष्प और दीप प्रज्वलित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास के पायदान पर अन्तिम छोर पर खड़े परिवारों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कटिबद्ध है। जिसको लेकर शासन और प्रशासन धरातल पर काम कर रहा है। कार्यक्रम में खुटहन ब्लाक के अलावा करंजाकला, सुईथाकला, सोंधी विकास खण्ड के प्रमुख और क्षेत्र पंचायत सदस्य भी मौजूद रहे। विधायक द्वारा सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष पुष्प राज सिंह, सुधाकर उपाध्याय,प्रमुख प्रतिनिधि डा0 उमेश चन्द्र तिवारी, ,प्रमुख बृजेश यादव ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव , ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय सिंह, विनीत शुक्ला, संतोष सिंह, तारा प्रणय तिवारी, प्रेमचन्द्र तिवारी राजू सिंह, प्रशांत पाण्डेय, मनोज सिंह अशोक सिंह हृदय नारायण दूबे अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### आशुतोष जायसवाल बने जेसीआई जौनपुर के 60वें अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/जौनपुर। जेसीआई जौनपुर का चुनाव/चयन प्रकिया सम्पन्न निवर्तमान अध्यक्ष और चुनाव अधिकारी डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में तथा संस्था अध्यक्ष दिलीप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार की शाम नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में 2024 के अध्यक्ष के चयन के लिये एक चुनाव/चयन प्रकिया का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ सर्वप्रथम संस्था उपाध्यक्ष सौरभ बरनवाल द्वारा आस्था पाठ करके किया गया।



सर्वप्रथम पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, आलोक सेठ, पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, के.के. जायसवाल, राकेश जायसवाल, धर्मेन्द्र सेठ, गौरव सेठ, संजय बैंकर, रत्नेश गुप्ता ने चयन प्रकिया के विषय में विस्तार से बताया। चुनाव अधिकारी डा. संदीप पाण्डेय ने इस प्रक्रिया के नियमों को बताया। सभी पूर्व अध्यक्षों और संस्था सदस्यों की उपस्थिति में संस्था के वरिष्ठ सदस्य आशुतोष जायसवाल को 2024 के लिये सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए स्वीकार किया गया जिसकी घोषणा अध्यक्ष दिलीप सिंह ने किया। इसके पश्चात नवचयनित अध्यक्ष ने अपने 2024 की सम्पूर्ण कार्ययोजना सभी के समक्ष प्रस्तुत किया और यह विश्वास दिलाया कि आने वाला 2024 कार्यकाल एक स्वर्णिम काल की तरह जाना जायेगा। सदन में उपस्थित सभी लोगों ने माला पहनाकर नये अध्यक्ष आशुतोष जायसवाल का भरपूर स्वागत अभिनंदन करते हुए बधाई दिया। इस कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल जायसवाल, हफिज शाह, संतोष अग्रहरि, अजयनाथ जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव, शिवेंद्र सेठ, संदीप सेठी, हर्ष विक्रम सिंह, विशाल तिवारी, सर्वेश जायसवाल, मनीष चौरसिया, अजय गुप्ता, डा. आनन्द प्रकाश, दिलीप जायसवाल, प्रदीप सिंह, भरत सेठ,जायसवाल,अभिषेक बैंकर आदि उपस्थित रहे।

# छठ महापर्व को लेकर ट्रांस शारदा क्षेत्र में मची धूम

- अस्तगामी सूर्य देव को व्रतधारी महिलाओं ने दिया अर्घ्य
- सरोवर के चारों ओर की गई भव्य सजावट

जन एक्सप्रेस। अजय शर्मा





हजारा। (पूरनपुर)छठ महापर्व को लेकर नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र में धूम मची रही।छठ वेदियों पर व्रतधारी महिलाओं ने पहुंचकर विधि विधान के साथ छठ मैया का पूजन किया। अस्तगामी सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजन किया है। नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र में छठ महापर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में छठ मैया के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा है। घाटो को सुंदर ढंग से सजाया गया। क्षेत्र की व्रतधारी महिलाएं रविवार नवीन वस्त्र धारण कर डूबते सूर्य को अर्क देकर छठ मैया का पूजन करने के लिए शाम 4:00 बजे क्षेत्र के सुतिया नाला, पोखर, तालाब, नदी का किनारा आदि स्थानों पर बनाए गए छठवेदी पर एक डाल में मौसम के सभी फल जैसे सेव, केला, अनानास, संतरा, सिंघाड़ा, नारियल, गन्ना, पकवान, धूप बत्ती, अक्षत डाल में सजाकर सिर पर डाल रख कर घर से छठवेदी तक छठ मैया के मंगल गीत गाते हुए पहुंची। देर शाम तक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।व्रतधारी महिलाएं डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन कर अपने-अपने घर के लिए प्रस्थान कर गई। छठ मैया के पूजन विधान के मुताबिक सोमवार को उगते सूर्य देव को अर्घ देकर व्रतधारी महिलाएं छठ पूजन का पारायण करेंगी।छठ महापर्व एवं पूजन को लेकर हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम सभी छठवेदी पूजा स्थानों पर निगरानी करते हुए भ्रमण करती रही।

#### इन गांवों में सजा रहा छठ वेदी होती रही पूजा अर्चना

नेपाल सीमावर्ती एवं ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणाप्रताप नगर,राजीव नगर,श्रीनगर, गौतम नगर,विजय नगर,मुरैना गांधीनगर,शांति नगर,रामनगर,नेहरू नगर,चंद्र नगर,शास्त्री नगर, सिद्ध नगर,बाजार घाट,टांगिया आदि गांव में छठ बेदी पर क्षेत्र एवं गांव की व्रतधारी महिलाओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना किया है और अपने पुत्र,पति एवं परिजनों की लंबी आयु सुख शांति एवं गांव व क्षेत्र की सलामती के लिए छठ मैया से आशीर्वाद भी मांगा है।

#### कोसी एवं मुंडन कराने की है परंपरा

छठ महापर्व के अवसर पर दंपतियों के द्वारा पूर्व में मनौती के मुताबिक अपने बच्चों का कोसी भरने की भी परंपरा है तो वही छठवेदी घाटों पर बच्चों का मुंडन संस्कार कराने का भी परंपरा है। जिसके मुताबिक तमाम दंपतियों ने कोसी भरने के साथ साथ अपने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया है।

# पुलिस एवं एसएसबी ने की संयुक्त गश्त, चलाया चेकिंग अभियान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



हजारा(पूरनपुर)। भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर छठ महापर्व को लेकर सशस्त्र सीमा बल एवं पुलिस ने संयुक्त रूप से गश्त की। अभियान चलते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बीओपी चौकी कंबोज नगर के असिस्टेंट कमांडेंट आई अमीर एवं हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा सुरक्षा एवं छठ महापर्व को लेकर सीमा पर संयुक्त रूप से पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने गश्त करते हुए चेकिंग अभियान चलाया एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जामा तलाशी लेने के साथ-साथ वाहनों की भी तलाशी ली है।सशस्त्र सीमा बल एवं पुलिस के द्वारा भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय स्तंभ संख्या 33 के सामने गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज,कंबोज नगर आदि में गश्त के उपरांत बृहद चेकिंग अभियान चलाते हुए वाहनों की तलाशी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जामा तलाशी लेते हुए आम ग्रामीणों को सुरक्षा का एहसास दिलाया है।सशस्त्र सीमा बल एवं पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र में चेकिंग अभियान एवं तलाशी अभियान चलाए जाने से अवांछित तत्वों में खलबली मच गई तो वहीं सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण भी सतर्कता बरतते दिखे।


# केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने अलंकार योजना के तहत की घोषणा

- आर्य कन्या इंटर कॉलेज को सांसद निधि से 5 लाख रुपय की धनराशि देने की घोषणा की

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



आज उझानी में केंद्रीय मंत्री के निवास स्थान पर आर्य कन्या इंटर कॉलेज पीलीभीत का एक प्रतिनिधिमंडल निवर्तमान विधयाक किसान लाल राजपूत के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री से मिला और उनसे अनुरोध किया कि वो बच्चियों के हित में विद्यालय कि ईमारत बनाने के लिए अलंकार योजना में अपनी सांसद निधि से 5 लालः रुपय देने कि कृपा करें। जिसको उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और पीलीभीत में शीघ्र ही आने का आश्वासन दिया तथा स्वामी दिव्यांआनंद आश्रम के लिए भैया जी से बात करके अगले सत्संग में आने कि बात कही। प्रतिनिधिमण्डल में निशक्त जान सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृतलाल तथा तेज नारायण आर्य भी उपस्थित रहे। सरकारी नियमों के अंतर्गत संस्थान को 17 लाख रूपये कि धनराशि एकत्र करनी थी ताकि उसे सरकार द्वारा 50 लाख रूपये का अनुदान प्राप्त हो सके। प्रबंद समिति ने ये लक्ष्य प्राप्त कर लिया है और अब विद्यालय के भवन के बनने में कोई रुकावट नहीं आएगी तथा आने वाले 100 वर्षों तक पीलीभीत कि बेटियों का भविष्य सुरक्षित हाथों में पहुँच जायेगा।



# दो दिवसीय दौरे के लिए आज जाएंगे सांसद वरुण गांधी

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पीलीभीत सांसद वरुण गांधी अपने दो दिवसीय जनपद दौरे पर आज यहां आएंगे। इस दौरान वह बीसलपुर व अमरिया ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। सांसद वरुण गांधी सोमवार को प्रातः 6 बजे दिल्ली से चलेंगे। बरेली-बीसलपुर रोड पर जिले की सीमा में प्रवेश करने पर कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। उसके बाद वह बीसलपुर ब्लॉक के ग्राम अभय भगवंतपुर, सोरहा, मझगवां, रड़ेता, रोहनिया भूड़ा आदि ग्रामों में जनसंवाद करेंगे व जनसमस्याएं सुनेंगे। वरुण गांधी 21 नवंबर मंगलवार को सुबह 7 बजे शहर के असम चौराहा स्थित शंकर सॉल्वेंट पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे तथा जनता की समस्याएं सुनेंगे। उसके बाद वह अमरिया ब्लॉक के ग्राम रोहतनिया, रफियापुर, भिंडारा, हरदासपुर, भूड़ा, देवरनिया तुर्कपुर बड़वार आदि ग्रामों में जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात वह दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल ने भारतीय संस्कृति की जड़ों अर्थात भारत की विभिन्न संस्कृतियों को किया प्रस्तुत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





जनपद पीलीभीत के प्रथम सी0 आई0 एस0 सी0 ई0 बोर्ड से संबद्ध गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय में वार्षिक उत्सव (कल्चर्स रुट्स 2023) का आयोजन किया गया। जिसकी थीम के अन्तर्गत अतुल्य भारत कि विविध संस्कृतियों को दर्शाया गया। गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड विद्यालय अपने वार्षिकोत्सव को कल्चर्स के नाम से मनाता आ रहा हैं। जिसके माध्यम से यह भारतीय संस्कृति के कई पहलुओं को दर्शाता आ रहा है। इस वर्ष कल्चर्स रूट्स 2023 के माध्यम से गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल ने भारतीय संस्कृति की जड़ों अर्थात भारत की विभिन्न संस्कृतियों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक त्यौहार जैसे सागा-दावा (सिक्किम), फुलाइच हिमाचल प्रदेश एवं युद्ध कलाओं मार्शल आर्ट्स जैसे मर्दानी खेल महाराष्ट्र, कलारीपयट्टू केरल, थांग-ता मणिपुर, गतका पंजाब व कई राज्यों के सांस्कृतिक नृत्य जैसे - कलबेलिया, कच्ची घोड़ी राजस्थान, गरबा गुजरात को विभिन्न परफॉरमेंसेज़ के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसके अतिरिक्त भारत के ऐसे गुमनाम नायक जो बिना किसी पहचान व प्रसिद्धि के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के सुधार व लोगों के हित हेतु कार्य करते हुए अपना कर्तव्य निभाकर मानवता की मिसाल बने हुए हैं। कामे गौड़ा, जगन्नाथ गजानन्द माने आदि जो कि भारतीय मूल से संबंधित है जिन्होंने समाज कल्याण हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया। कल्चर्स रूट्स 2023 के माध्यम से गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड ने इनकी संघर्ष भरी यात्रा को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में डेविड हिल्टन ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डेविड हिल्टन (हिल्टन इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून) के प्रधानाध्यापक व अखिल भारतीय एंग्लो-इंडियन शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष हैं जो दिल्ली में प्रतिष्ठित फ्रैंक एंथोनी पब्लिक स्कूलों का प्रबंधन करता है। इसके अतिरिक्त डा0 अनुज एस0 सिंह प्रकृति वेली स्कूल देहरादून के प्रधानाध्यापक, बरखेड़ा विधायक प्रवक्तानंद, पीलीभीत जिला वन अधिकारी नवीन खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई व गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल द्वारा भारतीय संस्कृति व इसकी जड़ों से लोगों को रूबरू कराने की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम संयोजन के अंतर्गत एक के बाद एक शानदार व शिक्षा प्रति प्रस्तुति देकर विद्यालय के प्रभावी मेधापूर्ण विद्यार्थियों ने अपना कुशल प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। लगभग 3 घंटे तक चले रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित जनों की सदन व प्रशंसा बटोरी साथ ही साथ उनके पीछे एक - एक व्यक्ति के अक्षम परिश्रम को भी प्रशंसा से शोभायन किया। बच्चों ने अपने-अपने कार्यक्रमों में मानो प्राण फूंक कर हर एक प्रस्तुति को जीवंत कर दिया व छोटे से छोटे एक्ट में भी सटीकता की शोभा दी।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है: प्रदेश अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ़ है अगर आप मजबूती से जनता के बीच में जाओगे और उनकी आवाज बनोगे तो आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता, जनता संप्रदायवाद,जातिवाद बेरोजगारी,दलित उत्पीड़न,महिला उत्पीड़न, गिरती हुई शिक्षा व्यवस्था से बुरी तरह त्रस्त है,जनता वर्तमान सरकार को उत्तर प्रदेश और देश से हटाना चाहती है, हमें जनता की आवाज को मजबूती के साथ उठाने की जरूरत है। हमें उत्तरप्रदेश की सभी अस्सी सीटों पर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के काम को और तेजी से लगने की जरूरत है, जिससे आने वाले समय मे हम अधिक से अधिक सीटों को जीतकर कांग्रेस की सरकार बना कर जन हित मे कार्य को कर सके। उक्त बातें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने जौनपुर में एक निजी कार्यक्रम में आगमन के दौरान बदलापुर विधानसभा में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यवीर सिंह के नेतृत्व में हुए स्वागत के दौरान कहा। ज्ञात हो की शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जौनपुर में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे थे, कार्यकर्ताओं में जगह-जगह फूल माला से उनका स्वागत किया।इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यवीर सिंह ने बदलापुर हाईवे पर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। कुल्हना मोड पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज के नेतृत्व में स्वागत किया गया, आगे अरुणोदय सर्जिकल एवं ट्रामा सेंटर पर यूथ कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अतुल सिंह और डॉ अरुण सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत किया, लाइन बाजार चौराहे पर उत्तर प्रदेश दलित कांग्रेस के उपाध्यक्ष पंकज सोनकर के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, नीरज राय, सिखर द्विवेदी,जयमंगल यादव, विशाल सेठ, राहुल सोनकर, सृजन सिंह, सनी सिंह, सिराज अहमद, दिलदार अहमद, प्रमोद यादव, चंद्रकेश प्रजापती, मन्नू सिंह, अनिल सिंह, सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# विश्व कप में भारत की जीत के लिए विधायक ने क्रिकेट प्रेमियों के संग किया हवन पूजन

- हिंद टॉकीज में सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों के साथ ऑस्ट्रेलिया भारत का फाइनल मैच देखा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर










जिले के शाहगंज विधायक रमेश सिंह ने विश्व कप के फाइनल मैच भारत-ऑस्ट्रेलिया को जीतने के लिए विधान सभा के क्रिकेट प्रेमियों के संग शाहगंज अयोध्या रोड स्थित हिंद टॉकीज परिसर में वैदिक रीति रिवाज के साथ हवन पूजन कर भारत को जीतने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस दौरान हजार की संख्या में पहुंचे क्रिकेट प्रेमी विधायक के साथ हिंद टॉकीज में भारत-ऑस्ट्रेलिया फाइनल मैच देखा लोगों ने पहली बार किसी क्षेत्रीय विधायक के साथ इस तरह क्रिकेट मैच का आनंद लिया और उत्साहित लोगों ने विधायक के साथ जमकर भारत माता की जय के नारे लगाए और सेल्फी भी लिया विधायक ने प्रोटोकाल तोड़ क्रिकेट प्रेमियों के साथ सेल्फी टैटू भी लगवाया उन लोगों के साथ चौंका छक्का लगाने पर ताशा नगाड़े पर थिरके और खूब क्रिकेट का आनंद लिया लोगों के साथ महसूस ही नहीं होने देते थे कि हम विधायक हैं लोग अपने मित्रों की तरह आनंद उठा रहे थे विधायक के साथ क्रिकेट मैच देखने के लिए भाजपा कार्यकर्ता समेत हजार की संख्या में पहुंचे क्रिकेट प्रेमी काफी खुश नजर आए और विधायक की सराहना करते ही रहे परंतु कुछ क्रिकेट प्रेमियों के हाथ निराशा लगी भीड़ अधिक होने के कारण और टॉकीज में सीट भर जाने की वजह से विधायक के साथ मैच नहीं देख पाए और उनके निराशा हाथ लगी वहीं क्रिकेट देखने के लिए हिंद टॉकीज में भाजपा के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह के साथ जिले की पूरी टीम समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। क्रिकेट देखने के दौरान शुरुआती दौर में लोगों ने ताशा नगाड़े पर जमकर थिरके परंतु पहला विकेट गिरने के बाद लोग थोड़ा मायूस हुए परंतु थोड़ी देर बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट गिर जाने से एक बार माहौल में हल्का सा सन्नाटा आया लेकिन विराट कोहली की मौजूदगी लोगों में हौसला अफजाई कर रही थी परंतु अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद विराट कोहली का विकेट गिर जाने के बाद लोग मायूस जरूर हुए परंतु भारत के जीतने के लिए प्रार्थना और दुआएं करते रहे।

#### विश्व कप फाइनल मैच में लोगों के साथ कुछ अलग अंदाज में नजर आए विधायक लोगों ने जमकर की सराहना

रविवार शाहगंज विधायक रमेश सिंह का रुप भारत ऑस्ट्रेलिया विश्व कप फाइनल मुकाबले में कुछ अलग अंदाज में दिखा श्री सिंह लोगों के साथ इस तरीके घुल मिल गए थे जैसे की कोई आम आदमी अपने मित्र के साथ मैच देखने गया हो मैच के दौरान लोगों के साथ बच्चों की तरह कहीं पिपिहिरी तो कही टैटू लगाने के साथ-साथ जमकर भारत माता के जयकारे लगाते करते नजर आए क्रिकेट प्रेमियों ने अपने क्षेत्रीय विधायक का यह खूबसूरत रुप खूब पसंद आया और जमकर सराहना किया कुछ क्रिकेट प्रेमियों ने कहा की आजादी के बाद पहला कोई विधायक मिला है की जिसने अपने प्रोटोकॉल को छोड़कर एक मित्रवत मैच हम लोगों के साथ देखा जो काफी अच्छा लगा इसी तरीके जनप्रतिनिधियों को विकास के साथ लोगों के साथ मिलना जुलना होना चाहिए।

# मठ पूजन के साथ हुआ गोकुल बाबा के सात दिवसीय मेले का श्री गणेश

- जिले के विख्यात मंदिर में हर साल लगता है विशाल मेला
- कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी से एकादशी तक चलता है मेला
- मंदिर में मठ पोतती महिला श्रद्धालु

जन एक्सप्रेस । उन्नाव





शहर की सीमा से सटे मगरवारा गांव स्थित सुप्रसिद्ध गोकुल बाबा के सात दिवसीय मेले का श्री गणेश रविवार मठ पूजन के साथ शुरू हो गया। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ का दर्शन पूजन के लिए मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं में मंदिर पहुंच पर चावल के घोल से मंदिर का मठ पोत कर परिवार की खुशहाली व स्वास्थ्य की कामना की। बता दें कि मगरवारा गांव स्थित प्रसिद्ध गोकुल बाबा मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि से देवोत्थानी एकादशी तक लगने वाले वार्षिक मेले में यहां श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। ग्रामीण जन श्रुतियों के अनुसार गोकुल बाबा के अधूरे विवाहोत्सव के अवसर पर यह मेला लगता है। शनिवार शाम को तेल पूजन के बाद रविवार को मठ पूजन के साथ मेले का शुभारंभ हो गया। मेले के दौरान मगरवारा, दयालखेड़ा, मासवासी, सराय, गलगलहा, देवीखेड़ा, अकरमपुर समेत आस पास के गांवों में उत्सव सा माहौल रहता है। मेले के साथ दिनों में क्षेत्र के घरों में तवा नहीं चढ़ता है। मसलन इन दिनों पूड़ी पकवान जैसे व्यंजन ही बनाए जाते हैं। क्षेत्रीय लोग अपने बच्चों मुंडन और कर्ण छेदन जैसे मांगलिक कार्यक्रम भी मेले में ही करवाते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर कमेटी के लोगों के साथ ही भारी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की जाती है।

### छुट्टी के चलते मेले में उमड़ी भीड़

रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण मेले में दर्शनार्थियों की अपार भीड़ देखने को मिली। बाबा के दर्शन के बाद मेले में आई दुकानों में लोगों चाट आदि का स्वाद लिया साथ ही झूलों का भी लुत्फ उठाया। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन और गृह उपयोगी वस्तुओं की भी जम कर खरीददारी की।

### सप्तमी पर रहेगी हवन करने वालों की भीड़

सप्तमी तिथि पर आस पास गांवों के आस्थावान पुरुष भोर पहर अपने अपने घरों से दंडवत करते हुए मंदिर पहुंचते हैं। इसके लोग मंदिर पहुंच कर सांकल्य की आहुतियां हवन कुंड में समर्पित करेंगे।

## दर्दनाक : करंट की चपेट में आने से चार मासूम भाई-बहनों की मौत

- बिलखते परिजन, मासूमों की मौत का सबब बना पंखा
- फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से हुआ हादसा
- बारा सगवर थाना क्षेत्र के लालमन खेड़ा गांव में रविवार शाम हुई घटना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




बारा सगवर थाना क्षेत्र में रविवार शाम हुई दर्दनाक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। दरअसल हुआ यूं कि घर के बाहर रखे फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में एक बच्चा आ गया। उसे बचाने के प्रयास में एक एक कर उसकी दो बहने और एक भाई भी उसके साथ चिपक गया। इससे पहले कि कोई देख पता चारों बच्चों की मौत हो गई। घटना की जानकारी से परिजनों समेत पूरे गांव में मातम छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक बारा सगवर थाना क्षेत्र के लालमन खेड़ा निवासी वीरेंद्र पुत्र स्व. द्वारिका के दरवाजे पंखा रखा था। पास ही उसके बच्चे मयंक (9) हिमांशी (8) हिमांक (6) और मानसी (4) खेल रहे थे। इसी दौरान एक बच्चा फर्राटे में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। किसी बड़े को बुलाने के बजाय उसे छुड़ाने के प्रयास में एक एक कर अन्य तीनों भी पंखे के करंट की चपेट में आ गए जिससे सभी चारों की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का जब ध्यान गया तो बच्चों को चिपका देख उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। तार हटाने के बाद बच्चों को छुटाया गया तब तक सभी के प्राण पखेरू हो गए। परिजनों की चीख पुकार सुन कर ग्रामीणों का मजमा लग गया। एक साथ एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया। हादसे की सूचना पर एसओ दिलीप प्रजापति मौके पर पहुंचे। परिजनों से जानकारी लेते हुए उन्होंने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संदिग्ध हालातों में फैक्ट्री श्रमिक की मौत, गेट पर शव रख किया प्रदर्शन

- सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा स्थित सरिया फैक्ट्री का मामला
- दो लाख मुआवजा और अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार पर हुआ समझौता
- फैक्ट्री गेट पर बैठी महिलाएं व परिजनों से बात करते सदर विधायक

जन एक्सप्रेस । उन्नाव




सदर कोतवाली के मगरवारा गांव स्थित एक सरिया फैक्ट्री में एक श्रमिक की शनिवार शाम संदिग्ध हालातों में मौत होने पर प्रबंधन ने शव घर पहुंचा दिया। रविवार सुबह दो ट्रैक्टर से परिजन और ग्रामीण शव लेकर फैक्ट्री गेट पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। दोपहर बाद सदर विधायक के पहुंचने पर दोनों पक्षों में दो लाख रुपए मुआवजा व अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार नगद देने पर समझौता हुआ। जिसके बाद परिजन बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गए। माखी के थाना गांव का रहने वाला मुकेश (32) पुत्र स्व. श्रीराम पासी सदर क्षेत्र के मगरवारा स्थित सरिया फैक्ट्री आरएचएल में ठेकेदारी पर मजदूरी करता था। ड्यूटी के दौरान शनिवार को संदिग्ध हालातों में उसकी मौत होने पर प्रबंधन ने शाम तकरीबन सात बजे शव घर पहुंचाया हालांकि परिजनों के पूछने के बावजूद मौत का कोई सटीक कारण नहीं बताया। प्रबंधन के रवैए से नाराज परिजन और ग्रामीण दो ट्रैक्टर से शव लेकर फैक्ट्री गेट पहुंचे। जहां गेट पर शव रख कर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। दो घंटे तक परिजन और प्रबंधन में चली वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। उधर शव रख प्रदर्शन की सूचना पर मगरवारा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन भीड़ के गेट पर ही सीमित होने के चलते मूक दर्शक बनी रही। दोहपहर बाद सदर विधायक पंकज गुप्ता पहुंचने पर दोनों पक्षों के बीच दो लाख मुआवजा और अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार नगद देने पर समझौता हुआ। इसके बाद परिजन बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए चले गए। मुकेश की अचानक हुई मौत पर पत्नी सोनी, मां शिवकाना, दो बच्चे विशाल और महक समेत परिजन रो रोकर बेहाल हैं। मृतक दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई दिनेश नोएडा में नौकरी करता है।

## रोटी बैंक ने मजदूरों में बांटा भोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

रोटी बैंक वर्ष 2019 से प्रत्येक रविवार को राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में कैंप लगाकर तमाम मजदूरों, गरीब निराश्रितों को दाल, चावल, आचार, आलू, सब्जी, रोटी, पूड़ी और मीठे मे बूंदी समेत पूरी थाली का भोजन कराती है। रविवार को चार साल पूरे होने पर पदाधिकारियों ने केक काटा। जिसके बाद जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस मौके पर प्रदीप शुक्ला, आनन्द वर्मा, दिलीप मिश्रा, महेश पाण्डेय, अरूण तिवारी, विनय सिंह, श्रीप्रकाश मिश्रा, अरविंद तिवारी, बालेश शर्मा, शिवम पाण्डेय, दीपेन्द्र अवस्थी, बृजेश मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, दीपक मौजूद रहे।

## 'काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, रूपी विकार ही भगवान का आहार है'




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला एवम् माखन चोरी के प्रसंग में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पं0 शिवा कान्त महाराज ने बताया कि माखन ही लोभ है ब्रज गोपिकाओं के अंदर काम क्रोध लोभ मोह मद मत्सर अहंकार रूपी जो विकार थे माखन के रूप में उन्हें चुराकर ब्रज गोपिकाओं को जन्म जन्मांतर के लिए पवित्र कर दिया जब भगवान श्री कृष्ण ने माटी खाई तो मैया यशोदा ने कहा अपना मुंह दिखाइए कहा तब प्रभु ने अपना मुंह खोलकर दिखाया तो संपूर्ण ब्रह्मांड दिखाई दिया समस्त श्रोता समाज को सनातन के प्रति सच्ची निष्ठा एवं सनातन के प्रति सदैव समर्पित रहने की शपथ दिलाई पं0 शिवा कान्त जी महाराज का कथा मंच से ऐलान जल्द ही होगा सनातन संगठन का गठन निश्चित होगी ड्रेस कोड अब सनातनी अपनी स्वयं रक्षा कर सकेंगे आज की कथा में छप्पन भोग लगाया गया कार्यक्रम में आज व्यास पूजन किया फिल्म डायरेक्टर मुंबई अक्षय गुप्ता, रचिता गुप्ता, कार्यक्रम में प्रधान यजमान ने व्यास पूजन कर व्यास जी को माला पहनाकर सम्मानित किया रामचंद्र गुप्ता, अंजू मिश्रा, डॉक्टर राजेंद्र सिंह, प्रोफेसर शिखा सिंह, राजेश गुप्ता, अमरीश गुप्ता, आज की कथा में कथा व्यास के परिवार के भी सदस्य आज उपस्थित हुए कथा वाचक अंतरराष्ट्रीय पं0 शिवा कान्त जी महाराज की धर्म पत्नी गायत्री त्रिवेदी मन्नो पुत्री आयुषी गुन्नू त्रिवेदी पुत्र वेदांत त्रिवेदी, पिंकू द्विवेदी, अमित त्रिवेदी, हरी ओम शुक्ला, कथा की पूरी जानकारी दी महाराज के पीआरओ पं0 उत्तम शुक्ला कथा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## समाजसेवियों को विधानसभा अध्यक्ष ने किया सम्मानित




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ओम जन सेवा संस्थान द्वारा महारथी सम्मान समारोह जेके कालोनी स्थित रामौतार महाना सामुदायिक केंद्र में आयोजित हुआ जहां पर शहर के महारथियों को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न सामाजिक कार्यों में कार्य करने वालों लोगों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर सतीश महाना ने कहा कि ओम जन सेवा संस्थान द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित हुआ है वह बेहद सराहनीय है और जो लोग सम्मानित हुए हैं वाकई में वो सम्मान के हकदार हैं जो मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

## प्रजापति महासभा के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

प्रजापति महासभा के पदाधिकारियों द्वारा दिव्यांशी गार्डन बर्रा चौराहा कानपुर नगर पर मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सामूहिक विवाह समारोह संगठन की मजबूती प्रजापति समाज की शैक्षिक आर्थिक एवं सामाजिक मजबूती पर चिंतन किया गया वरिष्ठ पदाधिकारी ने अपने-अपने सुझाव व्यक्त किये सामूहिक विवाह समारोह के लिए कमेटी गठित की गई संयोजक सुंदरलाल प्रजापति सहसंयोजक राजीव चक्रवर्ती प्रजापति राजेश प्रजापति संजय प्रजापति शैलेश प्रजापति अन्नु प्रजापति आकाश प्रजापति काली प्रसाद प्रजापति शिव पूजन प्रजापति अशोक प्रजापति एवं प्रजापत समाज की समस्याओं के निराकरण हेतु लीगल सेल पांच सूची कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष दीनदयाल प्रजापत एडवोकेट को मनोनीत किया गया सभा की समुचित सूचनाओं के लिए राजेश प्रजापति राजीव चक्रवर्ती प्रजापति एवं मीडिया प्रभारी आकाश प्रजापति को मनोनीत किया गया सभी पदाधिकारी बैठक के यजेंडे के अनुसार अपने-अपने कार्यों की सूची अगली बैठक में लिखित रूप से सौपेगे इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति प्रमुख महासचिव मदनपाल प्रजापति वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश वर्मा प्रजापति, सुंदरलाल प्रजापति दीनदयाल प्रजापति राजेश प्रजापति राजीव प्रजापति हरी लाल प्रजापति शोभित प्रजापति संजय प्रजापति संरक्षक सीताराम प्रजापति दीपक प्रजापतिअनूप प्रजापति राजाराम प्रजापति सुनील प्रजापतिआदि सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी की जयंती

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर कॉंग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर द्वारा देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इन्दिरा गांधी जयन्ती के पावन अवसर पर मेस्टन रोड स्थित इन्दिरा प्रतिमा स्थल को तिरंगे झंडो व रंग बिरंगे फूलो से भव्य रुप से सजाने के पश्चात शहर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर दत्त मिश्र की अध्यक्षता मे आयोजित पुष्पांजलि सभा मे प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात जबतक सूरज चांद रहेगा इंदिरा जी का नाम रहेगा के गगन भेदी नारो के मध्य पूर्व विधायक भूधर नारायन मिश्र ने कहा कि इंदिरा गांधी भारत की ऐसी महान शक्तिशाली नेता थी जिनके नेतृत्व का लोहा सारी दुनिया ने माना, दुनिया के 136 देशो ने उनके नेतृत्व को स्वीकार कर ''विश्वनेत्री'' का खिताब दिया था। इन्दिरा गांधी का दूरदृष्टि, पक्का इरादा और अनुशासन का सास्वत सिद्धान्त आज भी देश की सर्वांगीण विकास के लिये प्रासंगिक है। पुष्पांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी ने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व की क्षमता थी कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के सातवें बेड़े की न सिर्फ धज्जियां उड़ा कर रख दी बल्कि एक लाख पाकिस्तानी फौजों का आत्मसमर्पण करा कर पाकिस्तान को दो टुकड़ों मे बांट दिया था और बांग्लादेश का निर्माण करा कर पाकिस्तान की कमर हमेशा के लिए तोड़ कर रख दी थी। सभा को सम्बोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन मोहन शुक्ल व आलोक मिश्र ने कहा कि इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते है कि इंदिरा जी अपने देश को इतना प्यार करती थीं कि उन्होंने देश के लिए खुद का बलिदान दे दिया पर देश की एकता-अखंडता पर आंच नहीं आने दी। कार्यक्रम का संयोजन वार्ड अध्यक्ष रामजी दुबे व अमिताभ दत्त मिश्र ने संयुक्त रूप से किया और सभा संचालन आशुतोष शुक्ला ने किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, दिलीप शुक्ला, अतहर नईम, लल्लन अवस्थी, विकास सोनकर, डा0 संतोष त्रिपाठी, श्यामदेव सिंह,, रमाकांत मिश्र, चन्द्रमणि मिश्र, ध्रुवनारायन तिवारी, हाजी इम्तियाज रईस, मदन मिश्रा, हाजी अफजाल अहमद, हरीश गुप्ता, जावेद जमील उस्मानी, नीरज द्विवेदी, महेन्द्र सिंह भदौरिया, संजय दीक्षित, मो0 आसिफ, संजय शाह, मेराज अहमद, सुरेश बक्शी, आरके त्रिपाठी, रमेश विद्यार्थी, विनय जायसवाल, विशाल सोनकर, मुन्ना खां, अनिल गुप्ता, पीएल विनोदिया, शांतनु दीक्षित, संजय विनोदिया, रविन्द्र बाजपेई, राजेन्द्र सिंह टिल्लू, हिमांशू मिश्रा, बिपिन तिवारी, प्रमोद गुप्ता, प्रकाश जाटव, ओमप्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ0 रवि सचान, डॉ0 रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इसके साथ ही अन्य डॉक्टरों ने भी मरीजों का परीक्षण किया। डॉक्टरों ने बताया कि मेले के दौरान 54 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाइयां बांटी गई है। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। वहीं मेले में आये खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की जांच की गई। तथा शरीर स्वस्थ बनाने के लिए हेल्थी और पोस्टिक भोजन करने की सलाह दि है।

## किसान मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने को तैयार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



भाजपा किसान मोर्चा क़ानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की कार्यसमिति से पूर्व भाजपा मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कहा की भाजपा किसान मोर्चा का एक एक कार्यकर्ता 2024 के आम चुनाव मे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है ।कामेश्वर सिंह ने कहा की भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश मे गौ आधारित प्राकृतिक खेती का अभियान चला रही है उन्होंने कहा कि जब से भारत देश में हरित क्रांति का आगमन हुआ है तब से रासायनिक उर्वरक से रासायनिक उर्वरकों हानिकारक कीटनाशकों हाइब्रिड बीजों के अंधाधुंध उपयोग एवं भूजल के अत्यधिक दोहन के फल स्वरुप हमारे खेत उसर हो रहे हैं। जलस्तर तेजी से गिर रहा है खेत का हल व किसान मित्र केंचुआ गायब हो गया है इसी लिए किसान मोर्चा किसानों के बीच जाकर बताएगा कि प्राकृतिक के कृषि में देसी बीज ही प्रयोग करें हाइब्रिड बीजों से अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे। 2024 चुनाव के संदर्भ मे कहा कुछ देश विरोधी शक्तियां प्रधानमंत्री मोदी को नाना प्रकार की भ्रांतियां फैलाकर प्रधानमंत्री बनने से रोकना चाहती हैं किसान मोर्चा2024 आम चुनाव तक खेत खलिहान से लेकर किसानों के घर-घर तक संपर्क संवाद अभियान चला कर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे नकारात्मक विषयों को उजागर करेगा मुख्य रूप से किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विपुल त्यागी, रामानंद कटियार रामबाबू द्विवेदी,श्याम बिहारी गुप्ता, शिव प्रकाश सिंह(कल्लू भैया), अभिषेक वर्मा ग्रामीण जिला अध्यक्ष संदीप बाजपेई, अनुज दीक्षित, रवि सिंह सहित किसान मोर्चा के सदस्य एवं सभी जिलों के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहे।

## छठ पूजा पर श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर किया स्नान

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

रविवार शाम चार बजे से ही गंगातट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। छठ महापर्व को देखते हुए पालिका की ओर से गंगातट पर बिजली की व्यवस्था के अलावा नावों की लगाया गया था। शाम को श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर स्नान किया। छठ पर्व के चलते महिलाएं निर्जला व्रत रखे थीं। जहां छठ में अस्त और उदित होते सूर्य की पूजा होती है। उदित सूर्य एक नए सवेरे का प्रतीक है। अस्त होता हुआ सूर्य केवल विश्राम का प्रतीक है। इसलिए छठ पूजा के पहले दिन अस्त होते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य देते हैं। वहीं लोगों ने गंगा में खड़े होकर ऊँ ऐहि सूर्य सहस्त्रांशों तेजोराशे जगत्पते अनुकंपये माम भक्त्या गृहणार्घ्यं दिवाकरः, ऊँ ह्रीं ह्रीं सूर्याय, सहस्त्रकिरणाय मनोवांछित फलं देहि देहि स्वाहाः का जाप किया। वहीं आज सुबह उगते हुये सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। उसको लेकर भी तैयारियां की गई हैं। छठ महापवर्य को लेकर घाटों पर होने वाली भीड़ को देखकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक वंदोवस्त किये। वहीं डीएम अपूर्वा दुवे, एडीएम (न्यायिक) विकास सिंह, एमडीएम नम्रता सिंह, और सीओ सिटी आशुतोष छठ पर्व को लेकर पूजा सम्पन्न होने तक प्रशासनिक कैंप में मौजूद रहे। जो वार-वार मातहतों के साथ घाटों का निरीक्षण कर. सुरक्षा का जायजा लेते रहे। गंगाघाट कोतवाल राजकुमार भी भारी पुलिस बल के साथ घाटों पर सुरक्षा को लेकर गश्त करते रहे। लेखपाल मनोज यादव और एसवीएम प्रभारी भी वरावर नाव में बैठकर बैरीकेडिंग के अंदर ही पूजन करने के लिए लोगों को जागरूक करते रहे।

## शिवराजपुर पुलिस ने पप्पू यादव के एक और हत्यारे को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




थाना शिवराजपुर पुलिस ने बीते दिन रविवार को विजय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू यादव की हत्या के आरोप में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बीती आठ नवम्बर को थाना शिवराजपुर पर वादी मुकदमा शिवप्रताप सिंह पुत्र विजय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू यादव निवासी ग्राम सुक्खा निवादा (हरनू) थाना शिवराजपुर द्वारा सूचना दी गयी थी कि उनके पिता पूर्व प्रधान विजय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू यादव को सात नवम्बर की शाम आठ बजे के आसपास वर्तमान प्रधान रणजीत यादव एवं उसके भाई राजेश यादव व सोनू यादव के द्वारा अपने सहयोगी साथियो के साथ मिलकर ईट, साबर व डण्डे से जान से मारने की नियत से सिर पर कई वार किये गये थे जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये थे जिनका इलाज परिजनो के द्वारा आरोग्य हॉस्पिटल न्यू शिवली रोड कल्यानपुर में कराया जा रहा था। मामले में उक्त प्रकरण के थाना शिवराजपुर पर आठ नवम्बर को मु0अ0स0 310/2023 धारा 307 भा0द0वि0 बनाम रणजीत यादव आदि पंजीकृत हुआ था। विवेचना के दौरान उक्त अभियोग मे अन्य दो अभियुक्त 1. रज्जा यादव उर्फ अजीत यादव वा निखिल यादव का भी नाम प्रकाश में आया है। तथा विवेचना के दौरान नामित आरोपी राजेश यादव को बीती नौ नवम्बर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उक्त अभियोग से सम्बंधित मजरूब विजय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू यादव की सत्रह नवम्बर की प्रातः इलाज के दौरान आरोग्य हॉस्पिटल में मृत्यु हो गयी थी तदोपरान्त उक्त अभियोग में धारा 147/148/149/302/34 भा0द0वि0 मे तरमीम किया गया तथा दिनांक 18.11.2023 को उक्त अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त रज्जा यादव उर्फ अजीत यादव पुत्र भगवंत स्वरूप यादव उर्फ भूरा यादव निवासी ग्राम रमेल नगर थाना बिठूर कानपुर नगर को बिठूर अण्डर पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# समस्त मनोकामनाओं को शीघ्र पूर्ण करने वाला महापर्व छठ पूजा

**जन एक्सप्रेस । विशेष**





राजीव नंदन मिश्र

सूर्य षष्ठी व्रत अर्थात छठ पूजा समस्त पर्व व त्यौहारों से अलग है। इसकी अपनी अलग विशेष महता के कारण ही इसे पर्व नहीं बल्कि महापर्व कहा गया हैं। इस व्रत में छठी मैया एवं भगवान सूर्यनारायण का विशेष रूप से पूजन किया जाता हैं। छठ पूजा बिहार राज्य में धूम धाम से मनाया जाता रहा है। लोगों की मनोकामना शीघ्र पूर्ण होने व मनवांछित इच्छा शीघ्र पूर्ण होने से इस व्रत के प्रति लोगों का विशेष आकर्षण हमेशा रहा हैं और यही कारण है कि इसे भारत के प्रत्येक हिस्सों में हर्ष व उल्लास के साथ मनाया जाता हैं। पिछले कुछ वर्षों से छठ की छटा भारत के कोने-कोने के अलावा सात समुंदर पार से भी देखने को मिला हैं। अमेरिका सहित विश्व के अन्य कई भागों में आज इसे विशिष्टता, विश्वास एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह महापर्व अपने आप में आस्था, लोकसंस्कृति एवं एकता को समेटे हुए हैं। इस पर्व को मनाने के लिए दूर दराज के क्षेत्रों में नौकरी-व्यवसाय आदि करने वाले लोग अपने घरों को वापस लौटते हैं। अन्य अलग-अलग कामनाओं के साथ लोग इस व्रत को करते हैं। छठी मइया एवं सूर्य देव भी अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते।वे अपने भक्तों की झोली खुशियों से शीघ्र भरते हैं। इस बात को कहने में जरा भी संदेह नहीं है की हमारी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखने में हमारी माता व बहनों का विशेष ध्यान रहा हैं। इस महापर्व की भी जीवंतता इन्ही सबों से है। इनके कंठ से प्रस्फुटित होने वाले लोकगीतों से ही इस पर्व में पूजन करने की परंपरा रही हैं। इस व्रत में लोककंठ के गीतों से भव्य पूजन एवं अर्घ्य अर्पित किया जाता है। छठ पर्व में न तो कोई अपनी अमीरी दिखा सकता है और न ही किसी की गरीबी दिखती है।सभी समभाव होकर इस व्रत को विधिपूर्वक करते हैं।

### खरना के दिन व्रती दिन भर आहार नहीं लेतीं

छठ पूजा कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है इस व्रत को करने वाले व्रती को चार दिनों तक विशेष नियमों का ध्यान रखना होता है। इस व्रत का प्रथम चरण चतुर्थी तिथि से प्रारंभ हो जाता है। इस दिन व्रती का नहाए-खाए होता है। नहाए खाए के दिन व्रती विशेष रूप से घर की साफ सफाई करते हैं। चारों तरफ पवित्रता का पूरा ध्यान रखा जाता है। स्नान आदि के बाद सात्विक आहार ग्रहण किया जाता है। गेहूँ के आटे की रोटी,चने की दाल आदि इस दिन का विशेष आहार होता हैं। उसके अगले दिन पंचमी तिथि को खरना होता है। खरना के दिन व्रती दिन भर आहार नहीं लेते हैं। शाम के समय सात्विक आहार में गुड़ की खीर जिसे बखीर भी कहा जाता है या लौकी की खीर आदि ग्रहण करते हैं। इस दिन प्रसाद स्वरूप इस आहार को अपने मित्र या पड़ोसी को निमंत्रित कर श्रद्धा पूर्वक ग्रहण भी कराया जाता हैं। षष्ठी तिथि को निर्जला व्रत किया जाता हैं। बांस की टोकरी जिसे बहँगी कहा जाता है उसमें पूजन सामग्री नैवेद्य हेतु फल, ठेकुआँ आदि रखा जाता है। घर का कोई सदस्य नया वस्त्र धारण करके इस बहँगी को दोपहर बाद नदियों के किनारे तक पहुंचाते है।व्रती संध्या के समय घाट पर पूजन करती हैं। अपने गीतों-भजनों से सूर्य देव छठी मैया को प्रसन्न करते हैं। भगवान आदित्य देव के अस्त होने की समय नदी में प्रवेश कर अर्घ्य देकर आशीष की कामनाएं करती हैं। अस्ताचलगामी सूर्य की अंतिम किरण को जल में दूध डालकर अर्घ्य दिया जाता हैं। रात भर जागरण के पश्चात यही अर्घ्य प्रक्रिया अगले दिन सप्तमी तिथि को दुहरायी जाती हैं परंतु इस दिन उगते सूर्य को अर्घ्य निवेदित किया जाता हैं। इसके पश्चात घर-घर प्रसाद का वितरण करवाया जाता है। इस प्रकार से इस व्रत की संपूर्णता होती हैं।

### जोड़े में कोसी भरना बहुत शुभ माना जाता है

छठ पूजा में कोसी भरने की भी परंपरा पुराने समय से ही रही हैं। जोड़े में कोसी भरना बहुत शुभ माना जाता है। सूर्यषष्ठी की संध्या में छठी मइया एवं सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद घर के आंगन में कोसी का श्रद्धा पूर्वक पूजन किया जाता है। पाँच गन्ने की समूह का छत्र अर्थात मंडप जैसा बनाया जाता है। कोसी भराई में इस्तेमाल किये गए पांच ईख पंचतत्व होते हैं। ये भूमि, वायु, जल, अग्नि और आकाश का प्रतिनिधित्व करते हैं। मंडप छत्र बनाने के बाद लाल रंग का कपड़ा लेकर उसमें फल, केराव, ठेकुआ, अर्कपात, रखकर गन्ने की छत्र से बांध या टांग दिया जाता हैं।उसके अंदर कुम्हार द्वारा दिये गये गणेश स्वरूप का हाथी रखकर उस पर घड़ा रखा जाता है। उसे दीपों से सजाया जाता हैं। मिट्टी के हाथी को सिन्दूर लगाकर घड़े में मौसमी फल व ठेकुआ, अदरक, सुथनी आदि सामग्री रखी जाती है। उसके बाद कोसी के चारों ओर अर्घ्य की सामाग्री से भरी सूप, डगरा, डलिया, मिट्टी के ढक्कन व तांबे के पात्र को रखकर दीया जलाया जाता हैं। अग्नि में धूप डालकर हवन भी किया जाता हैं। यही प्रक्रिया अगले सुबह नदी घाट पर दोहरायी जाती है। अर्घ्य देने के बाद अर्पित प्रसाद नदी में प्रवाहित कर श्रद्धालु ईखों को लेकर घर लौट जाते हैं।

### ये है पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार,श्रीरामचंद्र जी ने लंका के राजा रावण का वध विजया दशमी को किया। दीपावली को वे वापस अपने राज्य अयोध्या लौट आए।अयोध्या आने के बाद भगवान श्रीराम और माता सीता ने रामराज्य की स्थापना के लिए इस व्रत को किया और विधिपूर्वक सूर्य देव की पूजा अर्चना की थी। एक और पौराणिक कथा के अनुसार प्रियंवद एक महान राजा थे। उनका साम्राज्य हर प्रकार से सम्पन्न था। उनके राज्य में आने वाला अतिथि कभी निराश होकर नहीं लौटता था। हर तरह से संपन्नता थी परंतु राजा को कोई पुत्र नहीं था। पुत्र न होने के कारण वे हमेशा दुखी रहते थे। उन्होंने संतान प्राप्ति हेतु महर्षि कश्यप से यज्ञ करवाया। यज्ञ समाप्ति होने पर महर्षि ने प्रसाद स्वरूप यज्ञ का हविष्य राजा की पत्नी मालिनी को ग्रहण करने को दिया। समयोपरांत पुत्र हुआ पर दुर्भाग्यवश वह मृत पैदा हुआ। प्रियंवद एवं रानी मालिनी बहुत दु:खी हुए। राजा अपने मरे हुए पुत्र को लेकर श्मशान गए एवं सम्पूर्ण सृष्टि को स्मरण करते हुए कि न जाने कौन सा पाप मुझसे हो गया है अब ऐसा जीवन जीने से क्या लाभ सोचकर पुत्र वियोग में अपने प्राण त्यागने लगे इसी समय ब्रह्मा जी की मानस पुत्री देवसेना प्रकट हुई और उन्होंने राजा से कहा कि वह उनकी पूजा करें उन्होंने कहा कि मैं देवी सृष्टि के मूल प्रवृति के छठे अंश से उत्पन्न हुई हूं इसलिए मुझे षष्ठी देवी कहा जाता है। आप हमारी पूजा करें। राजा प्रियंवद एवं मालिनी ने प्रसन्नता पूर्वक उनका पूजन किया।

### सुख और सौभाग्य प्रदान करने वाला यह व्रत प्रत्येक दृष्टिकोण से लाभप्रद ही रहा

सुख और सौभाग्य प्रदान करने वाला यह व्रत प्रत्येक दृष्टिकोण से लाभप्रद ही रहायह व्रत अपनी सभ्यता एवं संस्कृति का भी परिचायक हैं। नदीयों एवं घाटों का सफाई होने से जल का प्रवाह भी सही हो जाता हैं। स्वच्छता का एक महान संदेश इस महापर्व में छुपा हुआ हैं। सूर्य देव,उषा काल,सायं काल,जलके देवता वरुण,एवं वायु देवता के प्रति भी आभार का यह एक मनोरम व मनोहारी समय होता हैं। इसमें घी का दीपक जलाया जाता हैं। घी का दीपक एक तरफ प्रदूषण कम करता है वही यह रोगाणुओं को भी नष्ट करने की क्षमता रखता हैं। कुल मिलाकर हजारों वर्ष पुराने इस धार्मिक महापर्व से वैज्ञानिक युग को भी एक बहुत बड़ी सिख मिलती हैं। इस पर्व को लेकर लोगों में एक खास उत्साह होता है हर घरों को तो साफ किया ही जाता हैं गलियों को,नदी घाटों को भी साफ कर रंगोली बनाया जाता हैं एवं पुष्प से दुल्हन की तरह सजाया जाता हैं। लाइट की व्यवस्था भी की जाती हैं। व्रतियों को किसी प्रकार का कोई कष्ट न हो इस बात का ध्यान न व्रती के घर के व्यक्ति बल्कि पूरे मोहल्ले के व्यक्ति भी रखा करते हैं। व्रतियों का आशीष पाना भी अत्युत्तम होता हैं। एक ऐसा राज्य जो न केवल उदित सूर्य को अर्घ्य देता हैं, उनका पूजन करता हैं बल्कि वह डूबते हुए सूर्य को भी अर्घ्य देता है, सूर्य देव के हर रूप का पूजन करता हैं। इस पर्व की परंपरा को प्रारंभ करने का श्रेय बिहार के लोगों को जाता हैं और आज पूरा विश्व इस परंपरा को अपना रहा हैं। अमेरिका में पोटोमैक नदी के किनारे सैकड़ों लोग जुटकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं। अमेरिका के ही कैलिफोर्निया में बसे कई परिवार क्वारी झील में भगवान भास्कर को अर्घ्य देते हैं।वर्जिनियां,इंग्लैंड,नेपाल, मॉरीशस अन्य कई देशों में इस व्रत को मनाया जाने लगा हैं। वास्तव में यह व्रत अनूठा हैं। छठ के मौके पर कई जगह भगवान सूर्य की मूर्तियाँ स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की जाती हैं। मेले का भी आयोजन इस मौके पर होता हैं। भगवान सूर्य देव एवं छठी मैया के इस व्रत को करने से घर सदैव सभी सद्गुणों, वैभवताओं धन-पुत्रादि से सदा भरा रहता हैं। इस व्रत का वैज्ञानिक महत्व भी है अस्ताचलगामी और उगते सूर्य को अर्घ्य देने के से जो रोशनी शरीर पर पड़ती है उसके प्रभाव से कोई चर्म रोग नहीं होता या होने की आशंका कम हो जाती है। इस व्रत में नदियों और घाटों की सफाई से जल निर्मल होता है। यह पर्व स्वच्छता का संदेश तो देता ही है साथ ही साथ प्रकृति को संरक्षित करने उसे मानवीय क्रूरता के शिकार हो रहे प्राकृतिक स्रोतों का बचाने का भी संदेश देता है। सुख और सौभाग्य प्रदान करने वाला यह व्रत प्रत्येक दृष्टिकोण से लाभप्रद ही रहा है।

## गाजा के पीड़ितों के लिए भारत ने भेजी आपात सहायता सामग्री

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



इजराइल-हमास जंग के बीच भारत ने फिलिस्तीनियों की मानवीय मदद के लिए 32 टन जरूरी सामान सी-17 एयरक्राफ्ट के जरिए मिस्र भेजा है। दूसरी तरफ, यूएन ने बताया है कि अल-शिफा अस्पताल में अब भी 25 स्टाफ, 291 मरीज और 32 नवजात मौजूद हैं। इन बच्चों की हालात बेहद गंभीर है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने घोषणा की है कि गाजा का अल-शिफा अस्पताल डेथ जोन बन चुका है। डब्लू ने अस्पताल को खाली करने की योजना की भी जानकारी दी। शनिवार को सैकड़ों लोगों ने अल-शिफा अस्पताल खाली कर दिया। दूसरी तरफ, अमेरिकी मीडिया वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इजराइल, अमेरिका और हमास के बीच बंधकों को आजाद करने के लिए जल्द ही डील होने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, कतर के जरिए हो रहे इस समझौते के तहत बंधकों को छोड़ने के बदले 5 दिन का सीजफायर हो सकता है। वहीं व्हाइट हाउस प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल कोई डील नहीं हुई है।

### इजराइली रक्षा मंत्री बोले- सिर्फ अपनी जान बचाना चाहता है हमास

पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल पर जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय की तरफ से लगातार दबाव बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा- गाजा और उसके बाहर मौजूद हमास के लोग हमारे लिए जिंदा लाश हैं। हमास चीफ इस्माइल हानिये का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा- चाहे हमास लड़ाके के हाथ में राइफल हो या चाहे उसने सूट पहन रखा हो, हमारे लिए सब एक जैसे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा- हम जमीनी ऑपरेशन के दूसरे स्टेज में हैं और सेना जल्द ही साउथ गाजा में भी हमास तक पहुंच जाएगी। हमास अपनी सुरंगों, बंकर और ठिकानों को खो रहा है। हम उनके कई सीनियर कमांडरों को मार गिरा चुके हैं। हमास सिर्फ लड़ाई की ही भाषा जानता है। उसका इकलौता मकसद अब अपनी जान बचाना है। हम अपने बंधकों को भी जल्द छुड़ा लेंगे।

### इजराइल में 30 हजार लोगों ने नेतन्याहू का ऑफिस घेरा

इजराइल में तेल अवीव से शुरू हुई रैली शनिवार देर रात यरुशलम पहुंची। इसमें लगभग 30 हजार लोग शामिल हुए, जिन्होंने नेतन्याहू के ऑफिस को घेर लिया। इन लोगों की मांग है कि सरकार जल्द से जल्द हमास की कैद से बंधकों को छुड़ाए। इजराइली मीडिया यरुशलम पोस्ट से एक बंधक की मां ने कहा- हम पांच दिन से लगातार चल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा- मेरे पैर दर्द कर रहे हैं, कंधे दर्द कर रहे हैं, पर उतना नहीं जितना मेरा दिल दुख रहा है। मुझे और चलना पड़ा तो मैं और चलूंगी। गाजा जाना पड़ा तो वहां भी जाऊंगी। बंधकों के परिवार वालों की मांग है कि सरकार उन्हें बताए कि वो लोगों को छुड़ाने के लिए क्या कर रही है। वहीं, इजराइली सेना गाजा में घुसती जा रही है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक आईडीएफ गाजा पट्टी के जबालिया और जैतूम इलाके तक पहुंच चुकी है। सेना साउथ गाजा के लोगों को इलाकों को खाली कर अब पश्चिम में जाने को कह रही है।

### अरब देश इजराइल की बनाई मुसीबत से नहीं निपटेंगे

मिडिल ईस्ट के देश जॉर्डन ने कहा है कि जंग के बाद अरब देश गाजा में पीस कीपिंग मिशन के लिए अपने सैनिक नहीं भेजेंगे। जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने कहा कि गाजा में मुसीबत इजराइल ने पैदा की है, लोग रोज मारे जा रहे हैं। इजराइल ये उम्मीद न करे कि अरब देश इससे पैदा होने वाली समस्याओं से निपटने में उसकी मदद करेंगे।

### यूएन के स्कूल पर हमला, 50 की मौत

गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री ने दावा किया है इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में अल-फखूरा नाम के एक स्कूल पर अटैक किया, इसमें 50 लोगों की मौत हो गई। इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा में भी खान यूनिस इलाके पर स्ट्राइक की थी। इसमें दर्जनों लोग मारे गए थे। इससे पहले इजराइली सेना की कार्रवाई के बीच मरीजों और स्टाफ ने गाजा के अल-शिफा अस्पताल को खाली करना शुरू कर दिया। कतर मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक मरीज और स्टाफ पैदल ही सफेद झंडे लेकर उत्तरी गाजा छोड़कर निकल रहे हैं। इसी बीच एक फिलिस्तीनी महिला अबु शनाब ने अलजजीरा को बताया कि अस्पताल छोड़ रही महिलाओं की कपड़े उतरवाकर तलाशी ली जा रही है। शनाब के मुताबिक इजराइली सेना ने कई लोगों को बंधक भी बनाया है। उन्हें न तो पानी दिया जा रहा है और न ही खाना। वहीं, अल-शिफा के डॉक्टर ने दावा किया था कि इजराइली सेना ने अल-शिफा अस्पताल खाली करने के लिए 1 घंटे का समय दिया है। आईडीएफ ने इन दावों को खारिज कर दिया है।

## केसीआर पर बरसे भाजपा प्रमुख नड्डा

### कहा, 30 नवंबर को वोटिंग के बाद '30 प्रतिशत कमीशन सरकार' की विदाई तय



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तेलंगाना में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि बीआरएस की सरकार 30 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार है। उन्होंने दावा किया कि 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद बीआरएस को बोरिया बिस्तर समेटना पड़ेगा। नड्डा ने सत्तारूढ़ दल के विधायकों पर राज्य सरकार की दलित बंधु योजना में 30 प्रतिशत कमीशन वसूलने का आरोप लगाया।

### भाजपा की सरकार बनने पर करप्शन की जांच

मतदान से पहले चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को तेलंगाना की जनता से भाजपा का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने नारायणपेट में भाजपा की रैली में यह भी आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना ने मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के लिए ÷एटीएम के रूप में काम किया÷ और यह ÷भ्रष्टाचार का प्रतीक÷ बन गया। उन्होंने कहा कि भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच करेगी और दोषियों को जेल भेजेगी।

### तेलंगाना में ईंधन की कीमतें सबसे अधिक

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर वोटों की खातिर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए, भाजपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एक विशेष समुदाय के आरक्षण को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करने के अलावा उर्दू को दूसरी आधिकारिक भाषा बनाने का फैसला लिया। नड्डा ने यह भी आरोप लगाया कि तेलंगाना में मंदिरों की भूमि का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। प्रदेश में महंगाई के आरोप लगाते हुए नड्डा ने दावा किया कि तेलंगाना 8.5 प्रतिशत मुद्रास्फीति से जूझ रहा है। ईंधन की कीमतें देश में सबसे ज्यादा हैं।

### 30 फीसदी कमीशन लेने के आरोप

बीआरएस विधायकों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए नड्डा ने सवाल किया कि ऊक्या बीआरएस विधायकों ने दलित बंधु योजना की राशि में 30 प्रतिशत कमीशन नहीं लिया? क्या आपने (केसीआर) विधायकों की बैठक में नहीं कहा कि विधायक 30 प्रतिशत कटौती कर रहे हैं? उन्होंने जनता से भाजपा का समर्थन करने की अपील की और कहा कि 30 प्रतिशत कमीशन सरकार को नवंबर में विदा कर देना चाहिए। प्रदेश में भाजपा सरकार को चुनना चाहिए।

### क्या है तेलंगाना सरकार की योजना, 10 लाख तक की मदद मिलती है

गौरतलब है कि तेलंगाना सरकार की 'दलित बंधु' योजना बीआरएस की एक प्रमुख दलित कल्याण योजना है। इसके तहत प्रति लाभार्थी को उसकी पसंद का कोई भी व्यवसाय शुरू करने के लिए राज्य सरकार 10 लाख रुपये की दर से वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

## बढ़ते किराये पर भी ममता बनर्जी ने सरकार को घेरा

## यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रेलवे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने रविवार को अपने एक बयान में कहा कि रेलवे को यात्रियों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही उन्होंने रेलवे के बढ़ते किराये की भी आलोचना की और कहा कि सरकार को किराये में कमी करनी चाहिए। ममता बनर्जी भी पूर्व में रेल मंत्री रह चुकी हैं। ट्रेनों के बढ़ते किराये पर उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा हो जाता है कि ट्रेनों का किराया हवाई किराये से भी ज्यादा चला जाता है।

### सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकार पर साधा निशाना

सोशल मीडिया पर लिखी एक पोस्ट में ममता बनर्जी ने लिखा यह देखना दुखद है कि रेल का किराया तेजी से बढ़ रहा है और कई बार रेल का किराया हवाई किराये से भी ज्यादा हो जाता है। ऐसे में आपातकालीन स्थिति में आम आदमी कहां जाएगा? किराये में कटौती की जानी चाहिए और यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि देश में रेल दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। ममता बनर्जी ने सवाल किया कि उनके कार्यकाल के दौरान पेश किए गए दुर्घटना रोधी उपायों और उपकरणों का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने लिखा कि मेरे बतौर रेल मंत्री के कार्यकाल में दुर्घटना रोधी उपकरण पेश किए गए थे, साथ ही कई अन्य उपाय किए गए थे लेकिन अब उन्हें इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है? जबकि किराये में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

## नेपाल के भूकंप प्रभावित जाजरकोट में ठंड से पांच की मौत, 3 नवंबर को 6.4 तीव्रता से कांपी थी धरती

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



नेपाल के भूकंप प्रभावित जाजरकोट जिले में कड़ाके की ठंड के कारण अस्थायी तंबू में रह रहे दो महिलाओं समेत पांच बुजुर्गों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि तीन बुजुर्गों में एक पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। उनकी शनिवार को मौत हो गई, जबकि दो अन्य की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि सभी पांच बुजुर्गों ने अलग-अलग तंबुओं के नीचे शरण ली थी, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में जिले में आए विनाशकारी भूकंप के कारण उनके घर रहने लायक नहीं रह गए थे। दरअसल, जाजरकोट में 3 नवंबर को 6.4 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें कम से कम 153 लोग मारे गए थे और हजारों लोग बेघर हो गए थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, जजरकोट में 34,000 से अधिक परिवार अस्थायी तंबू के नीचे रह रहे हैं, क्योंकि भूकंप से उनके आवास पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कठोर परिस्थितियों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील लोगों में बच्चे, नई माताएं, पुरानी बीमारियों से ग्रस्त रोगी और बुजुर्ग आबादी शामिल हैं।

## साबित हुआ तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा, कुमारस्वामी के आरोपों पर बोले मुख्यमंत्री सिद्धारमैया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकारी अधिकारियों के तबादले के एक भी मामले में अगर यह साबित हो जाता है कि उन्होंने पैसे लिए हैं तो वह राजीनति से संन्यास ले लेंगे। दरअसल, जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने उन पर और उनके बेटे पर **तबादले के बदले पैसे** का रैकेट चलाने का आरोप लगाया है। सिद्धारमैया की टिप्पणी इन्हीं आरोपों पर सामने आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के तबादले के बदले पैसे लेने के मामले कुमारस्वामी के कार्यकाल के दौरान हुए। कुमारस्वामी के हमलों के जवाब में सिद्धारमैया ने कहा, मैंने आपसे कहा है कि इसके (कुमारस्वामी के आरोप) बारे में न पूछें। क्या मैंने पहले ही इसका जवाब नहीं दिया है? उन्हें कई बार ट्वीट (एक्स पर पोस्ट) करने दें। वह बता रहे हैं कि उन्होंने (मुख्यमंत्री के रूप में) अपने कार्यकाल के दौरान क्या किया। मुख्यमंत्री ने कहा, वह (कुमारस्वामी) उस पैसे के बारे में बोल रहे हैं जो उन्होंने (कुमारस्वामी और जेडीएस नेताओं ने) अपने कार्यकाल के दौरान तबादलों के लिए लिए थे। हमारे कार्यकाल में हमने कोई पैसा नहीं लिया है। मैं पहले ही कह चुका हूं कि अगर यह साबित हो जाता है कि मैंने ट्रांसफर के एक भी मामले में पैसा लिया है तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उन्होंने कहा, उन्हें सौ बार ट्वीट करने दीजिए, मैं जवाब नहीं देना चाहता। कुमारस्वामी ने हाल ही में यतींद्र और सिद्धारमैया के बीच फोन पर हुई बातचीत को जोड़ने की कोशिश की थी, जिसे सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया था, जिसमें पोस्टिंग/ट्रांसफर के लिए नकदी घोटाले का आरोप लगाया गया था। हालांकि, मुख्यमंत्री और उनके बेटे ने इस आरोप को सही तरीके से खारिज कर दिया है। अपना हमला जारी रखते हुए कुमारस्वामी ने यहां तक आरोप लगाया कि एक अधिकारी, जिसके नाम का जिक्र मुख्यमंत्री और उनके बेटे के बीच फोन पर बातचीत में किया गया था, हाल ही में जारी पुलिस निरीक्षकों की तबादले की सूची में शामिल था। यतींद्र पर सुपर मुख्यमंत्री की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए जद (एस) नेता ने एक वीडियो क्लिप को लेकर सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग भी की थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर **एक्स** पर कई पोस्ट में सिद्धरमैया पर आरोप लगाया कि वह मैसूर जिले में अपने वरुणा निर्वाचन क्षेत्र को अपने बेटे यतींद्र को आउटसोर्स कर रहे हैं।

## मोदी वाली गारंटी नहीं चाहिए : राहुल गांधी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बूंदी**

राहुल गांधी ने आज राजस्थान में गोठड़ा (बूंदी) और दौसा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय का नारा लगता है, लेकिन ये भारत माता कौन है? मुझे पता लगाना है कि भारत माता में कौन-कौन लोग हैं। जिनसे भारत माता है वो आदिवासी कितने, गरीब कितने, अमीर कितने, मैं ये जानना चाहता हूं। अगर हमें इस देश में मालूम ही नहीं कि गरीब कितने, अमीर कितने तो भारत माता की जय का मतलब क्या है। इसलिए इस देश को एक क्रांतिकारी काम करना है। हमें जातिगत जनगणना करवानी पड़ेगी। देश में पिछड़ों की आबादी लगभग 50 प्रतिशत है, लेकिन दलितों को चलाने में इनकी कोई भूमिका नहीं है। देश को विधायक या सांसद नहीं चलाते। देश को सरकार के अफसर चलाते हैं। नेता चुनाव हारते हैं, लेकिन अफसर कभी बदला नहीं जाता। इसलिए मैंने पार्लियामेंट में सवाल पूछा नरेंद्र मोदी जी से कि आप अपने आप को ओबीसी कहते हो, लेकिन देश को जो 90 अफसर चलाते हैं उसमें से ओबीसी, दलित, आदिवासी कितने हैं? नरेंद्र मोदी कुछ नहीं बोले। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी लगातार अपने उद्योगपति मित्रों का पैसा माफ कर रहे हैं। उन्होंने 14 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया है। मोदी ने कोविड के समय पिछड़े, दलितों और आदिवासियों को मरवा दिया।

### नरेंद्र मोदी जाति जनगणना नहीं कर सकते

कुछ भी हो जाए नरेंद्र मोदी जाति जनगणना नहीं कर सकते क्योंकि मोदी अडानी के लिए कर सकते हैं। जाति जनगणना केवल राहुल गांधी और कांग्रेस कर सकती है। जिस दिन जाति जनगणना हो गई और जिस दिन आदिवासी, दलितों को ये जनगणना की बात समझ आ गई। उस दिन ये देश बदल जाएगा। अब देश को बदलने का समय आ गया है। दो हिंदुस्तान बन गए हैं। एक अरबपतियों का हिंदुस्तान। दूसरी तरफ किसान जब कर्जा माफ करने की बात करता है तो बीजेपी के प्रदेश में दो लाठी लगती है, अंदर कर देते हैं। छोटा दुकानदार कर्जा मांगते हैं तो उसे भगा दिया जाता है।

### कुली ने कहा, सारे सपने नरेंद्र मोदी ने तोड़ दिए

इस देश का युवा सुबह उठता है कहता है मैं पढ़ाई करना चाहता हूं, स्कूल जाता है पता लगता है प्राइवेट स्कूल है, कॉलेज में लाखों रुपए लगते हैं। मुझे रेलवे स्टेशन पर एक कुली मिला। कहता- मेरे सारे सपने नरेंद्र मोदी ने तोड़ दिए। मैंने इंजीनियरिंग करने का सपना देखा था, मजदूर पापा से बड़ी मुश्किल से पैसे लिए। इसके बाद प्राइवेट कॉलेज में गया, पढ़ाई की, सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री ली, लेकिन आज मैं कुली का काम कर रहा हूं। ये एक नहीं ऐसे हजारों युवा हैं जिन्हें ठगा जा रहा है।

### हमें नहीं चाहिए अडानी का हिंदुस्तान

हिंदुस्तान के बड़े उद्योगपतियों में से एक दलित या आदिवासी दिखा दो, मैं भाषण बंद कर दूंगा। आपके सामने चोरी हो रही है 24 घंटे। इसलिए हम एक हिंदुस्तान बनाना चाहते हैं। हमें नहीं चाहिए अडाणी का हिंदुस्तान, भारत माता की जय का हिंदुस्तान। जिसमें पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों की इज्जत हो। ठीक है 90 अफसरों में से पिछड़ों को 45 नहीं मिले, लेकिन 25-30 तो मिले। इसलिए राजस्थान की सरकार ने 7 गारंटी दी है, लेकिन ये मोदी वाली गारंटी नहीं है कि 15 लाख बैंक अकाउंट में डाल देंगे। कोविड के समय थाली बजाइए, मजे लीजिए, मोबाइल फोन की लाइट ऑन कीजिए। वहां लाखों लोग मरते रहे, नरेंद्र मोदी ने बाहर सभी को लाकर नचा दिया। चलो कोविड फैलाओ और मरो। पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को मरवा दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)